जबलपुर, शुक्रवार
दिनांक 06 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 249
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**

'हर सुबह खुद को साबित करने का और अपनी दिशा निर्धारित करने का एक नया अवसर लाती है'

2 पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय...
5 गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी में मचा...
7 बिना रहम के ईरान पर मिसाइलों...
11 नगरपालिका परिषद का शताब्दी...

# सामुदायिक सहभागिता पर आधारित जल संरक्षण और प्रबंधन में मध्यप्रदेश कर रहा है श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत : सीएम डॉ. यादव

## केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल ने मध्यप्रदेश की जल संचय की पहल को सराहा

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। देश की कई महत्वपूर्ण नदियों के उद्गम स्थल होने के साथ ही प्रदेश में 250 से अधिक नदियां हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर जल संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन के लिए देश में आरंभ हुआ जल संचय-जन भागीदारी अभियान सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहराण बन गया है। मध्यप्रदेश ने इस अभियान के प्रथम चरण में 2 लाख 79 हजार जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। द्वितीय चरण में भी मध्यप्रदेश में 64 हजार 395 कार्य प्रगति पर हैं और 72 हजार 647 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। इस प्रकार 1 लाख 37 हजार 42 संरचनाओं के साथ प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गुरूवार को आयोजित संयुक्त वीडियो कॉन्फ्रेंस को मंत्रालय भोपाल से संबोधित कर रहे थे। जल संचय-जन भागीदारी की व्यापक समीक्षा के लिए आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सभी संभागायुक्त और जिला कलेक्टर्स शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री श्री पाटिल ने अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सामुदायिक सहभागिता पर आधारित जल संरक्षण और सतत् जल प्रबंधन में देश के



सम्मुख श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूजल स्त्रोतों के दोहन के कारण गिरते हुए भूजल स्तर, प्राचीन जल संग्रहण संरचनाओं के क्षरण और नदियों के कम होते प्रवाह के प्रति हम पूर्णतः सजग है। इसलिए मध्यप्रदेश ने जल संचय-जन भागीदारी की राष्ट्रीय पहल को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आत्मसात करते हुए राज्य स्तर पर इसे व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से जिन नदियों का उद्गम है, उनके जल का स्त्रोत प्रदेश के वन हैं। यह नदियां अन्य राज्यों की कृषि और अन्य आर्थिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इस प्रकार प्रदेश की नदियों का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान है। इस दृष्टि से राज्य में विद्यमान वनों के रखरखाव के लिए राज्य सरकार को केन्द्र की ओर से अतिरिक्त आर्थिक सहयोग की अपेक्षा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के लिए खेत-तालाबों और नए सरोवरों का निर्माण किया गया है। भू-जल संवर्धन के लिए कुओं का पुनर्भरण किया गया है। शहरी क्षेत्रों और वन क्षेत्रों में भी वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया है। औद्योगिक इकाइयों को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित किया गया है। नदियां निर्मल और अविरल रहे, यह हमारी प्रतिबद्धता है और इसके लिए अभियान के अंतर्गत प्रमुख नदियों में गिरने वाले प्रदूषित नालों की पहचान कर उनके शोधन की याजना बनाई गई है। पाठशालाओं में जल के संबंध में विभिन्न गतिविधियों जैसे चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, जल शपथ तथा रैलियों का आयोजन किया गया है। पानी के दक्षतापूर्ण उपयोग को भी अभियान के अंतर्गत प्रोत्साहित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रत्येक जिला, प्रत्येक ग्राम और प्रत्येक शहर इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाए और जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए। केंद्र, राज्य सरकार और जनसहयोग से हम जल सुरक्षा के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

### नीतीश कुमार समेत राजग के पांच उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल किया

**पटना (वार्ता)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से पांच उम्मीदवारों ने गुरूवार को राज्यसभा चुनाव के लिये नामांकन पत्र दाखिल किया। राजग की ओर से जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री श्री कुमार और मौजूदा राज्यसभा सदस्य रामनाथ ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शिवेश कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने नामांकन पत्र दाखिल किया. मुख्यमंत्री श्री कुमार और अन्य राजग उम्मीदवार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बिहार विधानसभा पहुंचे ज़रूरी प्रकिया पूरी करने के बाद श्री कुमार और चार अन्य राजग उम्मीदवारों ने राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

### राहुल ने ईरान में हो रही घटनाओं को लेकर मोदी की चुप्पी पर जताई हैरानी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी-इजरायली हमले के कारण ईरान में हो रही घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर हैरानी जताई है। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज दुनिया एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है और आगे और भी कठिन परिस्थितियाँ हैं। उन्होंने लिखा कि भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

# ट्रंप की युद्ध संबंधी शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में ख़ारिज

## वार पावर्स रेजोल्यूशन को सीनेट में 53 बनाम 47 मतों से पारित

वॉशिंगटर्न (वार्ता)

ईरान के खिलाफ जारी सैन्य कार्रवाई के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध संबंधी शक्तियों को सीमित करने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट ने खारिज कर दिया है। वार पावर्स रेजोल्यूशन को सीनेट में 53 बनाम 47 मतों से पारित किया गया, जिसमें अधिकांश सांसदों ने पार्टी लाइन के अनुसार मतदान किया। इस प्रस्ताव के तहत राष्ट्रपति को ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान जारी रखने से पहले कांग्रेस की अनुमति लेना अनिवार्य किया जाना था। यदि यह प्रस्ताव पारित हो जाता तो कांग्रेस की औपचारिक मंजूरी के बिना ईरान में आगे की सैन्य कार्रवाई प्रभावी रूप से रोक दी जाती। अमेरिकी युद्ध मामलों के मंत्री पीट हेगसेथ ने संकेत दिया है कि यह संघर्ष आठ सप्ताह या उससे अधिक समय तक चल सकता है, जो पहले बताई गयी समय-सीमा से अधिक हो सकता है।



### प्रस्ताव के खिलाफ मतदान

मध्यमार्गी रिपब्लिकन सुसान कॉलिन्स (मेन) और लीसा मर्कोव्स्की (अलास्का) ने भी प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया, हालांकि उन्होंने सैन्य अभियान को लेकर सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया। कॉलिन्स ने कहा कि प्रस्ताव पारित होने से ईरान को गलत संदेश जा सकता है और संघर्ष में शामिल अमेरिकी सैनिकों की स्थिति कमजोर पड़ सकती है।

### राष्ट्रपति के अधिकारों का बचाव

दूसरी ओर रिपब्लिकन नेताओं ने राष्ट्रपति के अधिकारों का बचाव करते हुए कहा कि कमांडर-इन-चीफ के रूप में राष्ट्रपति को कांग्रेस की औपचारिक युद्ध घोषणा के बिना भी सैन्य कार्रवाई का आदेश देने का अधिकार है। अमेरिका में यह बहस ऐसे समय हो रही है जब 28 फरवरी से शुरू हुए ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत अमेरिका और इज़रायल ने ईरान के कई ठिकानों पर हमले किये हैं।

### सैन्य कार्रवाई शुरू करते समय कांग्रेस को दरकिनार किया

डेमोक्रेट पार्टी के अधिकांश सांसदों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने सैन्य कार्रवाई शुरू करते समय कांग्रेस को दरकिनार किया और युद्ध के औचित्य पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी। उनका कहना था कि लंबे युद्ध की संभावना वाले निर्णयों में सांसदों की सीधी भूमिका होनी चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकांश सांसदों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि चल रहे संघर्ष के दौरान राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करना अमेरिका की रणनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। मतदान के दौरान दो सांसदों ने अपनी-अपनी पार्टी से अलग रुख अपनाया।

### पावर्स एक्ट के प्रावधानों का हवाला

यह प्रस्ताव वर्जीनिया के डेमोक्रेटिक सीनेटर टिम केन सहित कुछ सांसदों द्वारा पेश किया गया था और इसमें 1973 के वार पावर्स एक्ट के प्रावधानों का हवाला दिया गया था, जिसके तहत कांग्रेस सैन्य कार्रवाई समाप्त करने पर मतदान की मांग कर सकती है। सीनेट में मतदान से पहले डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने कहा कि अमेरिकी जनता पश्चिम एशिया में लंबे युद्धों से थक चुकी है और किसी नये बड़े युद्ध में जल्दबाजी से बचना चाहिए।



# इजराइल-ईरान जंग जल्द खत्म हो: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छह दिनों से जंग जारी है। अल जजीरा के मुताबिक, इस संघर्ष में अब तक 5000 से ज्यादा बम गिराए हैं।

**सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं, ईरान में अब तक 1000 लोगों की मौत**

### भारत ने आधिकारिक तौर पर खामेनेई के निधन पर जताया शोक

**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारत ने ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई के निधन पर गुरुवार को आधिकारिक तौर पर शोक जताया। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने राजधानी में ईरानी दूतावास जाकर भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहअली से बात की और वहां रखी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ईरानी दूतावास जाकर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैय्यद खामेनेई के निधन पर भारत के लोगों और सरकार की तरफ से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किया।

## 3 बच्चों समेत 30 लोगों की डूबने से मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में होली के दूसरे दिन मनाई जाने वाली धुलेड़ी इस साल कई परिवारों के लिए गहरा दुख लेकर आई। राज्य के अलग-अलग जिलों से तालाब, झील, नहर और नदियों में डूबने की दर्दनाक घटनाएं सामने आईं, जिनमें 3 बच्चों समेत 30 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। करीब 10 अलग-अलग जगहों पर हुए इन हादसों ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया। धुलेड़ी के दिन लोग रंग खेलने के बाद अक्सर नहाने के लिए जल स्त्रोतों की ओर जाते हैं, लेकिन कई बार यही खुशी भारी हादसे में बदल जाती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब उत्सव का दिन कई घरों के लिए शोक में बदल गया। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, राज्य के कई जिलों में अलग-अलग जगहों पर डूबने की घटनाएं हुईं। अहमदाबाद शहर में 4 लोगों की मौत हुई, जबकि अहमदाबाद जिले के मांडल में 3 बच्चों की जान चली गई।



## बंगाल के राज्यपाल और लद्दाख के उपराज्यपाल का इस्तीफा

### ममता बोलीं- मुझे गृहमंत्री ने बताया आरएन रवि नए गवर्नर होंगे, ये केंद्र का एकतरफा फैसला

नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। उधर,मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है। बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था।



## ईरान संघर्ष में अमेरिकी सेना के भारतीय बंदरगाहों के इस्तेमाल के दावे को भारत ने किया खारिज

नयी दिल्ली (वार्ता)

अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के बीच भारत ने उन दावों को नकार दिया है जिनमें कहा गया था कि ईरान के खिलाफ हमले में अमेरिका भारतीय बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहा है। यह प्रतिक्रिया एक पूर्व अमेरिकी कर्नल के उस दावे के बाद आयी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिकी नौसेना मौजूदा संघर्ष में भारतीय बंदरगाहों का सहारा ले रही है। अमेरिकी चैनल वन अमेरिका न्यूज नेटवर्क (ओएएनएन) को दिये साक्षात्कार में कर्नल डगलस मैकग्रेगर ने कहा, हमारे सभी ठिकाने नष्ट हो गये हैं। हमारे बंदरगाह प्रतिष्ठान नष्ट हो गये हैं। हमें वास्तव में भारत और भारतीय बंदरगाहों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जो आदर्श स्थिति से कम है। नौसेना का यही कहना है और मुझे लगता है कि हमारी निराशा के बावजूद ईरान बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सवाल यह है कि हम इसे कब तक जारी रख सकते हैं? इस दावे को फर्जी बताते हुए पीआईबी तथ्य जांच ने एक्स पर पोस्ट किया, अमेरिका स्थित चैनल वन अमेरिका न्यूज नेटवर्क पर अमेरिकी सेना के पूर्व कर्नल डगलस मैकग्रेगर ने एक बयान दिया है, जिसमें कहा गया है कि चल रहे ईरान-अमेरिका संघर्ष में अमेरिका ईरान पर हमला करने के लिए भारतीय नौसेना के



ठिकानों का इस्तेमाल कर रहा है। यह दावा फर्जी है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने भी मैकग्रेगर के दावे को खारिज कर दिया। एक्स पर एक पोस्ट में मंत्रालय ने लिखा, च्फेक न्यूज अलर्ट! अमेरिका स्थित चैनल ओएएनएन पर किये गये दावे कि अमेरिकी नौसेना भारतीय बंदरगाहों का उपयोग कर रही है फर्जी और झूठे हैं। हम आपको ऐसे निराधार और मनगढ़ंत बयानों के प्रति आगाह करते हैं। गौरतलब है कि बुधवार को 100 से अधिक नाविकों को ले जा रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर हिंद महासागर के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने हमला किया था। भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 में अपनी भागीदारी पूरी करने के बाद ईरानी नौसैनिक फ्रिगेट आईआरआईएस डेना ने वापसी के लिए निकला था।

# ईरानी युद्धपोत: भारतीय नौसेना ने कहा मदद का संदेश मिलते ही शुरू कर दिए थे बचाव के प्रयास

नयी दिल्ली (वार्ता)

हिन्द महासागर में श्रीलंका के निकट बुधवार को अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर अमेरिकी हमले को लेकर उठ रहे सवालों के बीच भारतीय नौसेना ने स्पष्ट किया है कि मदद का संदेश मिलते ही उसने खोज और बचाव प्रयास शुरू कर दिए थे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने ईरान के इस युद्धपोत पर बुधवार को टारपीडो से उस समय हमला किया जब यह भारत में पिछले महीने आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा समारोह और मिलन अभ्यास में शामिल होने के बाद वापस लौट रहा था। इस युद्धपोत पर ईरानी नौसेना के करीब सवा सौ नौसैनिक सवार थे। नौसेना ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि बुधवार तड़के आईआरआईएस डेना से एम आर सी सी कोलंबो को एक संकट संदेश मिला था। यह युद्धपोत गाले से 20 समुद्री मील पश्चिम में उस खोज और बचाव क्षेत्र में था जो श्रीलंका की



जिम्मेदारी के अंतर्गत आता है। भारतीय नौसेना ने वक्तव्य में कहा है कि सूचना मिलते ही भारतीय उसने तुरंत अपने खोज और बचाव प्रयास शुरू किए और दस बजे एक लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान को भेजा, ताकि श्रीलंका द्वारा संचालित खोज अभियान को सहयोग दिया जा सके। इसके अतिरिक्त, हवा से गिराए जा सकने वाले लाइफ राफ्ट से लैस एक अन्य विमान को भी तत्काल तैनाती के लिए तैयार रखा गया। इसके अलावा पास के क्षेत्र में तैनात आई एन एस तरंगिनि को भी बचाव प्रयासों में सहायता के लिए तैनात किया गया और वह चार बजे तक खोज क्षेत्र में पहुंच गया।

### समुद्री जहाज के मामले में भारत को लेना चाहिए कोई स्टैंड: पायलट

राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंती सचिन पायलट ने ईरान और अमेरिका-इजरायल युद्ध पर जल्द विराम लगने की उम्मीद करते हुए कहा है कि पूरी दुनिया में भारत की स्थिति हमेशा एक समझदार संजीदा और एक परिपक्व राष्ट्र की रही है लेकिन अमेरिका के द्वारा हमारे तटीय इलाके में गिराये गये समुद्री जहाज के मामले में हमारी सरकार और देश को कोई स्टैंड लेना चाहिए। श्री पायलट गुरुवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने ईरान अमेरिका युद्ध पर कहा कि लगातार जो हिंसा हो रही है। उम्मीद है कि जल्द इसका अंत होगा, और जो नुकसान जान माल का हो रहा है, उस पर विराम लगेगा। उन्होंने कहा कि जो घटनाक्रम बहुत तेजी से बदला वह हम सबके सामने है। भारत ने हमेशा एक निष्पक्षता का व्यवहार रखा है और पूरी दुनिया में भारत की स्थिति हमेशा एक समझदार संजीदा और एक बड़े परिपक्व राष्ट्र की रही है और उस पर हमें कायम रहना चाहिए।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का हुआ आयोजन






शहडोल (स्वतंत्रमत)।

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी एवं भौतिकी विभाग द्वारा, मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के समन्वय से 27 एवं 28 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का आयोजन उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और अनुसंधान के प्रति अभिरुचि को प्रोत्साहित करना था। द्वितीय दिवस 28 फरवरी को रंगोली, मॉडल, पोस्टर, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी तथा स्टार्टअप इनोवेटिव आइडिया प्रेजेंटेशन जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रारंभ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 एवं 41वें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन के पुरस्कार समारोह का प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया तथा महिला वैज्ञानिकों पर आधारित प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ नागेंद्र चंदवंशी, सह प्राध्यापक, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने जैव प्रौद्योगिकी की नवीन खोजों और उनके पर्यावरण एवं स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में योगदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं डॉ ओमप्रकाश सरकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, लुलेआ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (स्वीडन) ने जैव ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा की वैश्विक संभावनाओं पर विद्यार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि वैज्ञानिक चिंतन और नवाचार की संस्कृति को सुदृढ़ करने का संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे परंपरागत ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से समाजोपयोगी अनुसंधान को आगे बढ़ाएँ।

कुलगुरु ने कहा कि आज की वैश्विक चुनौतियाँकृजैसे जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँकृवैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही हल की जा सकती हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय में अनुसंधान-आधारित शिक्षा, स्टार्टअप संस्कृति और अंतर्विषयक शोध को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

समापन सत्र में विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. प्रवीण शर्मा, वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ उमा सिंह एवं डॉ श्वेता चतुर्वेदी, प्राचार्य शासकीय माध्यमिक विद्यालय मेंडकी, जिला उमरिया की गरिमामयी उपस्थिति में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अंत में संयोजक डॉ योगिता बसेने ने मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद, विश्वविद्यालय के कुलगुरु, अतिथियों एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय यह आयोजन वैज्ञानिक चेतना, नवाचार और ज्ञान-संवाद का सशक्त उदाहरण बनकर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कलेक्टर ने साक्षरता संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा हेतु जारी किया दिशा-निर्देश

## साक्षरता संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा 14 मार्च को

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के समस्त संकुल प्राचार्य, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं सचिव विकासखंड साक्षरता समिति जनपद शिक्षा केंद्र को 14 मार्च को आयोजित होने वाली साक्षरता संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा हेतु दिशा निर्देश जारी किया है। जारी दिशा- निर्देश में कहा गया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अप्रैल 2022 से वर्ष 2027 तक संचालित किया जा रहा है। प्रौढ़ शिक्षा के तहत नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा दिनांक 14 मार्च को आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु संकुल प्राचार्य शास. उ.मा.नि. एवं हाई स्कूल शहडोल नोडल अधिकारी होगें। जारी आदेश में कहा गया है कि नवभारत साकरता परीक्षा में शासकीय स्कूलों में प्रधानाध्यापक पाठशाला एवं प्रा.शा.परीक्षा केन्द्र प्रभारी होगे तथा परीक्षा के आयोजन के साथ जुडी समसत गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित होकर सहयोग करेगें।

परीक्षा प्रभारी परीक्षा केन्द्र में उपयुक्त प्रबंध के साथ-साथ अन्य प्रबंध जैसे पीने का पानी, टेबिल कुर्सी आदि की व्यवस्था करेगे। नव साक्षर परीक्षा प्रातः 10 बजे से सायः 5 बजे तक होगी। परीक्षा में नवसाक्षरों का पंजीयन परीक्षा दिनाक तक किया जा सकता है। जिन्हे अक्षर ज्ञान है और जिनके पास किसी प्रकार का प्रमाण पत्र नहीं है उन्हें परीक्षा में शामिल करायेगे। प्रधानाध्यापक परीक्षा उपरांत परीक्षा केन्द्र प्रभारी उत्तरपुस्तिकाओं का परीक्षा केन्द्र स्तर पर ही मूल्यांकन कार्य अनिवार्यत करायेगे। मूल्याकनकर्ता तीनों भागों के प्रत्येक भाग में प्राप्त अंको का प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर और मूल्यांकन पत्रक नामिनल रोल में अंक भरकर गोसवारा तैयार करेंगे। तीनों भागों में पृथक-पृथक उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अक्षर साथी असारों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। अक्षर साथी परीक्षा कक्ष में नहीं होगे। वे परीक्षा कक्ष के बाहर की समस्त व्यवस्थाओं को देखेंगे। परीक्षा कार्य हेतु शिक्षक, अतिथि शिक्षक आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जा सकता है। परीक्षा उपरांत परीक्षा प्रभारी शील्ड उत्तरपुस्तिका नामांकन प्रपत्र, मूल्यांकन प्रपत्र नामिनल रोल की एक प्रति सीएसी के पास जमा करेंगे तथा नामिनल रोल की एक प्रति प्रधानाध्यापक अपने पास रिकार्ड के रूप में रखेंगे। समस्त बीआरसीसी निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को अपने यहाँ वो परीक्षा केन्द्रों की सूची अनवार्यतः उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) 12 मार्च को दोपहर 1.00 बजे कार्यालय जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी कार्यालय से परीक्षा समाग्री अनिवार्यतः प्राप्त करेंगे।

# पुलिस द्वारा मनाई गई होली





शहडोल (स्वतंत्रमत)।

होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था की ड्यूटी पूर्ण होने के पश्चात पुलिस द्वारा अगले दिन च्पुलिस होलीज्ञ मनाई गई। होली त्यौहार के दौरान जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निरंतर ड्यूटी की गई। ड्यूटी के कारण अधिकांश पुलिसकर्मी होली के दिन अपने परिवार के साथ त्यौहार नहीं मना पाए।

ड्यूटी समाप्ति के उपरांत पुराना कंट्रोल रूम एवं विभिन्न थाना परिसरों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ च्पुलिस होलीज्ञ मनाई। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा उत्साहपूर्वक त्यौहार मनाया। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस बल के बीच आपसी समन्वय, भाईचारा एवं सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा दिया गया।

# बी.सी.सी.आई लेवल-1 एम्पायर डॉ. राकेश त्रिपाठी को रॉयल निमाड़ ईगल्स का ब्रांड एम्बेस्डर बनाये जाने पर हर्ष व्याप्त



**बुढार (स्वतंत्रमत)।** बी.सी.सी.आई लेवल-1 एम्पायर एवं क्रीड़ा भारती के प्रान्त मंत्री डा. राकेश त्रिपाठी को म.प्र. क्रिकेट लीग एम.पी.सी.एल. की टीम रॉयल निमाड़ ईगल्स का ब्रांड एम्बेस्डर बनाये जानें पर संभाग एवं जिले के क्रिकेट प्रेमियों तथा स्नेहियों में प्रसन्नता व्याप्त है। बी.सी.सी.आई. लेवल-1 एम्पायर डा. राकेश त्रिपाठी म.प्र. क्रिकेट संघ द्वारा ग्वालियर में आयोजित होने वाले सिंधिया ट्राफी एम.पी.सी.एल.-2026 के द्वितीय संस्करण में फ्रेंचाइजी टीम रॉयल निमाड़ ईगल्स की ओर से ब्रांड एम्बेस्डर की भूमिका का निर्वहन करेंगे। डा. त्रिपाठी इसके पूर्व आज 6 मार्च को रीवा स्थित अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय एम.पी.एस.सी. के खेल मैदान में अपनी सहभागिता निभाएंगे। खण्डवा, इंदौर में एम.पी.सी.एल टैलेंट हंट का ट्रायल हो जाने के उपरांत अब भोपाल में इसका ट्रायल आयोजित होगा। क्रिकेट प्रतिभाओं को एम.पी.सी.एल. के मंच में स्थान बनानें का स्वर्णिम अवसर क्रिकेट प्रतिभाओं को अर्जित कराया जा रहा है, जिस हेतु ऑनलाइन पंजीयन 19 वर्ष से अधिक उम्र के क्रिकेट खिलाड़ी इसका हिस्सा बन सकेंगे। जाने-माने एम्पायर डा. राकेश त्रिपाठी को क्रिकेट खेल के क्षेत्र में उनकी रुचि, लगन एवं मेहनत के फलस्वरूप क्रिकेट के ब्राण्ड एम्बेस्डर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई है और उनकी इस उपलब्धि पर संभाग एवं जिले के क्रिकेट प्रेमियों में हर्ष व्याप्त है।

# हत्या के प्रयास के तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** फरियादी राहुल उर्फ रवि लोधी पिता राजेन्द्र प्रसाद लोधी उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 03, रिजनल के पास, थाना बुढ़ार, द्वारा थाना उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि होली पर्व के दौरान रिजनल गेट के पास उसके भाई रोहित लोधी के साथ अन्नू बैरागी एवं उसके साथियों द्वारा चाकू एवं लात-घूंसों से मारपीट की गई। फरियादी के अनुसार, पूर्व में हुए विवाद के कारण आरोपीगण द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी। 04 मार्च को सूचना प्राप्त होने पर वह मौके पर पहुँचा तो पाया कि उसका भाई रोहित लोधी गंभीर रूप से घायल अवस्था में खून से लथपथ पड़ा था। उसके गले के दाहिने, सामने बाईं ओर एवं पीछे गंभीर चाकू से कटने के घाव थे। बीच-बचाव करने वाले अट्ट एवं विक्की को भी चोटें आईं, जिनका उपचार बुढ़ार अस्पताल में जारी है।

रिपोर्ट पर थाना बुढ़ार में आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपीगण अन्नू बैरागी उर्फ अनिल बैरागी पिता रामदास बैरागी, उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 03 रिजनल के पास, बुढ़ार, सुनील बैरागी पिता रामदास बैरागी, उम्र 34 वर्ष, निवासी रिजनल के पास, बुढ़ार, भूषण उर्फ अजयदास बैरागी पिता हरीदास बैरागी, उम्र 32 वर्ष, निवासी रिजनल के पास, बुढ़ार उक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। फरार आरोपीरू जग्गा उर्फ अजीत बैरागी, निवासी वार्ड नं. 03 रिजनल के पास, बुढ़ार घटना दिनांक से फरार है। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा सतत दबिश एवं तलाश की कार्यवाही की जा रही है।

## एसपी ने जिलेवासियों को दी होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिलेवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं। उन्होंने सभी से होली को सौहार्द, शांति एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की है। पुलिस द्वारा पर्व के मद्देनजर जिलेभर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रमुख स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा सघन वाहन जाँच अभियान संचालित किया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# कटनी शहर कांग्रेस की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी संगठनात्मक मजबूती को देखते हुए कटनी शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति के बाद यह सूची जारी की गई है। नई कार्यकारिणी में अनुभव और युवा ऊर्जा का संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। प्रमुख पदों पर निम्नलिखित नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है:- शहर जिलाध्यक्ष- अमित शुक्ला, संगठन मंत्री- प्रेम बत्रा, कोषाध्यक्ष- राहुल होतवानी, कार्यकारिणी का विस्तार पार्टी ने जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने के लिए 6 उपाध्यक्ष, 10 महासचिव महामंत्री और 6 सचिवों की नियुक्ति की है। उपाध्यक्षः भूपेश जायसवाल, शिवकुमार जालेम यादव, हाजी गुलाम जाफर, श्याम पहूजा, आनंद पटेल और दिग्विजय सिंह। महामंत्रीः ओमप्रकाश मुन्ना कुशवाहा, मंजू निषाद, नीरज शुक्ला, इस्तयाक अहमद, राहुल पटेरिया, सुधीर पटेल, विजय चांदवानी, संजय गुप्ता, प्रभात तिवारी और कपिल रजक। सचिवः साक्षी गोपाल साहू, ललित सोनी, सुरेश पांडेय, शोभा मंगलानी, शशि शेखर भारद्वाज और राशिद रजा कुरैशी।

## संगठन में नई जान फूंकने की तैयारी

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में यह नई टीम कटनी शहर में कांग्रेस को और अधिक सक्रिय करेगी। सूची में समाज के विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की गई है, ताकि आगामी चुनावों और स्थानीय मुद्दों पर पार्टी मजबूती से सरकार को घेर सके।

# होली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने हेतु कटनी पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा समस्त अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ करें। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि को रोकने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में देर रात्रि पुलिस अधीक्षक ने स्वयं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तैनात पुलिस बल की ड्यूटी की जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2025-26/2387 धनपुरी दिनांक 02.03.2026

### ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2366-DATE-27.02.2026 2026_UAD_48653_1 | Construction of BT road at ward no 20 in front or pearl palace to sunddar kol house and pintu pal house to satyanarayan gupta house- | 60 दिवस 10.76 लाख | 2000 /- एवं 8000 /- | 06.04.2026 5.30 PM |
| 2 | 2367-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486536_1 | Construction of BT road at Ward No. 16. Dilip Chaturvedi house to near Gudda Machchali Shop. | 60 दिवस 15.70 लाख | 2000 /- एवं 11800 /- | 06.04.2026 5.30 PM |
| 3 | 2368-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486537_1 | Construction of BT road at Ward No. 14 Near Sabji Mandi Raja Chicken Shop to Dr. Kurien house to near Lakhanlal Master house | 60 दिवस 11.37 लाख | 2000 /- एवं 8500 /- | 06.04.2026 5.30 PM |
| 4 | 2369-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486538_1 | Construction of B.T. Road at Ward No.05 Shiv Mandir to Ramashankar Shukla to Narmada Vishwakarma House and Villious Pump House to Sabbir hs to Gorelal House. | 60 दिवस 11.61 लाख | 2000 /- एवं 8700 /- | 06.04.2026 5.30 PM |
| 5 | 2370-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486539_1 | Construction of WMM road at Ward No. 03/05 Datu Seth plot to Saffiq plot to proposed STP plant nursery pump house | 60 दिवस 20.54 लाख | 5000 /- एवं 15400 /- | 06.04.2026 5.30 PM |
| 6 | 2371-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486542_1 | Construction of BT road at Ward No. 16 Daga house to Dilip Chaturvedi house to Dashrath Kol house. | 60 दिवस 8.14 लाख | 2000 /- एवं 8140 /- | 06.04.2026 5.30 PM |
| 7 | 2372-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486544_1 | Construction of BT road at Ward No. 27 Chirag Ali house to Yusuf Haji house | 60 दिवस 7.25 लाख | 2000 /- एवं 7250 /- | 06.04.2026 5.30 PM |
| 8 | 2373-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486556_1 | Construction of RCC slab at Ward No. 11 Suhail khan house to chhotu singh house. | 60 दिवस 2.80 लाख | 2000 /- एवं 2800 /- | 18.03.2026 5.30 PM |
| 9 | 2374-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486557_1 | Construction of RCC DRAIN and RCC slab at Ward No. 14 Ram salone bhatt house to Mukesh house to Dinesh Soni house to Nandlal Chaudhary house | 60 दिवस 3.99 लाख | 2000 /- एवं 3990 /- | 18.03.2026 5.30 PM |
| 10 | 2375-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486558_1 | Construction of tree platforms on both sides of Ward No. 1, 2, 3 Model Road | 60 दिवस 8.03 लाख | 2000 /- एवं 8030 /- | 18.03.2026 5.30 PM |
| 11 | 2376-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486559_1 | Construction of RCC slab at Ward No. 02 Heera Colony and College Colony. | 60 दिवस 31.40 लाख | 5000 /- एवं 23500 /- | 06.04.2026 5.30 PM |
| 12 | 2377-DATE-27.02.2026 2026_UAD_486560_1 | Construction of CC Top at ward no 06 Shankar mandir Campus to Laxmi Narayan Kori to Bhupendra Dahiya to Ramesh gautam | 60 दिवस 5.32 लाख | 2000 /- एवं 5320 /- | 18.03.2026 5.30 PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धनपुरी, जिला शहडोल म.प्र.


# सायना में होली मिलन सम्पन्न

## होलिका का दहन कर प्रहलाद को निकाला सुरक्षित

## दूसरे दिन बच्चों ने जमकर उड़ा फूल और गुलाल




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी अपनी संस्कृति को जानने व पहचानने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करता है। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप कुमार झा के मार्गदर्शन में होली से एक दिन पहले होलिका दहन से पूर्व रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने गीत व नृत्य से समां बाँध दिया। इस अवसर पर कला विभाग के विभागाध्यक्ष अभिनव खरे ने विस्तृत रूप से होली पर्व पर प्रकाश डालते हुए होली-पर्व मनाने के महत्त्व को समझाया। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य शर्मा ने बच्चों व शिक्षकों के साथ होलिका पूजन कर दहन किया। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह त्योहार हमें आपसी मतभेद मिटाकर मिलजुल कर रहना सिखाता है। यह होलिका बुराई का प्रतीक है हमें इसे प्रतिवर्ष जलाते हैं लेकिन इसकी सार्थकता तभी होगी जब हम अपने कुविचारों और बुराइयों को भी इस अवसर पर जला दें। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपाली दुबे और प्रीति पाठक ने किया। दिनेश सर के फगुआ गायन प्रस्तुति के बाद शुभम चौहान सर एवं श्वेता शुक्ला मैम की मनमोहक ग्रुप नृत्य प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात् विधिवत होलिका दहन का आयोजन किया गया। इस सुअवसर पर हेडमास्टर डॉ. लोकेश दुबे ने आवासीय बच्चों सहित सभी को होली की शुभकामनाएँ दी। तदोपरांत स्वरुचि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

दूसरे दिन सभी के लिए बड़ी उमंग लेकर आया। सुबह दस बजे सभी बच्चे एवं शिक्षक गार्डन में एकत्रित हुए। फिर होली के गीतों व ढोल की थाप के बीच सूखे प्राकृतिक रंगों की होली का दौर प्रारंभ हुआ। नाचते गाते बच्चों ने खूब होली खेली।

इस बीच बच्चों नेगुझिया, सलोनी, पकोडे एवं शरबत का लुत्फ उठाया। दो घंटे की धूम के बाद बच्चे नहा-धोकर सहभोज में सम्मिलित हुए और इस प्रकार प्रसन्नतापूर्वक यह आयोजन सम्पन्न हुआ। हैड बॉय रनवीर सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया।

# उमंग, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया रंगों का महापर्व

## होली पर्व पर शहर भर में हुए विविध आयोजन





सिहोरा (स्वतंत्र मत)

रंगों के पावन पर्व होली पर जिले भर में उल्लास, उमंग और भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह से ही लोग रंग और गुलाल लेकर घरों से निकले और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर वर्ग में उत्साह देखने को मिला। चौक-चौराहों और मोहल्लों में युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते नजर आईं। कई स्थानों पर पारंपरिक गीतों के साथ होली का आनंद लिया गया। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर रंग-गुलाल लगाया और मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा कीं। होली के अवसर पर नगर में सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा। विभिन्न सामाजिक संगठनों और युवाओं द्वारा भी मिलन समारोह आयोजित किए गए, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### बहनो ने लगाया मंगल टीका

भाई दोज के दिन गुरुवार को घर घर में भाईदूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया बहनो ने अपने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की तो भाइयों ने भी बहन को अनेक उपहार देकर उनके चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त किया। दो दिनो में जहां नगर में अनेक होली के कार्यक्रम आयोजित किए गये तो वहीं गांवों में फागों के आयोजन संपन्न हुए। अभी रंगपंचमी तक रंग गुलाब का दौर चलता रहेगा।

### पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने मनाया होली का पर्व

पुलिस लाइन में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने बॉलीवुड गानों पर जमकर नाच-गाना किया। होली के इस खास मौके पर वाटर कैनन भी चलवाया गया, जिससे सभी पुलिसकर्मी रंगों के साथ पानी में भीगते हुए नजर आए। एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया



कि पुलिसकर्मी रोजाना 8 से 12 घंटे तक ड्यूटी करते हैं। ऐसे अवसर उन्हें तनाव से राहत और साथियों के साथ खुशी के पल बिताने का मौका देते हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार होलिका दहन से लेकर होली खेलने तक शहर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस ने लगातार 72 घंटे ड्यूटी की थी। परंपरा के अनुसार पुलिसकर्मी होली के अगले दिन सामूहिक रूप से उत्सव मनाते हैं। आयोजन में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जेल में बंद भाइयों से मिलने पहुंची बहने

देशभर में भाई-दूज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इसी बीच भाई दूज के अवसर पर केंद्रीय जेल में भी बंदियों और उनके परिजनों की मुलाकात के लिए विशेष व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में बहनें अपने बंदी भाइयों से मिलने और उन्हें टीका करने जेल पहुंचीं। जेलर ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इस बार मुलाकातें जालीदार खिड़कियों के माध्यम से कराई गईं। बहनों ने इन खिड़कियों के जरिए अपने भाइयों को भाई-दूज की शुभकामनाएं दीं और उनका हालचाल पूछा। उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश ने जानकारी दी कि साल में केवल रक्षाबंधन के अवसर पर ही खुली मुलाकात की अनुमति होती है, जब बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकती हैं। भाई-दूज पर सुरक्षा कारणों से आमने-सामने की मुलाकात की अनुमति नहीं दी जाती, बल्कि जालीदार खिड़कियों से ही संवाद कराया जाता है।



# आपस में भिड़े 2 गुट जमकर हुई पत्थरबाजी

## छोटी ओमती इलाके की घटना, पहुंचा भारी पुलिस बल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** होली के मौके पर बुधवार रात छोटी ओमती इलाके में दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों तरफ से पथराव भी हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उपद्रवियों को खदेड़ दिया। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि भीड़ में से किसी ने गोली भी चलाई है। मौके पर बेलबाग, हनुमानताल और कोतवाली की पुलिस फोर्स मौजूद है। पथराव का वीडियो भी सामने आया है।



**भीड़ में गोली चलने की सूचना** - इस मामले में छोटी ओमती निवासी गब्बू सोनकर ने बताया कि वे लोग कदम तलैया के रहने वाले हैं। होली खेलने के बाद रात को बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान अप्पा सोनकर, अंशुल सोनकर और राकेश खटीक मौके पर पहुंचे। गाली-गलौज करते हुए हमारे साथ बैठे आयुष से विवाद करने लगे। उन्होंने आपत्ति जताई तो मारपीट शुरू कर दी। हमने भी बचाव किया। उनमें से किसी एक ने फायर भी किया। झगड़े में आयुष को चोट आई है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले को लेकर सीएसपी सोनू कुर्मी का कहना है कि दोनों ही पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी। उसी को लेकर आज फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो के अलावा आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। हालात काबू में हैं। अभी तक दोनों गुटों की ओर से कोई भी एफआईआर नहीं कराई गई है।

# हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट बना वृंदावन

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में भगवान चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक एवं भक्तों द्वारा भगवान राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली का आनंद महोत्सव मनाया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसा लग रहा था जैसा वृंदावन का नजारा हो। भक्तों ने भगवान राधा कृष्ण को फूल अर्पित किए आश्रम के पुजारी द्वारा फूल भक्तों पर बरसाए। विशेष पूजन में प्रचारक अमित दवे लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ नरेंद्र कोष्टी बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य हुआ। कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने किया।भजन मंडलियों द्वारा विशेष प्रस्तुति की गई विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान आदि उपस्थित रहे।



# शास्त्रीय संगीत सभा राग मंत्र का आयोजन कल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शास्त्रीय संगीत के विकास एवं उन्नयन की दृष्टि से जबलपुर में  आर्ट हब, हैदराबाद एवं आईटीसी संगीत रिसर्च अकादमी, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन स्थानीय शहीद स्मारक सभा गृह, गोलबाजार में शनिवार दिनांक 7 मार्च को सायं 06.30 से आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में देश के विख्यात गायक पं. उल्हास कशालकर (पुणे) के शास्त्रीय गायन के साथ पं. सुरेश तलवलकर (पुणे) की तबला संगत एवं शौनक रॉय, सरोद (कोलकाता) के साथ जयंत सरकार (कोलकाता) तबला संगत की प्रस्तुती होगी। कार्यक्रम संयोजक प्राध्यापक अखिलेश सप्रे ने सभी संगीत प्रेमियो से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है ।

### ढाबा संचालक से मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। गोसलपुर थाने में भूपत प्रसाद पटेल उम्र 66 वर्ष निवासी पाली टोरिया ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसका हरिओम नाम से कछपुरा बायपास के पास ढाबा है, जिसके बाजू से उसका गुटखा पान का टपरा है। बीती रात वह अपने टपरे में गुटखा पान बेच रहा था। उसी समय कछपुरा निवासी रिंकू पटैल उसके टपरे में आकर बोला कि शराब पीने के लिये 500 रूपये दो, उसने रूपये देने से मना किया इसी बात पर रिंकू पटेल उसके साथ गाली गलौज करते हुये दुकान के पास पड़ा गेढ़ा उठाकर गेढ़ा से  हमलाकर चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### चाकू मारकर भागे बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माढ़ोताल थाने में आकाश दाहिया उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम इमलई थाना पनागर वर्तमान पता आईटीआई माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह मेहफिल बार में कुकिंग का काम करता है। विगत दिवस अपने साले अनुराग झारिया के साथ अपनी मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल नक्षत्र नगर माढोताल से अपने रूम आ रहा था। जैसे ही श्रीराम कॉलेज वाली रोड़ पर पहुंचा तभी एक मोटरसाइकिल में 3 लड़के आकर उससे शराब पीने के लिये उससे पैसों की मांग करने लगे, उसने रूपये देने सेम मना किया तो तीनों उसके साथ गाली गलौज करते हुये किसी नुकीली चीज से हमलाकर सिर गर्दन एवं कंधे में चोट पहुंचाकर वहां से भाग गए। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### शराब के लिए रूपए न देने पर मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बेलबाग थाने में मनीषा लोधी उम्र 36 वर्ष निवासी फूटाताल बढ़ई मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि हम सभी घर में थे। घर के पास मेहतर मोहल्ला निवासी रोशन गोतेल उसके घर के पास आकर उसके भाई श्याम सिंह लोधी को गाली गलौज करने लगा एवं शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा। उसके भाई ने रूपये देने से मना किया तो उसपर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# दिन होंगे गर्म, रात में पड़ेगी हल्की ठंडक



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मार्च महीने की शुरुआत के साथ ही मौसम के मिजाज में बदलाव आया है। सुबह और रात में हल्की ठंडक महसूस हो रही है, जबकि दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी बढ़ गई है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। इसी को देखते हुए नगर निगम ने दोपहर की गर्मी से राहत देने के लिए डिफोगर मशीनों का उपयोग शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक इन दिनों रात का तापमान लगभग 18 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। वहीं, दिन का अधिकतम तापमान बढ़कर करीब 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। दोपहर के समय तेज धूप के कारण गर्मी का असर स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। सुबह और रात में हल्की ठंडक के चलते लोग अभी भी हल्के गर्म कपड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, दिन में बढ़ती गर्मी के कारण पंखों और ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी, जिससे गर्मी का प्रभाव और तेज हो जाएगा। मौसम विभाग की माने तो अगले 4 दिन के अंदर प्रदेश में अधिकतम तापमान 4 डिग्री तक बढ़ेगा। ऐसे में संभावना है कि मार्च के पहले ही पखवाड़े में प्रदेश में पारा 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा। जबलपुर में मार्च में भी रातें ठंडी रहती हैं। पारा औसत 15 डिग्री के आसपास ही रहता है। वहीं, दिन में 36 से 40 डिग्री के बीच तापमान दर्ज किया जाता है। 31 मार्च 2017 को दिन का पारा 41.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है, जबकि 4 मार्च 1898 में रात का तापमान 3.3 डिग्री दर्ज किया गया था। यहां मार्च में मावठा भी गिरता है। पिछले 10 में से 9 साल बारिश हो चुकी है।

# आल इंडिया जनरल इंश्योरेंस पेंशनर एसोसिएशन सम्मेलन का आयोजन




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आल इंडिया जनरल इंश्योरेंस पेंशनर एसोसिएशन वेस्टर्न जोन (मप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ एवं गोवा) का 22वां दो दिवसीय सम्मेलन शहर में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरूआत स्व कामरेड काका सामन्त के चित्र पर माल्यार्पण के साथ बैठक प्रारंभ हुई । नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, क्षेत्रिय कार्यालय इन्दौर के उप महाप्रबंधक समीर कालरा के मुख्यअतिथि तथा पेंशनर्स एसोसिएशन (वेस्टर्न जोन)के महासचिव कॉमरेड यू बैनर्जी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। इस अवसर पर कॉमरेड प्रदीप धर्मठोक, कॉमरेड ललित स्वर्णा, कॉमरेड सतीश शेन्डे, कामरेड सी एल मोदी, कॉमरेड ए.एम. कुलकर्णी, कॉमरेड परान्जपे, ने उद्घाटन अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। सम्मलेन में वेस्टर्न जोन के करीब 70 कार्यकारिणी सदस्य एवं जबलपुर सम्भाग के विभिन्न क्षेत्रों से आए पेंशनर सदस्य उपस्थित थे। जबलपुर पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष केएल जाटव, कार्यकारी अध्यक्ष  विजय हांडा, कोषाध्यक्ष ए. एम. जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# ईदगाह कला में उर्स व अफतार-ए-आम का आयोजन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाक माह रमज़ान शरीफ़ के तीसरे जुमा के मौके पर शहर की 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में दोपहर लगभग डेढ़ बजे जुमा की नमाज़ अदा की जाएगी। नमाज़ से पूर्व इमाम साहब द्वारा खुत्बा पढ़ा जाएगा तथा नमाज़ के बाद मुल्क और शहर में अमन-ओ-अमान के लिए विशेष दुआएं की जाएंगी। मुफ्ती-ए-आज़म मप्र हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी के अनुसार रमज़ान मुबारक के सोलहवें रोज़े जुमा को ईदगाह कला, रानीताल में हज़रत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी रहमतुल्लाह अलैह  का 129वाँ सालाना उर्स शरीफ़ आयोजित किया जाएगा। उर्स के अवसर पर नमाज़-ए-जुमा के बाद कुरआन ख़्वानी होगी तथा नमाज़-ए-असर के पश्चात मज़ार शरीफ़ पर अकीदतमंदों द्वारा चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। शाम को मगरिब के वक्त विशाल अफ़्तार-ए-आम का भी इंतज़ाम किया गया है, जिसमें रोज़ेदारों और अकीदतमंदों के लिए सामूहिक इफ़्तार की व्यवस्था रहेगी।

# फ्लाई ऐश की उपयोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एमपीपीजीसीएल को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने विद्युत उत्पादन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि अर्जित की है। कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को फ्लाई ऐश के वैज्ञानिक, सुनियोजित एवं अधिकतम उपयोग हेतु किए जा रहे सतत् प्रयास करने के लिए गोवा में आयोजित 15वें फ्लाई ऐश उपयोगिता पुरस्कार 2026 समारोह में चार प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा गया। ऊर्जा एवं पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने वाली एक प्रतिष्ठित संस्था मिशन एनर्जी फाउंडेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समारोह में यह सम्मान प्रदान किए गए।  श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह को मिले दो पुरस्कार-समारोह में सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी को स्टेट सेक्टर 500 से 1500 मेगावाट तक वर्ग में और अमरकंटक ताप विद्युत गृह को स्टेट सेक्टर पब्लिक यूटिलिटी 500 मेगावाट से कम वर्ग में फ्लाई ऐश के उत्कृष्ट व असाधारण उपयोग करने करने के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना को दो सर्वोच्च सम्मान फ्लाई ऐश के उत्कृष्ट व असाधारण उपयोग करने और ओवरऑल चैंपियन-फ्लाई ऐश मैनेजमेंट एक्सीलेंस के लिए प्रदान किए गए।




### एक करोड़ से अधिक मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का निस्तरण

श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 के दौरान कुल 61,21,066 मीट्रिक टन ऐश का सफलतापूर्वक निस्तारण एवं उपयोग सुनिश्चित किया गया। यह उपलब्धि 161 प्रतिशत उपयोगिता दर को दर्शाती है। यह न केवल वर्तमान फ्लाई ऐश के शत-प्रतिशत उपयोगिता का प्रमाण है, बल्कि पूर्व में संचित (लीगेसी) ऐश के बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक निस्तारण को भी रेखांकित करती है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी ने वित्तीय वर्ष 2023 से 2025 तक के निर्धारित किए गए लक्ष्य को 119 प्रतिशत की संचयी उपयोगिता दर से आसानी से हासिल कर 34,12,785 मीट्रिक टन रख को निष्पादित किया। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 204 प्रतिशत की उपयोगिता दर से 6,66,438 मीट्रिक टन राख का निस्तारण किया। इस प्रकार तीन ताप विद्युत गृहों द्वारा 1,02,00,289 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का निस्तारण किया।  डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम ने पावर हाउस प्रमुख एवं तकनीकी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रगतिशील तकनीक, कुशल प्रबंधन एवं पर्यावरणीय मानकों के प्रति सजग दृष्टिकोण ने पावर जनरेटिंग कंपनी को फ्लाई ऐश प्रबंधन के क्षेत्र में राष्ट्रीय अग्रणी संस्थानों की श्रेणी में स्थापित किया है।

# होली पर दिखी गालों पर दिखी इंद्रधनुशी छटां

उमरिया (स्वतंत्रमत)

होली का त्यौहार उमरिया जिला मुख्यालय सहित पाली, चंदिया, नौरोजाबाद, मानपुर में बडे उत्साह के साथ मनाया गया। विदित हो कि 3 मार्च को भदरा एवं चंद्रग्रहण के चलते होली का पर्व 4 मार्च को मनाया गया। होली पर्व के दौरान छोटे छोटे बच्चों से लेकर युवाओं , बुजुर्गो के गालों पर रंगों की इंद्रधनुशी छटां देखने को मिली। छोटे छोटे बच्चे एक दूसरे पर पिचकारी के माध्यम से होली खेलते नजर आए वहीं बडे बुजुर्गो एवं युवाओं ने एक दूसरे को गालो पर गुलाल रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं प्रेशित की। साथ ही होली के अवसर पर नगरवासियों ने मंदिरों पर पहुंचकर भगवान को भी गुलाल अर्पित किए। होली पर्व को लेकर नगर स्थित गांधी चौक, रणविजय चौक में रंग गुलालो की दुकाने सजाई गई थी। छोटे छोटे बच्चे विभिन्न प्रकार की मुखौटे चेहरे पर लगाए होली का आनंद उठा रहे थे। दिनांक 2. मार्च से 4 मार्च तक होलिका दहन / होली धुरेड़ी त्यौहार को दृष्टिगत



रखते हुये कानून व्यवस्था के मद्देनजर उमरिया पुलिस द्वारा जिले में होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से चाक-चौबंद व्यवस्था लगाई गई। शहर में जगह-जगह पर फिक्स फिकेट लगाये गये है साथ ही पेट्रोलिंग मोबाइल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। बताया जाता है कि होली के पर्व दौरान युवाओ की टोलियों ने पिकनिक स्पाट पहुंचकर पिकनिक मनाई एवं होली का पर्व भी मनाया। ज्ञातव्य हो कि होली धुरेडी के पहले जिला मुख्यालय उमरिया सहित चंदिया, मानपुर, नौरोजाबाद मे होलिका दहन किया गया।

## कैट ने किया व्यापारी होली मिलन समारोह का आयोजन




**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिला अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी ने बताया कि बुधवार 4 मार्च को उमरिया नगर के गांधी चौक में व्यापारी होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। होली के पावन पर्व पर, व्यापारियों का यह होली मिलन भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक बना। समारोह में उपस्थित सभी व्यापारियों का चंदन वंदन करके अभिवादन किया गया और मेलजोल को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। यह आयोजन व्यापारिक संगठन की एकता को प्रदर्शित करता है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगवान दास छतवानी, नरेंद्र दासवानी, राहुल अग्निहोत्री, कीर्ति कुमार सोनी, सेवक वाधवानी, अनिल सचदेवा, अमित गुप्ता, कमल वाधवानी, पंकज गुप्ता,अनिल गुप्ता, चिंटू भीमानिया, मनीष सोनी, अनिल,चिम्मन सचदेव, नरेश लालवानी, राहुल अग्रवाल, शेखरगुप्ता आदि व्यापारी भारी मात्रा में उपस्थित रहे।

## चंदिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरौदा में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले के चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम बरौदा में सोमवार देर रात एक घर में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार मोहन पिता गुलजारी के घर में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घर में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर और बर्तन पूरी तरह जल गए। आग लगने का कोई कारण पता नहीं चल सका, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। आग की लपटें देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि घटना के समय घर में मौजूद परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को, विद्युत प्रकरणों के निराकरण में दी जाएगी छूट

उमरिया (स्वतंत्रमत)

न्यायाधीश,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण मे छूट प्रदान की जाएगी। उन्होने बताया कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

## 6 घंटे में 7 प्रसूति महिलाओ का हुआ सुरक्षित प्रसव

**बालाघाट।** जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित आदिवासी बहुल क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए मात्र 6 घंटे में 7 गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित एवं सामान्य प्रसव कराकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सभी महिलाएं जनजातीय वर्ग से संबंधित हैं।5 मार्च 2026 को रात्रि 1 बजे से सुबह 7 बजे के बीच मेडिकल ऑफिसर डॉ. स्वप्निल गजभिए की उपस्थिति में नर्सिंग ऑफिसर समीना कुरैशी ने अस्पताल के स्टाफ के सहयोग से सभी महिलाओं की सफल नॉर्मल डिलीवरी कराई। सीमित संसाधनों और दूरस्थ क्षेत्र की परिस्थितियों के बावजूद इतने कम समय में 7 सुरक्षित प्रसव कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे अस्पताल के स्टाफ ने पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से पूरा किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी में ग्राम समरिया की देवकी धुर्वे पति



हेमंत धुर्वे, सविता परते पति रोशन परते, ग्राम खजरी की रमा यादव पति दीपक यादव, सिजोरा की भारती धुर्वे पति धर्मेंद्रे, नवलपुर की कविता तेकाम पति पंकज तेकाम, सखिया बाई पति बजर सिंह तथा ग्राम बिलाईखार की गंगा पति सहदेव मेरावी का सामान्य प्रसव कराया गया। गढ़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 01 मार्च 2026 से 05 मार्च 2026 तक कुल 17 गर्भवती माताओं के सुरक्षित प्रसव कराए जा चुके हैं। नर्सिंग ऑफिसर समीना कुरैशी को गढ़ी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ हुए लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं और वे पूरी जिम्मेदारी, लगन व सेवाभाव के साथ अपनी सेवाएं दे रही हैं। अपने समर्पित कार्य के कारण वे गढ़ी क्षेत्र में एक लोकप्रिय स्वास्थ्यकर्मी के रूप में जानी जाती हैं। गढ़ी अस्पताल के स्टाफ की इस उपलब्धि की क्षेत्र में सराहना हो रही है। आदिवासी अंचल में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों ने यह साबित कर दिया है कि वे कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि गढ़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए सर्वसुविधायुक्त डिलीवरी प्वाइंट स्थापित किया गया है। इसके कारण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए बैहर के सिविल अस्पताल या जिला चिकित्सालय बालाघाट जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

## रेलवे काउंटर पर उपभोक्ताओ से यूपीआई या ऑनलाईन पेमेंट करने का बनाया जा रहा दबाव

उमरिया (स्वतंत्रमत)

आजाद उपभोक्ता जागरुक एवं विकास परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्तमान समय में दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा रेलवे आरक्षण काउंटर पर उपभोक्ताओं को यूपीआई या ऑनलाइन पेमेंट का जबरन दबाव बनाया जा रहा है और कैश लेन देन पर आनाकानी की जाती है। संस्था के अध्यक्ष द्वारा बताया गया की रेल मंत्रालय और भारत सरकार ने ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया है जिससे जबरन ऑनलाइन पेमेंट कराया जाए उन्होने कहा है कि अगर उपभोक्ताओं को अगर परेशान किया गया तो हम भारत सरकार एवं महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से रेलवे




काउंटर में बैठे क्लर्कों की शिकायत करेंगे। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि हमारे पास कैश होने के बावजूद हमें आरक्षण काउंटर उसे यह कह कर वापस किया जाता है की लेनदेन केवल ऑनलाइन होगा जबकि यह अनुचित है। महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा यह लिखकर भी दिया गया है कि हमारा कोई दबाव नहीं है ऑनलाइन पेमेंट को लेकर उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि अगर वह रेलवे काउंटर पर मनमानी का शिकार हो रहे हैं तो इसकी भारत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1800114000 एवं 8800001915 पर दर्ज कराए जागरूक रहे सतर्क रहें एवं उपभोक्ता अधिकार का लाभ ले क्योंकि भारत सरकार द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में लाकर उपभोक्ता के अधिकारों को और मजबूत किया है।

## सड़क हादसे में सैलून संचालक की मौत, दोस्त घायल

बालाघाट

होली की धुरेड़ी के दिन बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 32 वर्षीय सैलून संचालक अंकित बंदेवार की मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त दिलेन्द्र खरे (36) गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा लामता थाना क्षेत्र के सलंगटोला के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, अंकित बंदेवार अपने दोस्त दिलेन्द्र खरे के साथ धुरेड़ी के अवसर पर रंगोपाट मंदिर दर्शन करने गए थे। दोनों दर्शन कर मोटर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही तेज गति की कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी



कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को निजी वाहन से लामता अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत गंभीर होने पर अंकित को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गुरुवार को अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। घायल दिलेन्द्र खरे का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

## 23 मार्च शहीद दिवस के लिए जनगण स्वाधीनता मंच की बैठक संपन्न

### काकोरी कांड के शताब्दी वर्ष को समर्पित होगा इस वर्ष का एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम’

उमरिया (स्वतंत्रमत)

देश के स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से कार्य कर रहे ’जनगण स्वाधीनता मंच’ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी ’23 मार्च शहीद दिवस’ के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष आयोजित होने वाला ’ज्एक शाम शहीदों के नामज्ज कार्यक्रम भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की ऐतिहासिक घटना ’काकोरी कांड के 100 वर्ष पूर्ण होने’ के उपलक्ष्य में उसके वीर शहीदों को समर्पित रहेगा।




बैठक में मंच के सदस्यों ने कहा कि काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की एक ऐसी गौरवशाली घटना है, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींव को हिला दिया था और देश के युवाओं में क्रांतिकारी चेतना का संचार किया था। इस वर्ष इस ऐतिहासिक घटना के 100 साल पूरे हो रहे हैं और शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम शहीदों के साहस, त्याग और बलिदान को स्मरण करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का माध्यम बनेगा। जनगण स्वाधीनता मंच द्वारा पिछले ’लगभग 10 वर्षों से लगातार च्एक शाम शहीदों के नामज्ज’ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। यह कार्यक्रम जिले में शहीदों की स्मृति को समर्पित एक महत्वपूर्ण परंपरा के रूप में स्थापित हो चुका है। हर वर्ष इस आयोजन के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के विभिन्न क्रांतिकारियों और उनके बलिदान को याद किया जाता है। इस वर्ष काकोरी कांड के शताब्दी वर्ष के कारण कार्यक्रम को विशेष रूप से उन्ही शहीदों को समर्पित करने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में यह भी तय किया गया कि इस वर्ष के कार्यक्रम के ’मुख्य अतिथि काकोरी कांड में शहीद हुए वीर क्रांतिकारियों के परिवार से संबंधित सदस्य’ होंगे। उनके आगमन से कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व प्राप्त होगा तथा उपस्थित लोगों को उन महान क्रांतिकारियों के जीवन और बलिदान को और करीब से जानने का अवसर मिलेगा।

## बिजली संकट के बीच सूखती रबी की धान..! भमोड़ी-गोंगलाई के किसानों की मेहनत पर जलसंकट

बालाघाट

जिले से लगभग 6 किलोमीटर दूर स्थित भमोड़ी-गोंगलाई क्षेत्र में इस समय किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। यहां सैकड़ों किसानों ने रबी सीजन में धान की फसल लगाई थी, लेकिन बिजली विभाग की अनियमित और सीमित बिजली आपूर्ति के कारण खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। परिणामस्वरूप खेतों में खड़ी धान की नन्ही पौध पानी के अभाव में सूखने लगी है। मार्च माह की शुरुआत में ही खेतों में जल संकट के हालात बन जाना किसानों के लिए बेहद चिंता और पीड़ा का विषय बन गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार रबी सीजन में धान की फसल को शुरुआती अवस्था में नियमित सिंचाई की आवश्यकता होती है। पौधों की बढ़वार के लिए खेतों में पर्याप्त नमी बनाए रखना जरूरी होता है, लेकिन





क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा महज 8 घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। वह भी कई बार अनियमित समय पर मिलती है, जिससे किसान अपने खेतों की समय पर सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। अधिकांश किसान ट्यूबवेल और पंप के माध्यम से सिंचाई पर निर्भर हैं, लेकिन बिजली की कमी के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। भमोड़ी-गोंगलाई के खेतों में जगह-जगह मिट्टी फटने लगी है और धान की हरी-भरी पौध पीली पड़ती नजर आ रही है। कई किसानों का कहना है कि उन्होंने उधार लेकर बीज, खाद और खेत की तैयारी में हजारों रुपये खर्च किए थे। उम्मीद यह बनी थी कि रबी की धान की अच्छी पैदावार होगी तो आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लेकिन मौजूदा हालात में फसल के खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही पर्याप्त बिजली और सिंचाई की व्यवस्था नहीं हुई तो पूरी मेहनत पर पानी फिर सकता है। किसानों की पीड़ा केवल बिजली संकट तक सीमित नहीं है। कई किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर भी उन्हें कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ा। समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक उपलब्ध नहीं होने से खेती की लागत बढ़ती जा रही है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बिजली आपूर्ति को बढ़ाकर कम से कम 12 से 15 घंटे नियमित किया जाए, तो सिंचाई की समस्या काफी हद तक हल हो सकती है। इसके अलावा सरकार को खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि किसानों को समय पर कृषि सामग्री मिल सके। भमोड़ी-गोंगलाई के खेतों से सामने आई यह तस्वीर केवल एक गांव की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस संघर्ष की झलक है जो आज भी देश का अन्नदाता झेल रहा है। खेतों में सूखती धान की पौध मानो किसानों की उम्मीदों के साथ-साथ उनकी मेहनत और सपनों को भी मुरझाता हुआ दिखा रही है। अब किसानों की निगाहें सरकार और प्रशासन की ओर टिकी हैं कि कब उनकी पीड़ा को समझते हुए बिजली, सिंचाई और कृषि संसाधनों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। विभागीय जानकारी व गिरदावरी रिपोर्ट के अनुसार इस बार किसानों ने 36 हजार हेक्टेयर भूमि मे रबी मे धान की फ़सल लगाई है। जबकि पिछले सत्र 46 हजार हेक्टेयर भूमि मे रबी की धान लगाई गई थी। जहाँ इस बार बिजली आपूर्ति संकट के चलते नहरी क्षेत्र (सिचाई साधन) के आसपास का लगभग 10 हजार हेक्टेयर रकबा कम हुआ है।

## शव वाहन ने युवक को मारी ठोकर, मौत



उमरिया (स्वतंत्रमत)

नौरोजाबाद के हनुमान टेक स्थित न्यू पेट्रोल पंप के पास हुए भीषण सड़क हादसे ने संजू कोल पिता स्व. बिहारी कोल उम्र 40 साल देवगांव कला निवासी की जिंदगी छीन ली। बताया जाता है कि युवक पैदल अपने घर की ओर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार और बेकाबू शव वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद शव वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नौरोजाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। परिजनों को सूचना दी गई, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। जहां शहर में होली की खुशियां गूंज रही थीं, वहीं इस हादसे ने एक परिवार की सारी खुशियां मातम में बदल दीं।

# गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी में मचा बवाल, संगठन ने लिया बड़ा एक्शन, छिंदवाड़ा व सिवनी के कई पदाधिकारियों पर गिरी गाज

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

इन दिनों गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी में बवाल मचा हुआ है। पार्टी के ही कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपने प्रदेश अध्यक्ष पर तमाम आरोप लगा रहे हैं। पूरा मामला छिंडवाड़ा व सिवनी जिले का बताया जा रहा है। पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता खुलकर प्रदेश अध्यक्ष का विरोध कर रहे हैं। जिसको लेकर गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी ने ऐसे नेता और कार्यकर्ताओं पर अनुशासनहीनता का डंडा चला दिया है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय सचिव निर्मल मरावी ने बताया कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी संगठन की मजबूती, अनुशासन और पार्टी की छवि को बनाए रखने को लेकर गंभीर हैं। वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम ने बताया कि हाल ही में सिवनी और छिंदवाड़ा जिले के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा की गई पार्टी विरोधी गतिविधियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 2 मार्च को सिवनी जिले के छपारा–बंजारी क्षेत्र में कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा एक बैठक आयोजित कर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम के खिलाफ नारेबाजी की गई थी।

इतना ही नहीं केंद्रीय नेतृत्व के प्रति भी व्यंगात्मक टिप्पणियां की गईं और इन घटनाओं से जुड़े वीडियो व बयान सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए। साथ ही मीडिया में खबरों को प्रचारित किया गया जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा है। संगठन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी गठित की थी। जांच समिति द्वारा पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपी गई है। रिपोर्ट में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन



की छवि को नुकसान पहुंचाने की पुष्टि होने पर गुरुवार को आयोजित बैठक में अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्णय लिया गया।

बैठक में सबसे बड़ी कार्यवाही छिंदवाड़ा जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष देवीराम उर्फ देवरावन भलावी के खिलाफ की गई। उन्हें पार्टी के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होने सोशल मीडिया पर संगठन की छवि धूमिल करने और अलग संगठन बनाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोपों के आधार पर दोषी पाते हुए। उन्हें तत्काल प्रभाव से 6 माह के लिए संगठन से निष्कासित कर दिया। इसी तरह छिंदवाड़ा जिले के युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रवीण धुर्वे पर भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। उन पर भी सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी विरोधी प्रचार करने और संगठन की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए प्रवीण धुर्वे को भी छह माह के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। छिंदवाड़ा जिले के किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप इनवाती के खिलाफ भी संगठन ने सख्त कदम उठाया है। संदीप इनवाती द्वारा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी के खिलाफ भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही थी और इससे संगठन की प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही थी। इस मामले को गंभीर मानते हुए उन्हें भी तत्काल प्रभाव से छह माह के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

सिवनी जिले के छपारा निवासी रावेनशाह उइके पर भी पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे है। उन्होंने संगठन को कमजोर करने के उद्देश्य से कूटनीतिक षड्यंत्र भी रचा। इन आरोपों के आधार पर रावेनशाह उइके को भी छह माह के लिए पार्टी से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कुछ अन्य पदाधिकारी भी इस पूरे मामले में संलिप्त पाए गए हैं जिन्हें फिलहाल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें 15 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यदि तय समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिन पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें सिवनी जिले के धनौरा विकासखंड के ग्राम मुल्ला देवरी निवासी तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पूर्व विधायक रामगुलाम उइके शामिल हैं। इसके अलावा लखनादौन जिला सिवनी के एडवोकेट महेश वटटी, जो पार्टी में प्रदेश पदाधिकारी हैं उन्हें भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया। सिवनी जिले के शक्ति सिंह सिसौदिया की 26 फरवरी को भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय से की गई नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया है।

पार्टी संगठन ने बताया कि जिला कमेटी के प्रस्ताव और प्रदेश कमेटी की अनुशंसा के आधार पर इस नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाएगा और प्रदेश कमेटी अंतिम निर्णय लेगी। पार्टी का उद्देश्य आदिवासी समाज वंचित वर्गों और क्षेत्रीय हितों की आवाज को मजबूती से उठाना है। ऐसे में यदि कोई पदाधिकारी संगठन की मर्यादा को तोड़ते हुए व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण पार्टी की छवि खराब करने का प्रयास करता है तो संगठन को मजबूरन कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। मंडला में आयोजित इस बैठक में प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी जिला पदाधिकारी और संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के बाद पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर इन निर्णयों की जानकारी मीडिया को दी गई।

## बहनों ने तिलक लगाकर पहनाई शक्कर माला

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में होली के तीसरे दिन भाई–बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक भाईदूज का पर्व पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र सुख–समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुबह से ही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में त्यौहार को लेकर विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। बहनों ने पूजा की थाली सजाकर भाइयों की आरती उतारी, माथे पर रोली–अक्षत का तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर भाई की कुशलता व खुशहाली की प्रार्थना की। इसके बाद भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनके स्नेह का सम्मान किया और जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। जिले में होली के बाद भाईदूज मनाने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। खासतौर पर आदिवासी अंचलों में इस पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। कई स्थानों पर बहनों ने भाइयों को पारंपरिक शक्कर की माला पहनाकर उनके जीवन में सुख–समृद्धि की कामना की। ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन परिवारों के बीच मेल–मिलाप का भी विशेष महत्व होता है। दूर–दराज में रहने वाले भाई भी अपनी बहनों के घर पहुंचकर इस पर्व को मनाते हैं।



## गेहूं उपार्जन पंजीयन 7 मार्च तक

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** रबी विपणन वर्ष 2026–27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिले में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित कुल 36 पंजीयन केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं जारी सूचना के अनुसार किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो गया है जो 7 मार्च तक जारी रहेगा। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के इच्छुक किसान निर्धारित तिथि तक अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करवा लें। पंजीयन के समय किसानों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाना होगा। किसान एमपी किसान ऐप के माध्यम से स्वयं अपने मोबाइल से घर बैठे पंजीयन कर सकते हैं।

# आदेश उल्लंघन पर हुआ मामला दर्ज

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

जिले में हेलमेट अनिवार्यता संबंधी निर्देशों के पालन की निरंतर निगरानी की जा रही है। पुलिस द्वारा पूर्व में सभी पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल प्रदाय न किया जाए तथा आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर कलेक्टर द्वारा जारी संबंधित आदेश चस्पा भी कराया गया था इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नंदकिशोर एंड कम्पनी, लालीपुर एवं श्रीजी पेट्रोल पंप नायरा कम्पनी, पड़ाव पर बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चालकों को पेट्रोल विक्रय किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच सीसीटीवी फुटेज परीक्षण किया




गया जिसमें आदेश उल्लंघन पाया गया प्रकरण में संबंधित प्रबंधकों अलीम खान एवं मुकेश स्थापक के विरुद्ध बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है जिले में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 319 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी।

प्रत्येक व्यक्ति की मृत्यु उसके परिजन को भावनात्मक के साथ आर्थिक समस्या से ग्रसित कर देती है। अतः जनवरी 2026 से अनवरत चल रहे हेलमेट पहनेगा मंडला अभियान में सभी भागीदारों से सहयोग की अपेक्षा है जिससे मृत्यु दर को कम किया जा सके और किसी भी व्यक्ति की मृत्यु लापरवाही के कारण ना हो। पेट्रोल पंप को चेक करने की प्रक्रिया सभी थाना क्षेत्र में लगातार जारी है और भविष्य में भी किसी के भी द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाना पाए जाने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चा चोर समझकर युवक से की मारपीट तीन गिरफ्तार

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।

जिले के थाना बिछिया क्षेत्र में बच्चा चोर की अफवाह के कारण एक दर्दनाक घटना सामने आई है ग्राम बरखेड़ा में ग्रामीणों ने एक अज्ञात किशोर को बच्चा चोर समझकर उसके साथ मारपीट कर दी बाद में वही युवक बिछिया कस्बे के बाहर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच के बाद मृतक की पहचान 17 वर्षीय अमरलाल के रूप में हुई जो मानसिक रूप से दिव्यांग था और अपने घर से लापता हो गया था। पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को थाना बिछिया अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा के पास सिझोरा क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों ने एक अज्ञात नाबालिग बालक को संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए देखा ग्रामीणों में उस समय बच्चा चोर की अफवाह फैली हुई थी जिसके चलते उन्होंने उस युवक को बच्चा चोर समझ लिया



इसके बाद कुछ लोगों ने उसे पकड़कर बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की ग्रामीणों द्वारा की जा रही इस मारपीट की सूचना गांव के कुछ लोगों ने डायल 112 को दी सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को अपने साथ लेकर अस्पताल पहुंची अस्पताल में युवक का उपचार किया गया हालांकि उपचार के दौरान दोपहर में वह युवक बिना किसी को बताए अस्पताल से निकल गया उस समय तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी और न ही यह स्पष्ट था कि वह कहां से आया था अस्पताल से निकलने के बाद उस युवक को बिछिया कस्बे में अकेले घूमते हुए देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह मानसिक रूप से असामान्य प्रतीत हो रहा था और बिना किसी दिशा के इधर–उधर घूम रहा था इसके अगले दिन यानी 27 फरवरी की सुबह बिछिया कस्बे के बाहर एक सड़क दुर्घटना में वह युवक गंभीर रूप से घायल हो गया बताया गया कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी दुर्घटना के समय भी युवक की पहचान नहीं हो पाई थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए उसकी पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास शुरू कर दिए इसी बीच ग्राम बरखेड़ा में हुई मारपीट की घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया वीडियो में कुछ लोग एक नाबालिग को पकड़कर उसके साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे थे वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी बिछिया रंजीत सिंह सैयाम को तत्काल मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थाना प्रभारी बिछिया और पुलिस स्टाफ ने वीडियो का बारीकी से अध्ययन किया तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की मृतक की पहचान पुलिस द्वारा मृतक की पहचान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी दौरान 2 मार्च 2026 की रात ग्राम कुकरापानी जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ से कुछ लोग बिछिया पहुंचे इन लोगों ने अस्पताल में रखे शव की पहचान अपने पुत्र अमरलाल 17 वर्ष के रूप में की।

## शासकीय भूमि पर भूमाफिया ने किया कब्जा, संगठन भवन बनेगा केसे



**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** ग्राम पंचायत निवारी में भूमाफिया अपने पेर पसार रहे हैं और खासकर शासकीय भूमि को निशाना बना रहे हैं । स्थानीय पटवारी के द्वारा जानकारी होने के बाद भी तहसीलदार एसडीएम एंव राजस्व निरीक्षक को जानकारी नहीं दे रहे हैं जिससे कार्यवाही का अभाव बना हुआ है। ग्राम पंचायत निवारी में खसरा नंबर 334 जो की शासकीय भूमि है जिसे निजी बताकर सिवनी से नैनपुर आकर भूमाफिया क्रेताओं को गूमराह कर अपने प्लाट बेच रहा हैं। जनपद सदस्य ने बताया कि भू माफिया के द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा करने की नियत से जेसीबी मशीन लगाकर ट्रकों से दिन दहाड़े मुरम डालकर शासकीय भूमि को समतल कर दिया है।

**संगठन भवन का निर्माण पंचायत के लिए बना चुनोती** – मंडला विधानसभा एंव पीएची मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके के द्वारा गत दिनों निवारी पंचायत की शासकीय भूमि खसरा नंबर 334 में संगठन भवन का निर्माण करने घोषणा कर राशि स्वीकृत किया था परंतु करीब एक वर्ष बीत गये आज तक संगठन भवन के लिए पटवारी द्वारा भूमि निर्धारित कर पंचायत को नहीं सोपा गया है। जिस स्थल पर संगठन भवन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है उसी स्थल पर सिवनी के भूमाफिया ने अपना पेर पसार रखा है अब देखना यह है कि स्थानीय प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

# अमर शहीद फत्तेसिंह का मनाया बलिदान दिवस

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

मातृभूमि की रक्षा के लिए छत्तीसगढ़ के सुकमा में अपने प्राणो की आहुति देने वाले जांबाज कोबरा कमांडर शहीद फत्तेसिंह कुड़ोपा का 10वाँ बलिदान दिवस उनके पैतृक ग्राम कटिया में गौरव और श्रद्धा के साथ मनाया गया इस अवसर पर सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों शिक्षकों और ग्रामीणों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस को नमन किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित 208 वाहिनी सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के उप कमान अधिकारी सुदेव कैमल ने शहीद की माता श्रीमती वैजन्ती बाई कुड़ोपा को शॉल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया उन्होंने शहीद के साहस और उनकी वीरता से जनसमूह को परिचित कराया उन्होंने बताया कि किस तरह 3 मार्च 2016 को छत्तीसगढ़ के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र दुब्बा मार्का जिला सुकमा में गश्त के दौरान माओवादियों के घात लगाकर किए गए हमले (एंबुश) का फत्तेसिंह ने डटकर सामना किया अपनी जान की परवाह न करते हुए उन्होंने अपने साथियों को सुरक्षित निकाला और अंतिम सांस



तक दुश्मनों से लोहा लेते हुए वीरगति प्राप्त की इस अवसर पर 108 बटालियन सीआरपीएफ से सूबेदार रामजस यादव एवं अन्य सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे जिन्होंने शहीद की शहादत को पूरे विभाग के लिए गौरव का विषय बताया।

उत्कृष्ट विद्यालय जहां शहीद फत्ते सिंह कुड़ोपा ने शिक्षा ग्रहण की शिक्षक विपिन लखेरा ने प्राचार्य कल्पना नामदेव के मार्गदर्शन में विद्यालय की ओर से शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीद फत्तेसिंह के छात्र जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि फत्तेसिंह विद्यालयीन गतिविधियों में सदैव अग्रणी और अनुशासित रहते थे विद्यालय परिवार को अपने इस पूर्व छात्र की शहादत पर गर्व है जो आज हज़ारों युवाओं के लिए प्रेरणापुंज बन चुके हैं श्री लखेरा ने शहीद के शिक्षक रहे सेवानिवृत शिक्षक और वरिष्ठ समाजसेवी राजेश क्षत्री का वॉइस नोट सुनाया जिसने छात्र जीवन में फत्ते सिंह में विकसित नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति का वर्णन किया गया ग्राम कटिया में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम का समापन शहीद फत्तेसिंह अमर रहें के गगनभेदी नारों के साथ हुआ पूरा वातावरण मयंक चौबे के म्यूजिक ग्रुप के देशभक्ति के साहित्यिक रंग में सराबोर नजर आया।

## गोबर से निर्मित होलिका रही आकर्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अग्रसेन चौक तहसील चौराहा स्थित वैदिक परिवार द्वारा आयोजित होलिका दहन समारोह इस वर्ष पारंपरिक वैदिक रीति–रिवाजों के साथ पूर्ण श्रृद्धा और उत्साह से सम्पन्न हुआ। आयोजन का यह 11 वां वर्ष था जो वर्ष 2016 से निरंतर धार्मिक आस्था और सनातन परंपरा का प्रतीक बना हुआ है पूर्णिमा की रात्रि में हुए इस धार्मिक आयोजन में वैदिक मंत्रोच्चारण विधिपूर्वक हवन पूजा–अर्चना और हजारों कंडों के साथ पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलन किया गया। इस बार आयोजन की विशेषता रही गोबर से निर्मित भव्य होलिका प्रतिमा जो पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती रही हवन सामग्री कपूर, राल, चंदन और महावर से युक्त इस प्रतिमा से उत्पन्न सुगंधित धुएं ने पूरे वातावरण को शुद्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों का दहन करने का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान हजारों श्रृद्धालु उपस्थित रहे और धर्म–संस्कृति से जुड़कर वातावरण को ऊर्जा से भर दिया।




# बेटियों के लिए एक सुरक्षा कवच बनेगा 'सर्वाइकल कैंसर' मुक्त भविष्य से जुड़ा अभियान

## एसडीएम भ्रांतियों से दूर रहकर इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने की अपील की

नैनपुर (स्वतंत्र मत) ।

सर्वाइकल कैंसर मुक्त भविष्य के प्रति लगातार आम लोगो को जागरूक किया जा रहा है। अनुविभागीय दंडाधिकारी नैनपुर आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर ने क्षेत्र की जनता को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण अपील जारी की है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से आह्वान किया है कि वे शासन द्वारा संचालित ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान में बढ़–चढ़कर अपनी भागीदारी करें।

बेटियों के स्वास्थ्य हेतु महत्वपूर्ण संदेश देते हुए उन्होंने बताया है कि भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसर में सर्वाइकल कैंसर एक प्रमुख कारण है, जिससे प्रतिवर्ष हजारों महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। इस बीमारी को रोकने का एकमात्र प्रभावी तरीका समय पर टीकाकरण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 14 से 15 वर्ष की आयु की बच्चियों के लिए यह टीका एक सुरक्षा चक्र



की तरह काम करता है। टीकाकरण से जुड़ी सावधानियां और दिशा–निर्देश में कहा गया है कि भोजन के उपरांत ही टीका लगवाया जाए, बच्चियों को खाली पेट टीकाकरण केंद्र न भेजा जाए। यदि बालिका को पूर्व में कोई संक्रमण या तीव्र बुखार है, तो स्वस्थ होने के बाद ही टीका लगवाया जाए। बताया गया कि यदि बच्ची पूर्व में यह टीका लगवा चुकी है, तो उसे दोबारा न लगवाएं। इस अभियान से जुड़ी कथित भ्रांतियों पर ध्यान न देने का भी आह्वान किया गया है। क्षेत्र में फैली अफवाहों का खंडन करते हुए आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर ने कहा कि, टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रमाणित है। गर्भधारण की क्षमता पर प्रभाव जैसी बातें पूर्णतः निराधार और भ्रामक हैं। नागरिक केवल स्वास्थ्य विभाग और आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

उन्होंने समस्त अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और पत्रकार बंधुओं से अपील है कि वे इस अभियान को जन–आंदोलन बनाएं ताकि नैनपुर की बेटियां इस सुरक्षा चक्र से वंचित न रहे। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग के टोल–फ्री नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मंत्री आवास पर होली मिलन 7 को

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मंडला विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के टिकरवाड़ा स्थित मंत्री आवास पर 7 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि यह आयोजन टिकरवाड़ा स्थित मंत्री निवास में आयोजित होगा जिसकी शुरुआत सुबह 9 बजे से की जाएगी होली के इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के लोगों के बीच आपसी भाईचारा प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम रखा गया है।

## चाट दुकान से मिला रोजगार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** रोहित अपने ही गांव में चाट फुल्की सेंटर का सफल संचालन कर रहे हैं। जहां कभी वे पलायन को मजबूर थे वहीं आज वे अपने गाँव में रोजगार का उदाहरण बन चुके हैं। अब उन्हें प्रतिदिन 250 से 300 रुपए की अतिरिक्त शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। यह आय भले ही साधारण लगे लेकिन उनके परिवार के लिए यह खुशियों का आधार बन चुकी है। बढ़ी हुई आय से अब रोहित अपने परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में सक्षम हैं। जो जीवन कभी अनिश्चितता से घिरा था आज वह आत्मनिर्भरता और सम्मान से भरा है। रोहित इस अवसर के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं सरकारी योजनाओं का सही लाभ मिल जाए,तो गांव का युवा भी अपने सपनों को साकार कर सकता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नैनपुर, जिला–मण्डला

Municipal Conncil Nainpur. District-Mandla (M.P.) Ph. No. 07646-240106 Eamial ID-cmonanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक 4340/न.पा./राजस्व/2026 नैनपुर, दिनांक 02/03/2026

### द्वितीय नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिका परिषद, नैनपुर के अधीनस्त निम्नांकित ठेकों की वसूली वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये बंद लिफाफे में परिषद के प्रस्ताव क्रमांक 02 दिनांक 08/01/2026 के अनुसार दिनांक 12/03/2026 को सायंकाल 04:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। तथा बंद लिफाफे 13/03/2026 को 12:00 बजे निविदाकारों के समक्ष खोले जावेंगे। निलामी में इच्छुक व्यक्ति निर्धारित आर्हताए पूर्णकर निविदा में भाग ले सकते हैं। ठेके से विस्तृत जानकारी नगर पालिका कार्यालय में राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में अवलोकन कर सकते हैं।

| क्र. | ठेके का नाम | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | ठेका अवधि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दैनिक बाजार बैठकी ठेका (रविवार-बुधवार को छोडकर) | 11,26,400/– | 25,000/– | 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक | 5000/– |
| 2. | साप्ताहिक बाजार बैठकी ठेका (रविवार-बुधवार को) | 16,11,500/– | 30,000/– | 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक | 5000/– |
| 3. | अस्थाई दखल ठेका वूसली | 3,37,700/– | 8,000/– | 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक | 3000/– |

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नैनपुर

सभापति
राजस्व एवं वित्त लेख समिति

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद नैनपुर

संपादकीय

# पूरी दुनिया टेंशन में

इजरायल और ईरान के बीच भीषण युद्ध छिड़ा हुआ है। इस युद्ध में अमेरिका भी इजरायल का साथ दे रहा है। पहले ही दिन अमेरिका-इजरायल ने ईरान के राष्ट्रपति भवन, खुफिया एजेंसी और सैनिक स्थल समेत 30 ठिकानों पर हमला किया। हवाई और समुद्र दोनों मार्गों से ईरान पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ तौर पर कहा गया है कि हम किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे। इस बीच, ईरान ने भी इजरायल पर पलटवार किया है। यह अटैक धीरे-धीरे भीषण जंग में तब्दील हो रहा है, जो अमेरिका समेत पूरी दुनिया के लिए टेंशन पैदा कर सकता है। खासकर कच्चे तेल के आयात के संबंध में महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।

इस युद्ध से कच्चे तेल की कीमतों में तगड़ा इजाफा हो सकता है। साथ ही इसके सप्लाई चेन में भी बाधा आ सकती है, क्योंकि दुनिया का 40 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से आता है। यह दुनिया का सबसे व्यस्त तेल मार्ग है और यह ईरान के अधीन आता है। भारत-चीन समेत दुनिया के ज्यादातर देश इसी मार्ग से कच्चा तेल आयात करते हैं। यह मार्ग खाड़ी देशों के कच्चे तेल निर्यातकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ता है। अगर ईरान इसे बंद करता है तो दुनिया का ज्यादातर कच्चा तेल बाधित हो सकता है, जिससे दुनिया की इकोनॉमी पर गहरा असर पड़ सकता है। यही नहीं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें देश में पेट्रोल-डीजल के भाव पर असर डालकर महंगाई में इजाफा कर सकती हैं। आंकड़े बताते हैं कि तेल के कुल आयात में भारत की निर्भरता इस होर्मुज चोकपॉइंट पर बढ़कर 50 फीसदी हो चुकी है और हाल ही के महीनों में इसमें ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। भारत ने इस साल 24 फरवरी तक भारत ने खाड़ी देशों से लगभग 2.6 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल का आयात किया है, जो बताता है कि खाड़ी देशों से कितनी बड़ी आपूर्ति भारत की हो रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य सबसे संवेदनशील चोकपॉइंट है। इस संकरे कॉरिडोर से पूरी दुनिया का करीब 20 फीसदी क्रूड ऑयल गुजरता है। यहां पर कच्चे तेल का प्रवाह मुख्य रूप से खाड़ी उत्पादक देशों सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और कतर से आता है और यह तेल चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे प्रमुख एशियाई बाजारों में आता है, जो करीब 40 फीसदी है।

अमेरिका स्थित ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार 2024 में होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का 69 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं रास्ते से आता है। लिहाजा होर्मुज में किसी भी प्रकार की बाधा से ऑयल सप्लाई में कमी, माल ढुलाई और बीमा लागत में इजाफा होगा। इससे भारत का तेल आयात की लागत भी बढ़ सकती है। एक्सपर्ट्स की बात माने तो भारत कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85-90 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में किसी भी तरह की रुकावट भारत के लिए लागत बढ़ा सकती है। इधर, भारत ने अब अपना तेल आयात रूस, इराक, सऊदी अरब, यूएई, पश्चिम अफ्रीका, दक्षिण और मध्य अमेरिका, अमेरिका, कुवैत, मध्य पूर्व के बाकी देश, मैक्सिको, यूरोप उत्तरी अफ्रीका, एशिया प्रशांत और कनाडा से मंगाना शुरू कर दिया है। इस प्रकार भारत ने वक्त के तकाजे को भांपते हुये कुछ सालों में अपनी तेल आपूर्ति में विविधता लाई है।

# खुमैनी से खामेनेई तक की यात्रा ईरान का त्रासदी भरा सफर

अर्शिया मलिक

वर्ष 1979 में अयातुल्ला रुहेल्ला खुमैनी के नेतृत्व में ईरान एक राजशाही से मजहबी गणराज्य में परिवर्तित हुआ, लेकिन उनके उत्तराधिकारी अयातुल्ला अली खामेनेई के शासनकाल में स्थिति और बिगड़ गई। इन 46 वर्षों में ईरानी समाज का सफर कट्टरपंथी इस्लामवाद, परोक्ष युद्ध, जनता की कीमत पर अत्यधिक सैन्य खर्च, पश्चिम एवं यहूदी विरोधी विचारधाराओं और गहरी जड़ें जमा चुकी स्त्री-द्वेषी संस्कृति से भरा रहा। इसने आधी आबादी का दम घोंटा और ईरान को वैश्विक स्तर पर अलग-थलग किया। उसके सामाजिक ताने-बाने को भी खोखला किया। इस पतन की नींव 1979 की ईरानी क्रांति में पड़ी, जिसने शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता से हटाकर खुमैनी को सर्वोच्च नेता बनाया।



खुमैनी ने एक ऐसी व्यवस्था स्थापित की, जहां मजहबी सत्ता ने लोकतांत्रिक इच्छा को पीछे छोड़ दिया और मजहबी तंत्र को लोकलुभावन बयानबाजी के साथ मिला दिया। यह महज राजनीतिक बदलाव नहीं, एक सामाजिक उथल-पुथल थी, जिसने ईरानी जीवन के हर पहलू में कट्टरता का संचार कर दिया। 1989 में सलमान रुश्दी के खिलाफ खुमैनी का फतवा इसी कट्टरता का उदाहरण था, जिसने साहित्यिक आलोचना को हत्या के वैश्विक आह्वान में बदल दिया और ईरान को वैचारिक आतंक के निर्यातक के रूप में स्थापित कर दिया।

ईरान ने परोक्ष आतंकवाद को विदेश नीति के एक अंग के रूप में अपनाया। 1980 के दशक में ईरान ने इजरायली और पश्चिम का मुकाबला करने के लिए लेबनान में हिजबुल्ला की स्थापना कर उसे पैसा, हथियार और प्रशिक्षण दिया। यह कथित क्रांति के निर्यात की एक सोची-समझी रणनीति थी। खुमैनी ने कहा था कि इस्लाम का प्रसार तब तक आवश्यक है, जब तक कि 'अल्लाह के सिवा कोई ईश्वर नहीं है' का नारा विश्व भर में गूंज न उठे।

1989 में जब खामेनेई ने सत्ता संभाली तो उग्रवाद और तीव्र हो गया। उनके शासनकाल में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आइआरजीसी) ने कुद्स फोर्स का विस्तार किया। एक समय ईरान इराक में शिया मिलीशिया, गाजा में हमास और सीरिया में असद शासन का समर्थन करने के साथ ही भारी खर्च कर रहा था। अक्टूबर 2024 में ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए मिसाइल हमले तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिये की हत्या के प्रतिशोध में किए गए। इससे परोक्ष आतंकवाद प्रत्यक्ष टकराव में बदल गया। दिसंबर 2024 में असद के पतन से ईरान को झटका लगा, फिर भी खामेनेई शासन ने अपना रुख नहीं बदला। उनकी रणनीति ने युद्धों को लंबा खींचा, लाखों को विस्थापित किया और ईरान को अछूत देश बना दिया।

हथियारों पर केंद्रित रहना ईरान के लिए विनाशकारी साबित हुआ। क्रांति के बाद ईरान की तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्था को सैन्य शक्ति की ओर मोड़ दिया गया। खामेनेई के शासनकाल में सैन्य खर्च में भारी वृद्धि हुई। 2005 में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए यूरेनियम संवर्धन शुरू किया गया। इस कारण अमेरिका के साथ वार्ता रुक गई। कड़े आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरान की अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया। मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के कारण हालात खराब हुए। इससे गरीबी बढ़ी और लाखों कुशल कामगारों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ।

पश्चिम और यहूदी विरोध ही ईरानी की मजहबी सत्ता को टिकाए रखने वाली वैचारिक धुरी बनी रही। खुमैनी ने अमेरिका को 'बड़ा शैतान' करार देते हुए 1979-1981 के बंधक संकट के बाद उससे संबंध ही तोड़ लिए। खामेनेई ने खुमैनी के उन्मादी रवैये को और आगे बढ़ाया। ईरान इजरायल का नाम लेने के बजाय उसे 'जायोनी सत्ता' बताता है। वह फलस्तीन के लिए लड़ रहे हमास जैसे समूहों को समर्थन देते हुए गाजा के 90 प्रतिशत बजट का प्रबंध भी करता है। ईरान में ठीक-ठाक संख्या वाले यहूदियों की आबादी लगातार सिमट रही है। जो बचे हैं, वे भी प्रतिबंधों के शिकार हैं। कहने को तो इस्लामी मानकों के अनुरूप बना संविधान महिलाओं को बराबरी के दर्जे की बात करता है, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। आधी आबादी का संस्थागत दमन होता है। महिलाओं की गवाही का प्रभाव पुरुषों की तुलना में आधा माना जाता है। महिलाओं के जीवन का मोल भी आधा है। हिजाब के लिए कड़ी बंदिशें हैं। खुमैनी ने फतवा जारी करके लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु को घटाकर नौ वर्ष कर दिया था।

खामेनेई के दौर में हिजाब की अनिवार्यता को लेकर बड़ी सख्ती कई गई। इसके अनुपालन के लिए तेहरान में 70,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती हुई। इसका नतीजा तमाम गिरफ्तारियों के रूप में सामने आया। महिलाओं के स्टेडियम में प्रवेश से लेकर ग्लैमरस हेयरस्टाल और कुत्ते पालने तक पर प्रतिबंध है। 2022 में कथित अनुचित हिजाब के आरोप में हिरासत के दौरान महसा अमीनी की मौत के बाद देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन हुए। उनमें 500 से अधिक लोग मारे गए और हजारों गिरफ्तार हुए। पक्षपाती कानूनों की वजह से दुष्कर्मों के मामले में दोष सिद्धि असंभव सी है। यह सही है कि महिला साक्षरता बढ़कर 80 प्रतिशत तक हो गई और उनका संसद में प्रतिनिधित्व बढ़ा है, पर ये उपलब्धियां उस असमानता की खाई को नहीं ढक सकतीं, जिनसे महिलाओं को जूझना पड़ रहा है। ईरान की 1979 से अब तक की यात्रा पर दृष्टि डालें तो ईरानी समाज क्रांति के उत्साह को पीछे छोड़ते हुए दमन और अलगाव की ओर ही बढ़ा है। पश्चिम-विरोधी और यहूदी-विरोधी नीतियों से जहां सहयोगी छिटकते गए, वहीं स्त्री-विरोध ने महिलाओं की आवाज को दबाकर समाज की मूल संरचना को ही आहत किया। ईरान आज जिस स्थिति में है, उससे कहीं बेहतर का हकदार है। एक ऐसी स्थिति का, जहां समाज मजहबी जकड़नों से मुक्त हो, उग्रता की जगह समानुभूति का भाव हो और महिलाओं, अल्पसंख्यकों और असहमति रखने वाले लोगों को भी फलने-फूलने का अवसर मिले। सच्ची क्रांति के भाव भीतर से ही उपजेंगे और वही भाव उन मानवीय मूल्यों की भरपाई करेंगे, जो बीते दशकों में तिरोहित होते गए।

**(लेखिका शिक्षाविद् एवं इस्लामी सामाजिक-राजनीतिक मामलों की विश्लेषक हैं)**

# कट्टरता से लड़ना इतना कठिन क्यों?

राजीव सचान

कट्टरता और विशेष रूप से मजहबी कट्टरता और कुरीतियों के खिलाफ लड़ना कभी भी आसान नहीं रहा। कट्टरता के खिलाफ लड़ाई लड़ने वालों को कई बार जान से भी हाथ धोना पड़ा है। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में रहने वाले सलीम अहमद इन दिनों जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं, क्योंकि पिछले दिनों उन पर प्राणघातक हमला हुआ। यह हमला इसलिए हुआ, क्योंकि सलीम मजहबी कट्टरता के खिलाफ खुलकर बोलते हैं और इस्लाम की उन मान्यताओं की आलोचना करते हैं, जो उनकी समझ से न तो आज के युग के अनुकूल हैं, न सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य हैं और न ही सह-अस्तित्व में सहायक हैं।

इस्लाम का परित्याग करने के कारण सलीम अपने को एक्स मुस्लिम कहते हैं। वे नास्तिक सम्मेलनों का आयोजन करते रहे हैं और खुद को नास्तिक की तर्ज पर वास्तिक कहते हैं। वे अपना यूट्यूब चैनल चलाते हैं, जिसमें मजहबी कट्टरता और कुरीतियों से मुक्ति के उपायों पर चर्चा करते हैं। वे ऐसे एकलौते शख्स नहीं। दुनिया में खुद को एक्स मुस्लिम कहने वालों की कमी नहीं। इस्लामी देशों में भी एक्स मुस्लिम तेजी से बढ़ रहे हैं। यूरोप और अमेरिका में तो उनके संगठन बने हुए हैं और वे अपनी गतिविधियों को एक्स मुस्लिम मूवमेंट की संज्ञा देते हैं। यह आंदोलन भारत में भी दस्तक दे चुका है और केरल के एक्स मुस्लिमों यानी इस्लाम छोड़ चुके लोगों ने अपना संगठन बना रखा है। यह यही बताता है कि भारत में एक्स मुस्लिम मूवमेंट जोर पकड़ रहा है। भारत के साथ-साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश के भी कई एक्स मुस्लिम विदेश में सक्रिय हैं। इस्लामी देशों में सबसे अधिक एक्स मुस्लिम संभवतः ईरान में हैं। इसका कारण वहां हद से ज्यादा इस्लामी कट्टरता होना है।

पहलगाम में मजहब पूछकर लोगों की हत्या के बाद सलीम अपने कुछ साथियों के साथ कश्मीर पहुंच गए थे। वहां वे मजहबी कट्टरता के खिलाफ अपनी बात तब तक बेबाकी से कहते रहे, जब तक कुछ कट्टरपंथियों की शिकायत पर पुलिस ने उन्हें शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार नहीं कर लिया। पुलिस ने उनका और उनके साथियों के यूट्यूब चैनल डिलीट कर दिए, लेकिन वहां से लौटने के बाद वे नए यूट्यूब चैनल के साथ फिर से अपने मिशन में लग गए। उन्हें फिर से धमकियां मिलने लगीं और पिछले शुक्रवार जीशान और गुलफाम नाम के दो भाइयों ने उनके घर जाकर धारदार हथियारों से उनका गला रेतने की कोशिश की।

रमजान का महीना और शुक्रवार के दिन ही गला रेतने के कृत्य पर गौर करें। हमलावर पिस्टल से लैस थे, लेकिन उन्होंने सलीम का गला रेतना और उन्हें निशाना बनाने के लिए शुक्रवार का चयन करना आवश्यक समझा। इसलिए समझा, क्योंकि वे एक तो उन मजहबी मान्यताओं पर यकीन रखते थे कि इस्लाम छोड़ने वालों की सजा मौत है और दूसरे, वे पाकिस्तान में गूंजते रहने वाले इस खौफनाक नारे के असर में रहे-गुस्ताखे रसूल की एक ही सजा-सिर तन से जुदा। अब यह नारा भारत में जब-तब न केवल सुनाई देता है, बल्कि कुछ लोगों की ईशनिंदा यानी कथित गुस्ताखी में गला रेत कर हत्या भी की जा चुकी है, जैसे कमलेश तिवारी, कन्हैया लाल और उमेश कोल्हे।

सलीम वास्तिक को निशाना बनाने वालों ने यह सोचा होगा कि उनकी यह खौफनाक हरकत देश के एक्स मुस्लिमों में भय पैदा करेगी और वे उनकी आवाज दबा देंगे, लेकिन अब होगा यह कि लोग और खासकर युवा मुस्लिम भी यह जानने के लिए उत्सुक होंगे कि आखिर सलीम वास्तिक क्या कहते थे और लोग एक्स मुस्लिम क्यों बन रहे हैं?

# महायुद्ध में महाविनाश

खून अपना हो, पराया हो,नस्ल-ए-आदम का खून है आखिर।
जंग मशरिक में हो मगरिब में,अम्न-ए-आलम खून है आखिर
बम घरों पर गिरें कि सरहद पर, रूह-ए-तामीर जख्म खाती है।
खेत अपने जलें कि औरों के, जीस्त फाकों से तिलमिलाती है।।
टैंक आगे बढें कि पिछे हटें, कोख धरती की बांझ होती है।
फतह का जश्न हो हार का सोग, जिन्दगी मय्यतों पे रोती है।

साहिर लुधियानवी की यह पंक्तियां युद्ध के विनाशकारी परिणामों को बयां करती हैं। युद्ध के परिणाम बेहद गम्भीर होते हैं जो राष्ट्रों का स्वरूप बदल देते हैं और करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। युद्ध व्यापक मानवीय पीड़ा का कारण बनते हैं। जिसमें सैनिकों और नागरिकों की जानें जाती हैं। यह दु:खद क्षति लाखों परिजनों और समुदायों को अस्थिर कर देती है जो जीवनभर क्रंदन और आंसुओं का सबब बनती है। रूस- यूक्रेन युद्ध तो चल ही रहा था। अमेरिका और इजराइल ने युन्दोन्माद में अन्तर्राष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ईरान पर हमले कर वहां की सत्ता में परिवर्तन का प्रयास किया।



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू दोनों नेताओं के हाथ खून से रंगे हुए हैं। नोबेल शांति पुरस्कार के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को एक दुष्टमहाशक्ति में बदल दिया है जबकि नेतन्याहू युद्ध अपराधों के लिए पहले से ही अन्तर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा वांछित हैं। इसी बीच अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के रावलपिंडी स्थित नूरखान सैन्य बेस पर हमला कर सबको चौंका दिया है। ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई, उनके परिवार और 40 से अधिक कमांडरों के मारे जाने के बावजूद ईरान जिस तरह से तेल अवीव और खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों को अपनी मिसाइलों से निशाना बना रहा है, यहां तक कि उसने हूती, हिजबुल्ला शिया मिलिशिया का इस्तेमाल प्रोक्सी युद्ध के तौर पर शुरू किया है उससे युद्ध महाघातक हो गया है।

ईरानी हमलों की प्रतिक्रिया स्वरूप अब नाटो, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन युद्ध में कूदने जा रहे हैं। उससे युद्ध का विस्तार होना तय है। अमेरिका और इजराइल दोनों ने ईरान पर अपने हमलों को उसके परमाणु कार्यक्रम, मिसाइल शक्ति को नष्ट करना और सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य के रूप में पेशकिया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या खामेनेई की मौत के बाद ईरान में सत्ता परिवर्तन होगा। यह वास्तिवकता है कि खामेनेई के शासन के प्रति ईरान की जनता में व्यापक आक्रोश रहा। लाखों लोग उनके खिलाफ सड़कों पर उतर आएथे लेकिन इस समय सवाल ईरान के स्वाभिमान का भी है। राष्ट्रों का यह चरित्र होता है कि जब उन पर बाहरी हमला होता है तो जनता अपने राष्ट्रीय ध्वज के नीचे एकजुट हो जाती है ईरान वेनुजुएला नहीं है। ईरान में सत्ता की निरंतता सुनिश्चित करने के लिएसंवैधानिक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फिलहाल अलीरेजा खामेनेई को अंतरिम सुप्रीम लीडर बना दिया गया है। नए रक्षा मंत्री और नए सैन्य कमांडर भी पद संभाल चुके हैं। यद्यपि हमलों में ईरान को नुक्सान हो रहा है लेकिन उसने सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, जार्डन समेत एक साथ 11 देशों को निशाना बनाकर वैश्विक शक्तियों को हैरान कर दिया है। महायुद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतों में 13 प्रतिशत का उछाल आ चुका है। शेयर बाजार धराशायी हो चुका है। दुनिया में ऊर्जा सप्लाई बाधित होने की आशंकाएं सच साबित होने जा रही हैं। होर्मुज जल डमरू मध्य पर ईरान का नियंत्रण है जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण जल मार्ग है।

इसे दुनिया में तेल और गैस की सप्लाई की लाइफ लाइन माना जाता है। ईरान ने होर्मुज में तेल टैंकरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतें अगर बहुत ज्यादा बढ़ती हैं तो उसका खामियाजा दुनिया को भुगतना पड़ेगा। जब भी ऐसी स्थिति पैदा होती है, चाहे वह 1973 का अरब-इजराइल युद्ध हो या 1979 की इस्लामिक क्रांति। जब-जब तेल की सप्लाई बाधित हुई तब-तब दुनिया को मंदी और महंगाई की मार झेलनी पड़ी। यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते भी दुनिया को संकटों का सामना करना पड़ा। फिलहाल संकटकी कोई संभावना नहीं है लेकिन अगर युद्ध लंबा खिंचा तो भारत प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। ईरान भारत का मध्य एशिया में महत्वपूर्ण सहयोगी रहा है। चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत न सिर्फ इस क्षेत्र में बल्कि यूरोप तक पहुंच का रास्ता बना रहा है लेकिन साम्राज्यवादी अमेरिका और विस्तारवादी इजराइल दोनों ने मिलकर भारत की योजनाओं पर पानी फेर दिया है। पिछले वर्ष इजराइल-ईरान के 12 दिन तक चले युद्ध से कहीं खतरनाक वर्तमान युद्ध हो गया है। सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था में अमेरिका और इजराइल की गुंडागर्दी कब तक सहन की जा सकती है। ईरान जटिल देशसाबित हो रहा है। युद्ध की असली कीमत मानवता को चुकानी पड़ेगी। खाड़ी देशों में एक करोड़ के लगभग भारतीय हैं। जिनकी सुरक्षा को लेकर भारत काफी चिंतित है।

पूरी व्यवस्था के ठप्प होने से भारतीयों द्वारा भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। खाड़ी देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीय युद्ध की चपेट में आ सकते हैं और उन्हें देश छोड़ने के लिएमजबूर होना पड़सकता है। खाड़ी देशों से एक साथ भारतीयों की वापसी संभव नहीं है। विदेशी मुद्रा की मांग बढ़ने से रुपया कमजोर होगा तो भारत का आयात बिल भी 15 अरब डालर तक बढ़सकता है। दुनिया जंगलराज की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला अपने विरोधी का खत्म करने और वहां अपने हितों के अनुरूप सत्ता कायम करने के लिएही किया है। इस युद्ध के कुचक्र से कोई बच नहीं सकेगा। अगर मध्यपूर्व में युद्ध लंबा चला और विश्वयुद्ध जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं तो दूरगामी परिणाम होंगे। इस समय ईरान घायल शेर की तरह है। वह अपने स्वाभिमान और अस्तित्व को बचाने के लिए शहादत देने के लिएतैयार है। वह ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका के पालतू देशों के एयर और नेवी बेस को लगातार नुक्सान पहुंचा रहा है। अमेरिका और इजराइल के लिए दांव काफी नुक्सानदेह साबित हो सकता है। मानवता की रक्षा के लिए युद्ध रोकने के प्रयास किएजाने चाहिए। अमेरिका और इजराइल पर लगाम जरूरी है वर्ना नियम आधारित व्यवस्था के निशान भी पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे।

# होली पर आयोजन

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

होली के अवसर पर मुझे भगवान के ऐसे कीर्तन में शामिल होना बहुत अच्छा लगता है जिसमें प्रसिद्ध हिट फिल्मी धुनों पर ठुमकते, कीर्तन मंडली के सजे धजे नायक 'कृष्ण' बांसुरी मुंह से छुआए क्रम से सबके पास आकर फूलों से बना रंग लगाते हैं और भेंट में नकद रुपए लेकर उठते हैं और पुन: नर्तन करने लगते हैं। ऐसे कार्यक्रम से व्यक्ति धार्मिक, आध्यात्मिक, उत्सवधर्मी हृदय महसूस करता है। मन बहुत अधिक भावना विभोर हो उठता है। आभास होने लगता है, होली पर अगर भगवान् कृष्ण किसी रूप में आ जाएं तो छोटा सा कार्यक्रम भी महा प्रसिद्ध आयोजन में बदल सकता है।



इस संभावित आयोजन की पोस्ट मैंने फेसबुक पर डाल दी तो लाईक करने वाले समझदारों ने ऑर्गैनिक रंग अग्रिम डालने शुरू कर दिए। पिचकारियों में, हाथ से बाल्टी भर रंग फेंकना शुरू कर दिया। कल्पनाशील मित्रों ने आग्रह दिया कि होली के मौका पर रंगभरा रास भी आयोजित किया जाए। इस आयोजन के लिए साथी साथ लाने का वायदा भी किया जाने लगा। रास रचाने के लिए आतुर गोपियों के प्रस्ताव आने लगे यह प्रशंसा करते हुए कि भगवान कृष्ण के प्रिय नृत्य रास के रस के बिना होली कैसे मनाई जा सकती है।

हमारे एक पुराने दोस्त बांसुरी बजाते और आजकल डीजे भी चलाते हैं उन्होंने हमें फोन कर अधिकार से कहा, प्यारे धर्म का काम कर रहा है, चिंता न करो बांसुरी भी बजा देंगे और डीजे पर भक्तों को नचा भी देंगे। हमें लगा क्या मैं ऐसा धार्मिक जुलूस जैसा कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा हूँ जिसमें युवा विद्यार्थियों को भांग का घोटा पिलाकर, दो केले खिलाकर, डीजे की धुन पर फिल्मी धुन वाले भजनों पर सड़क पर कई घंटे नचाया जा सकता है। कुछ शुभचिंतकों ने सलाह दी कि किसी की व्यवसायिक सेवाएं ली जाएं तो आयोजन का रंग निखर उठेगा और भगवान अति प्रसन्न हो जाएंगे। खूब सारी आमदनी होनी भी सुनिश्चित होगी। हमारे मन और तन से टेसू के फूल, केवड़े की मादक सुगंध, कोयल की कूक, आम के बौर और पुरानी गोपियां भी बाहर आने लगे थे।

एक ख़ास बात, उस रात जब कृष्ण स्वप्न में आए तो वे आकर्षक स्वप्निल वस्त्रों में रहे लेकिन बांसुरी नहीं बजा रहे थे। उनके पांव के नीचे घास हरी मुलायम न होकर उदासी के रंग में लिपटी थी जिसमें तीखे कांटे भी थे। उनमें से कुछ कांटे उनके पांवों को घायल कर चुके थे और कुछ कांटे उनके हृदय की तरफ बढ़ रहे थे, उनकी पसंदीदा दर्जनों गाएं उनसे दूर मुंह छिपाए खड़ी थी। खास बात यह कि उनके सिर से मोर का पंख गायब था। हमने जैसे ही उनसे बात करने का निवेदन किया, ख्वाब बिखर गया।

सुबह होने पर इससे पहले कि पत्नी को स्वप्न बारे बताते उन्होंने खुश होकर बताया, इस बार महा सामाजिक क्लब वालों ने एआई द्वारा निर्मित गोपियों और कृष्ण का भव्य रास कार्यक्रम आयोजित किया है। टिकट ऑनलाइन मिल रहे हैं, मैंने रात को ही बुक कर लिए हैं। उसी शो में प्रसिद्ध बांसुरी वादक 'राग चैन' प्रस्तुत करेंगे और वास्तविक रंगों से होली भी खेली जाएगी ताकि परम्परा जारी रहे। ऐसे आध्यात्मिक आयोजन में जाने से कौन इनकार कर सकता था।

# पेट्रोल, डीज़ल के दाम कंट्रोल में रखने सरकार ने बनाई रणनीति

नीरज कुमार दुबे

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता बढ़ा दी है। अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने कच्चे तेल की आपूर्ति को प्रभावित किया है, जिसका सीधा असर तेल आयात पर निर्भर देशों पर पड़ रहा है। इस बीच, दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में शामिल भारत ने संभावित आर्थिक झटके से निपटने के लिए तैयारी तेज कर दी है। हम आपको बता दें कि विशेष चिंता का विषय Strait of Hormuz है, जो वैश्विक तेल आपूर्ति का एक प्रमुख समुद्री मार्ग है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाला बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आ सकता है। इसका असर भारत की आयात लागत, चालू खाता घाटे और महंगाई दर पर पड़ सकता है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, भारत ने एहतियातन कई कदमों पर विचार शुरू कर दिया है। पेट्रोल और डीज़ल के निर्यात को सीमित करने की रणनीति तैयार की जा रही है ताकि घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। तेल विपणन कंपनियों को पर्याप्त भंडार बनाए रखने और जरूरत पड़ने पर आपूर्ति प्राथमिकता से घरेलू उपभोक्ताओं को देने के निर्देश दिए गए हैं।



भारत के पास वर्तमान में सीमित रणनीतिक भंडार है। अनुमान है कि कच्चे तेल का भंडार लगभग 17ङ्क18 दिनों की जरूरत पूरी कर सकता है, जबकि पेट्रोल और डीज़ल का स्टॉक करीब तीन सप्ताह तक चल सकता है। यदि संकट लंबा खिंचता है, तो सरकार को वैकल्पिक आपूर्ति स्रोतों पर अधिक निर्भर होना पड़ सकता है।

इसी दिशा में भारत ने रूस सहित अन्य देशों से अतिरिक्त कच्चा तेल आयात बढ़ाने के विकल्पों पर विचार किया है। बीते वर्षों में रूस से रियायती दरों पर तेल खरीद भारत के लिए लाभदायक साबित हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण इस संकट के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके साथ ही [illegible] और [illegible] आपूर्ति भी चिंता का विषय है, क्योंकि भारत अपनी खपत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। यदि समुद्री परिवहन में व्यवधान आता है, तो घरेलू गैस वितरण पर दबाव बढ़ सकता है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार घरेलू उत्पादन बढ़ाने और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को सक्रिय करने पर जोर दे रही है।

आर्थिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं, तो इसका असर महंगाई, परिवहन लागत और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ेगा। इससे विकास दर पर भी दबाव आ सकता है। हालांकि सरकार का दावा है कि वह बाजार की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर त्वरित हस्तक्षेप करेगी। निर्यात क्षेत्र को भी संभावित जोखिमों के बारे में सतर्क किया गया है। परिवहन लागत में वृद्धि और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा से व्यापार प्रभावित हो सकता है। सरकार ने निर्यातकों को आश्वासन दिया है कि आवश्यक वित्तीय और नीतिगत समर्थन उपलब्ध कराया जाएगा।

कुल मिलाकर, मध्य पूर्व का यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक आर्थिक चुनौती बनता जा रहा है। भारत ने समय रहते रणनीतिक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, ताकि ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को बनाए रखा जा सके। आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम यह तय करेंगे कि संकट कितना गहरा होता है और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका कितना व्यापक असर पड़ता है।

# दशकों तक अमेरिकी सुरक्षा के भरोसे बैठे रहे खाड़ी देश अपना माथा पीट रहे

दशकों तक खाड़ी के समृद्ध अरब देशों ने अपनी सुरक्षा की बागडोर अमेरिका के हाथों में सौंप रखी थी। तेल की दौलत, चमकते महानगर और वैश्विक निवेश के दम पर उन्होंने अपने आपको स्थिरता और सुरक्षित ठिकाने के रूप में प्रस्तुत किया। पर अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। ताजा घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि खाड़ी की चमकदार इमारतों के पीछे असुरक्षा की दरारें गहरी हो चुकी हैं।



ईरान ने पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी देशों पर जिस तेजी और तीव्रता के साथ हमले किए उससे अमेरिका के भरोसे बैठा हर देश चौंक गया है। भले ही अमेरिका और इजरायली हमलों से ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा हो और सैकड़ों लोग मारे गए हों, लेकिन असली सवाल यह है कि इस टकराव में ज्यादा दांव पर किसका लग हुआ है? देख जाए तो संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देश आर्थिक रूप से कहीं अधिक संवेदनशील स्थिति में हैं। पश्चिम एशिया लगभग साढ़े चार लाख करोड़ डॉलर की सकल घरेलू उत्पाद वाली विशाल आर्थिक पट्टी है। दुबई के किसी आलीशान होटल पर मिसाइल गिरने की तस्वीरें ही निवेशकों के भरोसे को चकनाचूर करने के लिए काफी हैं।

1990 के दशक के खाड़ी युद्ध का दौर अलग था। तब पश्चिम एशिया की पहचान मुख्य रूप से तेल और गैस उत्पादक क्षेत्र की थी। दुनिया को ऊर्जा चाहिए थी और युद्ध समाप्त होते ही व्यापार फिर पटरी पर लौट आता था। लेकिन आज की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। संयुक्त अरब अमीरात की अर्थव्यवस्था का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा गैर तेल क्षेत्रों पर आधारित है। ओमान में यह आंकड़ा 73 प्रतिशत, कतर में 66 प्रतिशत और सऊदी अरब में 57 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। वित्त, अचल संपत्ति, पर्यटन और वैश्विक सेवाओं में इन देशों ने भारी निवेश किया है। दुबई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की सूची में दुनिया के अग्रणी शहरों में शामिल हो चुका है। इन देशों ने अपने आपको स्थिर, सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल केंद्र के रूप में गढ़ा है। पर जब ड्रोन और मिसाइलों की खबरें सुर्खियां बनती हैं, तब यह पूरी छवि दरकने लगती है। भले ही अधिकतर हमले रोके जा रहे हों, लेकिन निवेशक, पर्यटक और प्रवासी श्रमिक भयभीत होते हैं। खाड़ी की समृद्धि का बड़ा आधार यही प्रवासी श्रमिक हैं, जिनमें लाखों भारतीय भी शामिल हैं। उनके जरिए अरबों डॉलर की धनराशि भारत सहित कई देशों में भेजी जाती है। यदि युद्ध की आशंका बढ़ती है तो यह आर्थिक धारा भी प्रभावित होगी। ओमान के सूत्रों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता आगे बढ़ रही थी और कई मांगों पर सहमति भी बन चुकी थी। ऐसे में युद्ध की नौबत टाली जा सकती थी। हालांकि हाल की घटनाओं ने हालात को जटिल बना दिया है, फिर भी संवाद की राह पूरी तरह बंद नहीं हुई है। खाड़ी के शासकों को अब खुलकर संघर्ष विराम के लिए पहल करनी होगी। केवल अमेरिका पर निर्भर रहना अब पर्याप्त नहीं दिख रहा।

भारत के लिए भी यह समय निर्णायक है। ऊर्जा सुरक्षा, दस लाख से अधिक भारतीय कामगारों की मौजूदगी और भारी धन प्रेषण के कारण भारत का सीधा हित इस क्षेत्र से जुड़ा है। भारत की संतुलित कूटनीति और दोनों पक्षों के साथ संवाद की क्षमता उसे मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है। अमेरिका ने दावा किया है कि वह अभियान को कुछ ही सप्ताह में समेट सकता है, लेकिन पश्चिम एशिया इतने लंबे इंतजार का जोखिम नहीं उठा सकता। हर बीतता दिन निवेश और स्थिरता पर चोट कर रहा है। खाड़ी देशों को अब निर्णायक, आक्रामक और स्पष्ट पहल करनी होगी। यह केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं, बल्कि आर्थिक भविष्य और वैश्विक साख की जंग है। यदि समय रहते शांति की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो चमकते महानगरों की रोशनी पर बारूद का साया और गहरा हो सकता है।

# बिना रहम के ईरान पर मिसाइलों की बारिश करता रहेगा अमेरिका

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच अमेरिका और ईरान में तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन प्रमुख ने बुधवार को घोषणा की कि अमेरिकी सेना ईरान में बिना किसी संयम के ऑपरेशन चला रही है और आसमान पर पूर्ण वर्चस्व स्थापित कर मौत और विनाश बरसा रही है। एक तरफ जहां व्हाइट हाउस अमरिकी सैनिकों के इस अभियान को रणनीतिक सफलता बता रहा है, तो वहीं दूसरी ओर ईरान ने अमेरिका पर आवासीय क्षेत्रों, स्कूलों और अस्पतालों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया है। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए पेंटागन प्रमुख पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान में सैकड़ों नागरिकों की मौत सहित हताहतों की संख्या बढ़ने के साथ ही अमेरिकी सेना युद्ध के नियमों में ढील दे रही है और बिना किसी खास संयम (दया) के कार्रवाई कर रही है। हम उन्हें तब मुक्के मार रहे हैं, जब वे गिरे हुए हैं, और यही सही तरीका है।



हेगसेथ ने कहा, ईरानी नेता हर मिनट, हर दिन केवल अमेरिकी और इजरायली हवाई शक्ति को ही देख रहे हैं, जब तक कि हम यह तय नहीं कर लेते कि यह सब खत्म हो गया है, और ईरान इसके बारे में कुछ भी नहीं कर पाएगा। ईरान के ऊपर अमेरिकी जेट विमान आसमान को नियंत्रित कर रहे हैं, लक्ष्य चुन रहे हैं और दिन भर आसमान से मौत और विनाश बरसा रहे हैं।

वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने एक्स पर लिखा, हेगसेथ की टिप्पणियां युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की स्वीकारोक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। केवल नाजी मानसिकता वाला व्यक्ति ही अपने आका की इच्छाओं को पूरा करने के लिए ठंडे खून से किसी दूसरे राष्ट्र पर मौत और विनाश का कहर बरपा सकता है।

## हमने कोई मिसाइल नहीं दागी, नाटो के एक्शन के बाद ईरान की सफाई

**नई दिल्ली।** ईरान और तुर्किए के बीच जारी कूटनीतिक तनाव उस वक्त चरम पर पहुंच गया, जब तुर्किए के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि नाटो की रक्षा प्रणालियों ने ईरान से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को पूर्वी भूमध्य सागर के ऊपर नष्ट कर दिया है। एक ओर तुर्किए ने इस कार्रवाई को संप्रभुता के खिलाफ एक शत्रुतापूर्ण कार्रवाई बताते हुए ईरान को चेतवानी दी, वहीं ईरान के सशस्त्र बलों ने इन दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने तुर्किए की ओर कोई मिसाइल नहीं दागी है। बुधवार को तुर्किए रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ईरान से दागा गया एक बैलिस्टिक गोला-बारूद, जिसे इराकी और सीरियाई हवाई क्षेत्र से गुजरते हुए तुर्की हवाई क्षेत्र की ओर बढ़ते हुए देखा गया था, उसे पूर्वी भूमध्य सागर में तैनात नाटो की वायु मिसाइल रक्षा संपत्तियों द्वारा समय रहते निष्क्रिय कर दिया गया। हालांकि, तुर्किये ने यह भी कहा कि यह स्पष्ट नहीं था कि मिसाइल का निशाना कहां था। इसमें कहा गया है कि कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है, और यह भी कहा गया है कि अंकारा अपने खिलाफ किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है, इसके साथ ही संबंधित पक्षों को संघर्ष को बढ़ाने से बचने की चेतावनी दी गई है। तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश अपने नाटो सहयोगियों के साथ परामर्श करके सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहा है और इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए स्पष्ट शब्दों में चेतावनी जारी कर रहा है।

## मैंने अपनी ड्यूटी पूरी की : कार्की

**काठमांडू (वार्ता)।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने देश में हो रहे संसदीय चुनाव पर खुशी जाहिर की है और कहा है कि उन्होंने अपनेर्ग्तव्य का निर्वहन किया है। हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार श्रीमती कार्की ने काठमांडू के चुनाव क्षेत्र-5 में धापासी निम्न माध्यमिक विद्यालय फियामलचुली के मतदानत केंद्र पर वोट डाला। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने चुनाव के उत्साहपूर्ण संचालन से खुशी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने अपने नेतृत्व को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, मैंने अपनी ड्यूटी पूरी की है। देश में चुनाव हो रहे हैं और मैं बहुत खुश हूँ। गौरतलब है कि पिछले साल सितंबर महीने में हुए जेन जेड आंदोलन के कारण नेपाली कांग्रेस के समर्थन वाली खड्ग प्रसाद शर्मा ओली की सरकार को इस्तीफा देना पड़ा था और इसके बाद श्रीमती कार्की नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री बनी थीं। नेपाल में संसद के नीचले सदन के 275 सीटों के लिए हो रहे मतदान के दौरान दौरान विभिन्न दलों के कई बड़े नेताओं और अधिकारियों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर दिया।

## ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में सैन्य संसाधनों की तैनाती की पुष्टि की

**कैनबरा, (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ ने पुष्टि की है कि ऑस्ट्रेलिया ने नागरिकों की स्वदेश वापसी में सहायता प्रदान करने के लिए पश्चिम एशिया में सैन्य संसाधनों की तैनाती की है।

श्री अल्बानीज़ ने संसद में कहा कि सरकार ने इस सप्ताह की शुरुआत में पश्चिम एशिया में सैन्य संसाधन तैनात किये थे जो चल रहे संघर्ष के कारण व्यापक यात्रा व्यवधानों के बीच क्षेत्र में फंसे ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों की मदद करने के लिए आकस्मिक योजना का हिस्सा है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तैनात सैन्य संसाधनों में एक परिवहन विमान और एक ईंधन भरने वाला विमान शामिल है।सरकार ने बुधवार को कहा कि वह नागरिकों को अतिरिक्त कांसुलर सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मामलों और व्यापार विभाग से छह आपात प्रतिक्रिया टीमों को पश्चिम एशिया में तैनात कर रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के पश्चिम एशिया क्षेत्र में 1,15,000 नागरिक हैं जिनमें से लगभग 24,000 संयुक्त अरब अमीरात में हैं।

## रूस जल्द रोक सकता है ईयू को गैस आपूर्ति : पुतिन

**मॉस्को,(वार्ता/ शिन्हुआ)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस वाणिज्यिक फायदे के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों को उम्मीद से पहले प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रोक सकता है।

श्री पुतिन ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि ईयू देश 'एक महीने में रूसी गैस की खरीद पर नयी रोक लगाने और एक साल में उन्हें पूरी तरह से बैन करने की योजना बना रहे हैं।' उन्होंने कहा, दूसरे बाजार अब खुल रहे हैं। शायद हमारे लिए अभी यूरोपीय बाजार में आपूर्ति रोकना और नयी दिशाओं में निर्यात स्थापित करना ज़्यादा फायदेमंद होगा। इसमें कोई राजनीतिक मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ 'खुलकर सोचे गये विचार' हैं। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। ईयू की परिषद ने जनवरी में ईयू में रूसी पाइपलाइन गैस और लिक्विफाइड प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर प्रतिबंध को मंज़ूरी दी। इसके तहत एलएनजी के लिए जनवरी 2027 से और पाइपलाइन गैस के लिए 2027 के पतझड़ से पूरा प्रतिबंध लागू होगा।

## अज़रबैजान का आरोप, ईरान से ड्रोन उसके इलाके में उतरे

**बाकू, (वार्ता)।** अज़रबैजान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान ने कई ड्रोन भेजकर उसकी सरज़मीन पर हमला किया है। यह पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच अज़रबैजान पर पहला हमला है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ईरान के हवाई हमलों में नखचिवान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टर्मिनल इमारत को निशाना बनाया गया, जबकि एक अन्य ड्रोन हमला शकराबाद गांव की एक स्कूली इमारत के करीब हुआ। मंत्रालय ने कहा कि हवाई अड्डे पर हुए हमले में दो लोग घायल हो गये। बयान में कहा गया, हम ईरानी क्षेत्र से किये गये इन ड्रोन हमलों की घोर निंदा करते हैं। इन हमलों में हवाई अड्डे की इमारत को नुकसान हुआ है और दो लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मंत्रालय ने कहा कि उसने अपना विरोध ज़ाहिर करने के लिए अज़रबैजान में ईरान के राजदूत को तलब किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। उसने मांग की कि ईरान स्थिति पर स्पष्टीकरण जारी करे और सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों मंत्रालय ने कहा, अज़रबैजान के पास उपयुक्त जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है।

## ओमान में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा संबंधी परामर्श जारी किया

**मस्कट, (वार्ता)।** ओमान में मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को देश की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए वीजा संबंधी परामर्श जारी कर कहा है कि यात्रियों को आगमन से पहले विजिट या टूरिस्ट वीजा प्राप्त करना अनिवार्य है। दूतावास ने एक बयान में कहा, यात्रियों को रॉयल ओमान पुलिस की वेबसाइट पर अधिकृत ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से पहले से ई-वीजा के लिए आवेदन करना होगा। आगमन पर वीजा (वीजा ऑन अराइवल) की सुविधा उन भारतीय नागरिकों के लिए भी उपलब्ध है जिनके पास अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जापान या शेंगेन क्षेत्र का वैध वीजा या निवास परमिट है। ऐसे यात्री 14 दिनों तक के लिए प्रवेश कर सकते हैं, बशर्ते उनके पास वापसी का टिकट, होटल बुकिंग और स्वास्थ्य बीमा हो। परामर्श में कहा गया है कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देश बहरीन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले और वैध रेजिडेंट कार्ड रखने वाले भारतीय नागरिक भी वीजा ऑन अराइवल के पात्र हैं। दूतावास ने हालांकि स्पष्ट किया कि जीसीसी देशों के छात्र रेजिडेंट कार्ड धारकों को ओमान में प्रवेश करने से पहले विजिट वीजा प्राप्त करना आवश्यक है।

## खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता देने की योजना बना रहा है इटली

**रोम,(वार्ता)।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को कहा कि वह ईरानी हमलों को देखते हुए खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता भेजने पर विचार कर रही हैं। सुश्री मेलोनी ने रेडियो स्टेशन आरटीएल 102.5 के साथ बातचीत में कहा, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की तरह इटली भी खाड़ी देशों को रक्षा एवं वायु रक्षा के क्षेत्र में सहायता भेजने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है क्योंकि उनके साथ हमारे संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि इस क्षेत्र में हज़ारों इतालवी लोग रहते हैं और दो हज़ार इतालवी सैनिक वहां तैनात हैं। ये वे लोग हैं जिनकी हम रक्षा करना चाहते हैं, और हमें

## जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य : योगी

**गोरखपुर, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में जनता के साथ बुधवार दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद गुरूवार को आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक.एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात करने के बाद कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

## मातुआ समुदाय के अधिकारों को छीनने की कोशिशों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा : ममता

कोलकाता, (वार्ता)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार मातुआ समुदाय के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी और उनके अधिकारों को छीनने की कोशिशों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। सुश्री बनर्जी ने मातुआ समुदाय की आध्यात्मिक नेता बीणापाणि देवी (बड़ोमां) की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए यह आश्वासन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाकर मातुआ समुदाय के मतदाताओं के बीच भ्रम और असुरक्षा पैदा कर रही है।

हाल ही में जारी अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख नाम हटाए जाने के आरोपों के बीच यह मुद्दा सामने आया है। उत्तर 24 परगना और नदिया जैसे जिलों में मातुआ समुदाय के कई लोगों के नाम प्रभावित होने की खबरें हैं। साथ ही कई नामों को विचाराधीनश्रेणी में भी रखा गया है, जिससे समुदाय के बीच नागरिकता को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुश्री ममता बनर्जी ने कहा कि बड़ो मां ने जीवन भर इन आदर्शों को संजोए रखा और उनके नेतृत्व में मातुआ महासंघ सामाजिक समानता और भाईचारे का मजबूत स्तंभ बना। उन्होंने बड़ो मां के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें उनका



मातृस्नेह प्राप्त हुआ, जो उनके जीवन का बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बड़ो मां को उनके सामाजिक योगदान के लिए राज्य के सर्वोच्च सम्मान बंग विभूषण से सम्मानित किया था।मुख्यमंत्री ने मातुआ महासंघ के सामाजिक सुधार में योगदान का उल्लेख करते हुए श्री हरिचंद ठाकुर और श्री गुरुचंद ठाकुर की विरासत को याद किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के नेतृत्व में चला आंदोलन दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण रहा है।

मुख्यमंत्री ने मातुआ समुदाय के लिए राज्य सरकार की कई योजनाओं और विकास परियोजनाओं का भी जिक्र किया। इनमें मातुआ विकास बोर्ड और नामशूद्र विकास बोर्ड का गठन, हरिचंद-गुरुचंद विश्वविद्यालय की स्थापना, गाइघाटा में पी.आर. ठाकुर गवर्नमेंट कॉलेज, पेयजल परियोजना जलतृप्ति, इछामती नदी और बालडेंघाटा नहर पर पुल, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा किसानों के लिए मंडी जैसी परियोजनाएं शामिल हैं।मतदाता सूची से मातुआ समुदाय के नाम हटाए जाने के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिकता देने के नाम पर राजनीति की जा रही है और जिन लोगों की पीढ़ियां इस देश की नागरिक रही हैं, उन्हें अब फिर से नागरिकता के नाम पर अनिश्चितता में डाला जा रहा है।

## कर्नाटक सरकार कर रही है वित्तीय संकट का सामना : विजयेन्द्र येदियुरप्पा

**हुबली,(वार्ता)।** कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेन्द्र येदियुरप्पा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि राज्य की कांग्रेस सरकार गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रही है, क्योंकि वह अपने चुनावी वादों, विशेष रूप से पांच गारंटी योजनाओं को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में असमर्थ है। श्री येदियुरप्पा ने कहा, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार अपने वादों, पांच गारंटियों को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में विफल रही है। इसी वजह से पिछले तीन वर्षों में मुख्यमंत्री ने बार-बार कीमतों में बढ़ोतरी का सहारा लिया है। अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईंधन, आवश्यक वस्तुओं और बिजली की कीमतों में बार-बार हो रही वृद्धि सरकार के वित्तीय दबाव को दर्शाती है।

## भाजपा का काम गठबंधन साथियों को धोखा देना : पटोले

मुंबई, (वार्ता)

कांग्रेस विधायक नाना पटोले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया है कि उसने बार-बार अपने गठबंधन साथियों के खिलाफ साजिश कर उन्हें धोखा दिया है। श्री पटोले ने गुरूवार को मीडिया से बात कहा कि महाराष्ट्र में श्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव हुए थे और बिहार में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में। लेकिन महाराष्ट्र में श्री शिंदे मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री बन गए और बिहार में नीतीश कुमार को राज्यसभा जाने के लिए बाध्य किया गया है। उन्होंने कहा, भाजपा ने हमेशा अपने गठबंधन के साथियों के साथ साजिश की है और महाराष्ट्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। श्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़े गए और सरकार सत्ता में आई लेकिन श्री शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बने। श्री पटोले ने बिहार के राजनीतिक हालात का जिक्र करते हुए कहा, बिहार में चुनाव श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़े गए थे। भाजपा को वहां भी जीत मिली। अब उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद भाजपा का अपने साथियों को धोखा देने की एक रवायत रही है।कांग्रेस विधायक ने आरोप लगाया कि बिहार में अचानक नेतृत्व परिवर्तन लोगों के जनादेश के साथ धोखा है, जिससे राज्य में बदलते राजनीतिक समीकरण की आलोचना बढ़ गई। कांग्रेस के महासचिव और सूचना प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी ने राज्य के चुनाव अभियान के दौरान ऐसी संभावना के बारे में बार-बार चेतावनी दी थी।

## अमेरिका-ईरान युद्ध पर मोदी की चुप्पी देश के लिए खतरनाक संकेत : सिसोदिया

नयी दिल्ली, (वार्ता)

आम आदमी पार्टी ने अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल खड़ा करते हुये कहा कि यह देश के लिए खतरनाक संकेत है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आज कहा कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी भारत के लिए खतरनाक संकेत है। अमेरिका इस युद्ध की तैयारी कई महीने से कर रहा था। उसे पता था कि युद्ध शुरू होने के बाद तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है फिर भी अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिए भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया। ऐसे में देशवासी जानना चाहते हैं कि क्या अमेरिका ने हमारे प्रधानमंत्री को गुमराह किया या फिर खुद प्रधानमंत्री अमेरिका को खुश रखने के लिए भारत के हितों से समझौता किया? उन्होंने कहा कि आज एक भारतीय होने के नाते मन में कुछ बेहद गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ठीक एक महीने पहले श्री मोदी अमेरिका के साथ एक ट्रेड डील करते हैं। उस डील में अमेरिका की एक अहम शर्त मान ली जाती है कि भारत रूस से तेल आयात नहीं करेगा। हम रोज़ाना इस्तेमाल होने वाले तेल का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदते हैं इसलिए किसी एक या दो स्त्रोत को बंद कर देना सिर्फ़ एक कूटनीतिक फैसला नहीं होता। यह सीधे इस बात से जुड़ा होता है कि देश में तेल की आपूर्ती स्थिर रहेगी या नहीं, कीमतें नियंत्रित रहेंगी या नहीं और संकट के समय देश के पास विकल्प बचेंगे या नहीं। इसी को ऊर्जा सुरक्षा कहा जाता है।



आप नेता ने कहा कि इस फैसले के सिर्फ़ 20 दिन बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू हो जाता है। खुद अमेरिका की सरकार कह रही है कि इस युद्ध की तैयारी कई महीनों से चल रही थी। मतलब उन्हें पहले से पता था कि युद्ध होने वाला है। उन्हें यह भी पता था कि इससे तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद भारत से रूस का तेल छोड़ने का फैसला करवा लिया गया। उन्होंने कहा कि कल अमेरिका ने इस युद्ध को लगभग भारत के दरवाज़े तक ला खड़ा किया। 24 घंटे बीत गए, लेकिन प्रधानमंत्री के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला। यह चुप्पी सिर्फ़ चुप्पी नहीं है, बल्कि यह एक खतरनाक संकेत है। दुनिया में क्या संदेश जा रहा है कि भारत की सीमाओं के पास कोई भी आकर युद्ध कर सकता है और भारत का प्रधानमंत्री चुप बैठा रहेगा?

# फिल्म/टीवी मनोरंजन

## अक्षय कुमार और शिखर धवन ने 'भूत बंगला' के सेट को बनाया क्रिकेट मैदान

हाल ही में भूत बंगला का सेट एक मिनी क्रिकेट ग्राउंड में बदल गया, जहां अक्षय कुमार, शिखर धवन के साथ क्रिकेट खेलते नजर आए। 14 साल के लंबे इंतजार के बाद, बॉलीवुड की मशहूर एक्टर-डायरेक्टर जोड़ी अक्षय कुमार और प्रियदर्शन भूत बंगला के लिए फिर से साथ आ रहे हैं, और इस खबर ने फैन्स के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट पैदा कर दी है। ये दोनों हिंदी सिनेमा को कुछ सबसे पसंदीदा कॉमेडी फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं। इस बार, वे एक हॉरर-कॉमेडी के साथ वापसी कर रहे हैं जो डर और हंसी दोनों का वादा करती है। बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म से उनके सिग्नेचर ह्यूमर, परफेक्ट कॉमिक टाइमिंग और उस क्लीन फैमिली एंटरटेनमेंट के वापस आने की उम्मीद है जिसने उनकी पिछली फिल्मों को इतना पॉपुलर बनाया था।



हाल ही में %भूत बंगला% का सेट एक मिनी क्रिकेट ग्राउंड में बदल गया जब अक्षय कुमार अपनी वही संक्रामक एनर्जी कैमरे के पीछे भी ले आए। पर्दे के पीछे के एक मजेदार वीडियो में, सुपरस्टार किसी और के साथ नहीं बल्कि शिखर धवन के साथ क्रिकेट खेलते नजर आए, जिसे देख क्रू मेंबर्स ऐसे चीयर करने लगे जैसे कोई स्टेडियम मैच चल रहा हो। जो एक कैजुअल गेम के तौर पर शुरू हुआ था, वो देखते ही देखते सेट पर एक फुल-ऑन क्रिकेट फीवर में बदल गया, जहाँ शॉट्स के बीच हंसी-मजाक और टीम स्पिरिट छाई रही।

मजा तब और बढ़ गया जब अक्षय ने पूरे क्रू को एक ओपन चैलेंज दे दिया और जीतने वाली टीम के लिए नकद इनाम का ऐलान भी कर दिया। इस दोस्ताना मुकाबले ने सेट पर एक अलग ही रोमांच और भाईचारा भर दिया, जिससे यह साफ हो गया कि फिल्म के डर और पागलपन के अलावा, सेट पर टीम वर्क और मस्ती का राज था। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का पहला गाना राम जी आके भला करेंगे रिलीज किया है, और रिलीज के बाद से ही इसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। यह गाना फिलहाल सभी प्लेटफॉर्म पर ट्रेंड कर रहा है और फैन्स को इसका वाइब्रेंट अंदाज बहुत पसंद आ रहा है। अक्षय कुमार की वही जबरदस्त एनर्जी, सटीक कॉमिक टाइमिंग और शानदार डांस मूव्स ने पुरानी यादें ताजा कर दी हैं, जो दर्शकों को उनकी क्लासिक फिल्मों की याद दिलाती हैं।

बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड के एक डिवीजन, बालाजी मोशन पिक्चर्स ने केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ मिलकर भूत बंगला पेश किया है, जिसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव नजर आएंगे।

## रोज़ सरदानाअपनी अगली शूटिंग के लिए नाशिक रवाना

बहुचर्चित फ्रेंचाइज़ी भूल भुलैया 3 से जुड़ने के बाद अभिनेत्री रोज़ सरदाना अब अपने अगले रोमांचक प्रोजेक्ट की ओर बढ़ चुकी हैं। प्रतिभाशाली अभिनेत्री रोज़ सरदाना इन दिनों नासिक की खूबसूरत वादियों में जेसी लीवर के साथ शूटिंग कर रही हैं, और यह नई जोड़ी पहले ही दर्शकों के बीच उत्सुकता जगा चुकी है। अपने भावपूर्ण अभिनय और सहज आकर्षण के लिए जानी जाने वाली रोज़ इंडस्ट्री में लगातार अपनी अलग पहचान बना रही हैं। नासिक का यह शेड्यूल प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सा बताया जा रहा है, जहाँ शहर की मनमोहक पृष्ठभूमि में कई महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग की जा रही है। हालांकि कहानी से जुड़ी जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार रोज़ इस प्रोजेक्ट में एक जीवंत और ऊर्जावान किरदार निभाती नजर आएंगी, जो उनके अभिनय के एक नए रंग को दर्शकों के सामने लाएगा। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए रोज़ ने कहा, हर प्रोजेक्ट आपको कुछ नया सिखाता है, और यह प्रोजेक्ट मेरे लिए बहुत खास है। नासिक में शूटिंग करना बेहद खूबसूरत अनुभव रहा है. इस जगह की ऊर्जा सचमुच पर्दे पर दिखाई देती है। जेसी के साथ काम करना बहुत मज़ेदार रहा; हमारे दृश्यों में एक स्वाभाविक तालमेल है। मैं उत्साहित हूं कि दर्शक मेरा यह नया रूप देखें।



## संदीपा धर ने 'चुंबक' की शूटिंग पूरी की



अभिनेत्री संदीपा धर ने अपनी आगामी ओटीटी सीरीज़ चुंबक की शूटिंग पूरी कर ली है। संदीपा ने इस बात की जानकारी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए फैंस के साथ साझा की है। साथ ही पोस्ट के माध्यम से इस प्रोजेक्ट की शूटिंग खत्म होने की खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने टीम के साथ अपने अनुभव को भावुक और संतोषजनक बताया। हालांकि उन्होंने चुंबक की कहानी या अपने किरदार के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया है, लेकिन उनके संदेश से यह साफ है कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बेहद खास है। गौरतलब है कि 'चुंबक' सीरीज़ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है और माना जा रहा है कि इसमें संदीपा एक नए और दमदार अंदाज में नजर आएंगी। फिलहाल इस सीरीज़ की रिलीज डेट और कहानी से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन शूटिंग पूरी होने के साथ ही यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन की ओर बढ़ चुका है।

## काशिका कपूर ने होली पर जानवरों के प्रति दया दिखाने का आग्रह

काशिका कपूर ने लोगों से होली पर जानवरों के प्रति दया दिखाने का आग्रह किया है। जानवरों के प्रति अपने प्रेम और उनके कल्याण के लिए लगातार आवाज उठाने के लिए जानी जाने वाली काशिका ने इस होली एक मजबूत रुख अपनाया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे जानवरों पर रंग न लगाएँ। उनका कहना है कि जहाँ होली खुशी और एकता का प्रतीक है, वहीं आवारा कुत्ते, बिल्लियाँ, पक्षी और अन्य जानवर इस दौरान चुपचाप तकलीफ झेलते हैं। हाल ही में एक बातचीत में काशिका ने कहा,होली खुशियाँ बांटने का त्योहार है। लेकिन जानवरों के लिए यह डर और असुविधा का दिन बन सकता है। रंगों में मौजूद केमिकल उनकी त्वचा, आँखों और फर को नुकसान पहुँचा सकते हैं। तेज आवाज़ और अफरा-तफरी भी उन्हें तनाव में डाल देती है। आइए, जिम्मेदारी से जश्न मनाएँ और उन्हें सुरक्षित रखें। पशु कल्याण संगठनों ने भी लंबे समय से चेतावनी दी है कि जानवरों पर रंग लगाने से बचना चाहिए, क्योंकि कई सिंथेटिक गुलाल में हानिकारक तत्व होते हैं, जो त्वचा पर चकत्ते, संक्रमण और यहाँ तक कि जहरीला असर भी पैदा कर सकते हैं, खासकर जब जानवर खुद को साफ करते समय इन्हें निगल लेते हैं।



# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय आवासीय शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा के द्वारा मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में प्राचार्य डॉ आर.के. राजपूत के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शन सिंह किरार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सीरेगांव में सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर दिनांक23/02/2026 से 01/03/2026 तक आयोजित किया है जिसका भव्य समापन ग्राम पंचायत सीरेगांव में हुआ द्य इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सात दिन ग्राम पंचायत सीरेगाँव में बौद्धिक चर्चा के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर ग्राम वासियों को जागरूक किया द्य प्रत्येक दिवस के बौद्धिक सत्र में उपस्थित मुख्य वक्ताओं का राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह बैच के माध्यम से स्वागत सम्मान किया गया द्य समस्त गतिविधियों का संचालन डॉ दर्शन सिंह किरार के द्वारा किया गया द्य शिविर के प्रथम दिवस बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली एवं बौद्धिक सत्र व्याख्यान रखा गया जिसने मुख वक्त ग्राम सरपंच श्री महेंद्र पटेल एवं हाई स्कूल प्राचार्य रुक्मणी ठाकुर रही रहे द्य द्वितीय दिवस पर नशा मुक्ति विषय पर ग्राम वासियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामो से अवगत कराया द्य तृतीय दिवस मतदाता जागरूकता पर ग्राम वासियों को अपने मत एवं उसके महत्व विषय को विस्तार से बताया गया कार्यक्रम



के मुख्य वक्ता डॉ. टीकाराम रहे द्य चतुर्थ दिवस वृक्षारोपण में वृक्षों की उपयोगिता एक पेड़ मां के नाम एवं एवं वृक्षों से होने वाले मनुष्य के जीवन पर उनके प्रभावों को स्पष्ट किया मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जवाहरलाल शुक्ला प्राध्यापक गाडरवारा रहेद्य पंचम दिवस स्वच्छता पर केंद्रित रहा जिसमें स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की समस्त ग्राम वासियों को शपथ दिलाई गई एवं ग्राम को स्वच्छ रखने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन लिया गया इस दिवस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संस्था के प्राचार्य डॉ. आरके राजपूत एवं डॉ. कमलेश डेहरिया रहे द्यछाटवा दिवस साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता विषय पर केंद्रित रहा कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ.सोनिका सहाय रही द्य सप्तम दिवस प्राचार्य आर.के.राजपूत एवं ग्राम पंचायत सरपंच श्री महेंद्र पटेल,ललित सिंह राजपूत, विशाल सिंह ठाकुर,डॉ.जवाहरलाल शुक्ला,डॉ.शिवराज सिंह गंगोलिया,डॉ. प्रदीप सिंह आदि अनेक प्राध्यापकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण किया गया इन कार्यक्रमो का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्वयंसेवक यशवंत कौरव,चंद्रभान गोड़,आकाश कौरव, , ऋषभ कौरव, सचिन मेहरा,साहिल राजपूत,भारत जाटव,श्री रोहित दुबे,श्री सोहन, श्री अक्षांश श्रीवास्तव, संजीव केवट, ऋतुराज कौरव , मनीष कुशवाहा, अभय कुशवाहा, आकाश केवट, संजीव केवट, बृजपाल राजपूत, सोमेश लोधी,लोकेश कुमार, हरिओम कुशवाहा, निखिल राय,संजू हरिजन,अनुराग विश्वकर्मा,, रोहित दुबे अहिरवार,साहिल,सोमेश, अभिषेक ,अंकित, ,संजू जाटव,अमन जाटव, आकेश जाटव साहिल राजपूत धर्मेंद्र ठाकुर ,शिवम राजपूत,देवेंद्र,सूरज तुलसीराम,अक्षय,दीपक,भवानी अहिरवार,अभिराज हेमंत कुशवाह तथा छात्रा सहयोगी विशेष कार्यक्रमों में शिवानी कौरव,सुरभि,श्रद्धा कौरव,जय राजपूत,दीपांशी राजपूत, संयोगिता राजपूत,शिवानी जाटव,अनुराधा ठाकुर, सुषमा ठाकुर, महक चौरसिया,यशवती कोरी,खुशी शर्मा, नंदिनी सितारे,अनीता कुमार,दिव्या राजपूत,साक्षी कुशवाहा,प्रीति कहार आदि अनेक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय आवासीय शिविर का भव्य समापन एवं पुरस्कार वितरण स्थानीय महाराणा प्रताप शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा के द्वारा मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में प्राचार्य डॉ आर.के. राजपूत के निर्देशन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दर्शन सिंह किरार के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सीरेगांव में सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर दिनांक23/02/2026 से 01/03/2026 तक आयोजित किया है जिसका भव्य समापन ग्राम पंचायत सीरेगांव में हुआ द्य इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सात दिन ग्राम पंचायत सीरेगाँव में बौद्धिक चर्चा के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर ग्राम वासियों को जागरूक किया द्य प्रत्येक दिवस के बौद्धिक सत्र में उपस्थित मुख्य वक्ताओं का राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह बैच के माध्यम से स्वागत सम्मान किया गया द्य समस्त गतिविधियों का संचालन डॉ दर्शन सिंह किरार के द्वारा किया गया द्य शिविर के प्रथम दिवस बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर रैली एवं बौद्धिक सत्र व्याख्यान रखा गया जिसने मुख वक्त ग्राम सरपंच श्री महेंद्र पटेल एवं हाई स्कूल प्राचार्य रुक्मणी ठाकुर रही रहे द्य द्वितीय दिवस पर नशा मुक्ति विषय पर ग्राम वासियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामो से अवगत कराया द्य तृतीय दिवस मतदाता जागरूकता पर ग्राम वासियों को अपने मत एवं उसके महत्व विषय को विस्तार से बताया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. टीकाराम रहे द्य चतुर्थ दिवस वृक्षारोपण में वृक्षों की उपयोगिता एक पेड़ मां के नाम एवं एवं वृक्षों से होने वाले मनुष्य के जीवन पर उनके प्रभावों को स्पष्ट किया मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जवाहरलाल शुक्ला प्राध्यापक गाडरवारा रहेद्य पंचम दिवस स्वच्छता पर केंद्रित रहा जिसमें स्वच्छता पखवाड़ा मनाने की समस्त ग्राम वासियों को शपथ दिलाई गई एवं ग्राम को स्वच्छ रखने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन लिया गया इस दिवस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संस्था के प्राचार्य डॉ. आरके राजपूत एवं डॉ. कमलेश डेहरिया रहे द्यछाटवा दिवस साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता विषय पर केंद्रित रहा कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ.सोनिका सहाय रही।

सप्तम दिवस प्राचार्य आर.के.राजपूत एवं ग्राम पंचायत सरपंच श्री महेंद्र पटेल,ललित सिंह राजपूत, विशाल सिंह ठाकुर,डॉ.जवाहरलाल शुक्ला,डॉ.शिवराज सिंह गंगोलिया,डॉ. प्रदीप सिंह आदि अनेक प्राध्यापकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण किया गया इन कार्यक्रमो का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायक राज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अनेक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

## कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के प्रयासों से मां नर्मदा के पथिकों को बड़ी सौगात

### नरसिंहपुर को मिली जुगपुरा-हीरापुर के बीच हिरन नदी पर 16 करोड़ के पुल की बड़ी सौगात

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले में मां नर्मदा के परिक्रमा पथ पर चलने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं मां नर्मदा के अनन्य भक्त प्रह्लाद सिंह पटेल के विशेष प्रयासों से हीरापुर क्षेत्र के जुगपुरा में हिरन नदी पर लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण को स्वीकृति मिली है यह पुल विशेष रूप से मां नर्मदा की परिक्रमा करने वाले पथिकों और स्थानीय ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया जाएगा हिरन नदी से परिक्रमा वासियों एवं ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है पुल निर्माण से इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा कैबिनेट मंत्री श्री पटेल लंबे समय से इस मांग को लेकर प्रयासरत थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण परियोजना को मूर्त रूप दिलाया है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि उनके प्रयासों से न केवल परिक्रमा मार्ग सुगम होगा, बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को भी आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापार में सुविधा मिलेगी स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने इस घोषणा पर हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री श्री पटेल के प्रति आभार प्रकट किया है। उनका कहना है कि यह पुल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा जिससे आने वाले समय में मां नर्मदा के पथिकों को सुरक्षित और सुगम मार्ग उपलब्ध हो सकेगा।

## कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष सिंघार 10 मार्च को आएंगे

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश में आज किसान, युवा, महिलाएं और कमजोर तबके के लोग प्रताड़ित हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने अमेरिका के आगे घुटने टेक कर देश के हितों की अनदेखी की है अमेरिका की शर्तों पर डील कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाने का कार्य कर दिया है भविष्य में इसके दुष्परिणाम देश को भुगतना पड़ेंगे। उक्त आरोप जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल लगाते हुए बताया कि 10 मार्च को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघारगाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूखाखैरी में दोपहर 12 बजे किसान चौपाल को संबोधित करेंगे। श्रीमती पटेल ने दोनों नेता चौपाल को संबोधित करने साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं लोगों से भी मिलेंगे।

श्रीमती पटेल ने जिले के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से अनिवार्य रूप से 10 मार्च को सूखाखैरी पहुंचाने की अपील बैठक में की। उक्त बैठक में पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण धनीराम पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटेल, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रूद्रेश तिवारी, जिला एन एस यू आई ईशान राय आदि ने सभी से 10 मार्च को ग्राम सूखाखैरी पहुंचने को कहा। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए।



## हर्षोल्लास से मनाई होली गूंजे जोगीरा के स्वर

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** गायत्री योग समिति नरसिंहपुर द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास से होली मनाई गई ।सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ सदस्य बी एस पटेल ने भक्त पहलाद की भक्ति और होलिका दहन पर प्रकाश डाला। योगाचार्य एन सी जैन विजय भैया ने त्यौहार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि होली बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत का पर्व है ।ओज हास्य कवि अशोक त्रिपाठी ने अपने चुटीले हास्य व्यंग्य और होली की रचनाओं से सभी का भरपूर मनोरंजन किया कुछ इस तरह से...होली में मदमस्त हैं नगर हवेली धाम,ब्रज में होरी खेलते राधा उर घनश्याम,राधा उर घनश्याम बाज रय ढ़ोल मजीरा,मिलकर गा रय सभी,जोगीरा सा रा रा रा र,। गायक सुधीर दुबे ने होली गीत राधा संग मोहन खेंले होली, ब्रज में मोहन खेंले होली,गाकर रंग गुलाल की छटा बिखेरी। प्रेमशंकर राघव ने होली की फागे गांई ।होली रंग गुलाल के इस आयोजन में राव वीरेंद्र सिंह जाट छत्रपाल कोरी प्रेमशंकर राघव बी एस पटेल विजय जैन शिवप्रसाद साहू शरद साहू नीरज शर्मा मोती कश्यप श्रीकांत नामदेव राजेश जाट रामकुमार जाट जे के पटेल आर के पटवा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

## नवनियुक्त जिला भाजपा उपाध्यक्ष महीष मोदी का किया सम्मान

नरसिहपुर। स्वतंत्रमत।

विद्यासागर स्वाध्याय भवन में गत दिवस दिगम्बर जैन महासभा जिला-नरसिंहपुर की बैठक आयोजित की गयी ।सभा की शुरुआत उपस्थित जनो के द्वारा पूज्य आचार्य श्री जी के चित्र के सामने द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात गोटेगांव ,करेली गाडरवारा ,तेंदूखेड़ा ,आमगांव एवं जिले भर से पधारे सभी सम्माननीय जनों का तहसील इकाई नरसिंहपुर के सदस्यों के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। सभा का कुशल संचालन महामंत्री श्री अजय जी जैन तेंदूखेड़ा ने करते हुए विगत कुछ माह में महासभा नरसिंहपुर द्वारा किए गए कार्यों को सभा के सामने रखा। जिसकी सभी सदस्यों के द्वारा ताली बजाकर अनुमोदना की गई । तत्पश्चात सभा में उपस्थित सदस्यो के द्वारा आगामी कार्य योजना के लिए



अनेक विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे गए...उन समस्त विषयो को समझते हुये और उन पर सभी के साथ विचार विमर्श कर आगामी दो-तीन माह की कार्य योजना बनाई गई।

इस सभा मे महासभा के संरक्षक सदस्य के रूप में सुभाष जैन थाला वाले गाडरवारा ,महासभा अध्यक्ष श्री राजकुमार जैन गोटेगांव, महामंत्री अजय जैन तेंदूखेड़ा, कोषाध्यक्ष संजय जैन संगम नरसिंहपुर , मीडिया प्रभारी आशीष जैन करेली, जैन समाज नरसिंहपुर के अध्यक्ष श्री प्रदीप ,नरसिंहपुर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुधीर जी सिंघई ,गाडरवारा से श्री अनूप जैन ,राजीव जैन थाला वाले , तेंदूखेड़ा से महेश मोदी ,पंकज स्वदेशी , गोटेगांव से पंकज जैन अनुपम माल ,डा साब,राजीव जैन ,करेली से राकेश जैन ,राकेश बड़कुल ,मुकेश सिंघई ,राजेश जैन आमगांव, श्रीकांत मोदी नरसिंहपुर से मनीष जैन मंगलम , राकेश जैन गुड्डू भैया ,सुनील मोदी लाट साहब , रजनीश जैन शुभमंगलम , सिंघई शरद जैन चावल वाले प्रतीक जैन पूर्व पार्षद, मुकेश जैन बाहुबली ,सुधीर जैन संगम, सुधीर जैन आरटीओ ,नीलेश मलैया आदि अनेक सदस्य शामिल हुए इस अवसर पर दिगंबर जैन महासभा जिला नरसिंहपुर एवं स्थानीय नरसिंहपुर जैन समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष महीश मोदी का अभिनंदन कर सम्मान किया गया।

## ससुर ने बहू पर किया कुल्हाड़ी से हमला, गंभीर हालत में दमोह रेफर

### हटा थाना क्षेत्र के गांधी वार्ड की घटना

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा थाना क्षेत्र के गांधी वार्ड में घरेलू विवाद के चलते ससुर द्वारा बहू पर कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को पहले सिविल अस्पताल हटा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया गया। घायल महिला सीमा पटेल (40) ने बताया कि वह गुरुवार सुबह भाईदूज का व्रत रख रही थी। इसी दौरान



किसी बात को लेकर उसके ससुर मुन्ना पटेल ने विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर ससुर ने पहले अपने बेटे के साथ मारपीट की। जब वह अपने पति को उपचार के लिए ले जाने की तैयारी कर रही थी, तभी ससुर ने पीछे से उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में घायल होने के बाद महिला किसी तरह हटा थाना पहुंची और घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल हटा भिजवाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

## आज विश्व श्रवण दिवस मनाया जायेगा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** आज 6 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल डीईआईसी में समस्त श्रवण रोग से पीड़ित रोगियों की जाचं की जायेगी। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अठ्या ने बताया कि जिन भी रोगियों को कम सुनाई देता हो, कान बेहता हो, कान का पर्द फटा हो या सुनने से संबंधित अन्य कोई समस्या हो तो वह इस शिविर में आकर अपनी निःशुल्क जांच करा सकते है। ईएनटी विषेशज्ञ डॉ. सुधीर आर्य ने बताया कि ऐसे बच्चे जो जन्म से गूगें बहरे है या जिन्हें कम सुनाई देता है ऐसे जन्मजात गूगे बहरे बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कराते है जिससे बच्चा सुनने लगाता है और स्पीच थैरेपी से बोलने लगता है। इसी प्रकार अधिक उम्र के लोगों की श्रवण क्षता की जांच निःशुल्क की जायेगी। जांच उपरांत रोगियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र व उपचार कराने में सहयोग किया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल ने बताया कि जिला अस्पताल में श्रवण जांच हेतु अधुनिक मशीने व साउंडप्रूफ रूम उपलब्ध है जिससे सभी रोगियों की श्रवण जांच की जायेगी।

## अनुपस्थित को नोटिस जारी निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह द्वारा की गई समीक्षा के दौरान विभागवार प्राप्त शिकायतों उनके निराकरण की स्थिति एवं संतुष्टि स्तर की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही या औपचारिकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति गंभीरता व्यक्त करते हुए अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज, निवास, बीजाडांडी, मंडला तथा आयुष अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए अपर कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

### तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** वनमण्डल पश्चिम मंडला के रेंज महाराजपुर अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार में आज अग्नि सुरक्षा एवं तेंदूपत्ता शाखकर्तन संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेंजर श्रीमती वैशाली नामदेव एवं आईएफएस अधिकारी आकाश साहू उपस्थित रहे। कार्यशाला में अधिकारियों ने वनों को आग से बचाने के लिए जनसहयोग अपील की। उन्होंने बताया कि भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 79 (1) के तहत वन क्षेत्र से लाभान्वित प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह वन क्षेत्र में लगी आग को बुझाने में वन कर्मियों की सहायता करें। इस अवसर पर नागरिकों को सिगरेट बीड़ी एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थों को वनों के आसपास न छोड़ने तथा महुआ संग्रहण के दौरान विशेष सावधानी बरतने की समझाइश दी गई।

## वरिष्ठ जनों ने मनाया रंगारंग होली मिलन समारोह

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** होली धुरेरी के पावन पर्व पर नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद की ओर से बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर में रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें फाग रसिया होली क्षणिकाएं गीत ग़ज़ल और व्यंग्य विनोद कविताओं सहित होली के रोचक संस्मरणों से हंसी ठिठोली सहित लोगों का भरपूर मनोरंजन हुआ।

वरिष्ठ सदस्यों में डी डी गोस्वामी मदनलाल गोपाल शर्मा गणेश कुमार चतुर्वेदी ने त्यौहार की पृष्ठभूमि रखते हुए कहा कि होली प्रेम स्नेह भाईचारा और



आपसी सद्भाव सौहार्द का पर्व है ।डा महेश त्रिपाठी ने होली की कविता तो अशोक गुप्ता अरूण कुमार खरे राजेश जाट बी एस मेहरा ऋषि महोबिया ने होली की हास्य क्षणिकाएं फुलझड़ियां प्रस्तुत कर सबको हंसाया। प्रेमशंकर राघव ने होली की फागे गाकर प्रेमरस घोला ।धनपत तिवारी जी ने ब्रज में होली खेलें रघुवीरा ..अपने अंदाज में गाया।

प.सी बी शर्मा ने मोरी भींगी अंगिया सारी,मत मारो श्याम पिचकारी सुनाकर सभी को आनंदित किया ।कविवर अशोक त्रिपाठी ने आयोजन में समा बांधते हुए अपनी हास्य कविताओं से सभी का भरपूर मनोरंजन यूं किया...इधर होली पर झाड़ू पौंछा बर्तन और किचन के बोझ से मेरा दिल फूटकर रो रहा है उधर श्रीमती कान्हा की भक्ति में लीन होकर गा रही हैं प्रभू आपकी कृपा से सब काम हो रहा है,करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है।

सतीश गुप्ता भगवत मेहरा नरेश जाट सी बी साहू पं.राजेश दूबे अशोक नेमा आर के नागवंशी बी डी रूसिया भोपत साहू सुरेश राय ने भी होली के रोचक संस्मरण सुनाए ।अंत में रंग गुलाल लगाकर और गले मिलकर सभी ने होली की बधाईयां हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का मजेदार रोचक संचालन अशोक त्रिपाठी ने किया आभार प्रदर्शन ऋषि महोबिया ने किया।

# रंगोत्सव पर बच्चों ने कलेक्टर संग खेली रंगों की होली

## होली खेलने के साथ साथ बच्चों पारंपरिक व्यंजनों सहित चटपटे स्वाद का आनंद उठाया





कटनी (स्वतंत्रमत)

रंगों के पर्व होली पर कलेक्टर आशीष तिवारी बच्चों के साथ बच्चे बने नजर आए। उन्होंने आसरा बाल गृह के बच्चों की नटखट टोली के साथ कलेक्टर निवास में रंग और गुलाल की जमकर होली खेली और बच्चों की खुशियों में शामिल हुए। बच्चों ने यहां गुझिया, जलेबी, खस्ता, कचौड़ी, आलू टिकिया -मटर चाट, पानी पूरी, आइसक्रीम सहित भांति-भांति के लजीज व्यंजनों और मिठाईयों का जायका लिया। इस दौरान जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी, एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया एवं विजयराघवगढ़ एसडीएम विवेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, तहसीलदार अजीत तिवारी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी। कलेक्टर ने निज निवास पर आयोजित होली कार्यक्रम में बाल गृह के बच्चों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया। जहां कलेक्टर ने बच्चों के साथ करीब 3 घंटे तक जमकर होली खेली। बच्चों की खुशियों में शामिल कलेक्टर को, बच्चों ने रंग और गुलाल से सराबोर कर दिया।

### बच्चों की खुशी से दोगुना हुआ पर्व का उत्साह

कलेक्टर के साथ नटखट अंदाज में होली खेल रहे बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। कलेक्टर ने भी बच्चों के साथ बच्चा बन खेली रंगों की होली। कलेक्टर के साथ होली खेलकर बच्चे बेहद खुश हुए। बच्चों की इसी खुशी ने रंगोत्सव के उल्लास और उत्साह को दोगुना कर दिया। कलेक्टर के साथ-साथ जिले के मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी बच्चों के साथ होली खेली। बच्चों के साथ बच्चा बनकर होली का आनंद उठाते अधिकारियों की खुशी भी देखते ही बनती थी। होली खेलने के साथ-साथ बच्चों ने होली के पारंपरिक व्यंजनों सहित चटपटे स्वाद का आनंद उठाया। इस दौरान आसरा बाल गृह के संचालक सहित कलेक्ट्रेट और अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# गरिमामयी सेवायात्रा पूर्ण कर रामचंद्र शुक्ला हुए सेवानिवृत्त



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिला कटनी पुलिस विभाग में पदस्थ उप निरीक्षक रामचंद्र शुक्ला ने 28 फरवरी को अपना दीर्घकालीन, गरिमामयी और प्रेरणादायी सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। रामचंद्र शुक्ला ने 10 अगस्त 1985 को पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर सेवायात्रा प्रारंभ की। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और विवेकपूर्ण कार्यशैली से अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा जनता का विश्वास अर्जित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने विभागीय कार्य संस्कृति को सुदृढ़ किया और सदैव अधीनस्थों को प्रेरित किया। 28 फरवरी 2026 को वे उनि पद से सेवानिवृत्त हुए। समारोह में शुक्ला को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु, स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, थाना प्रभारी कैमोर आशीष शर्मा, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत सहित सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के परिजन एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त एवं सीईओ ने जी प्लस टू ई-लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

## शेष कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करानें अधिकारियों को दिए निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)



केसीएस स्कूल परिसर में डी.एम.एफ. मद से 101.74 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन जी प्लस टू ई-लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहा एवं जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा की समीक्षा कर शेष कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से साथ शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री असित खरे एवं क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा ने बताया कि डीएमएफ मद से 2092 वर्ग फुट पर दो तल की ई-लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है जिसके प्रथम तल मे 8 बाई 8 वर्ग फुट के दो बाथरूम की सुविधा सहित कुल छात्रों की बैठक क्षमता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। निगमायुक्त परिहार एवं सीईओ कौर द्वारा ई-लाइब्रेरी में कराये जा चुके कुल कार्य का अवलोकन करते हुए कार्य के भुगतान की वर्तमान स्थिति तथा शेष कार्य में खर्च होने वाली अतिरिक्त राशि की भी जानकारी ली गई। तथा अधिकारियों एवं संबंधित कार्यपालन एजेंसी को निर्देशित किया कि शेष निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल संसाधनों से युक्त ई-लाइब्रेरी सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इस दौरान उपस्थित तकनीकी अमले से निर्माण से संबंधित कई आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। निगमायुक्त एवं सीईओ ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास एवं डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, अतः कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# वाहन चोरी कर भाग रहे आरोपी को स्लीमनाबाद में वाहन चैकिंग के दौरान रंगे हाथों पकड़ा

कटनी (स्वतंत्रमत)







03 मार्च को फरियादी रितेश सोनी पिता स्व. राजेश सोनी उम्र 38 वर्ष नि. राममनोहर लोहिया वार्ड थाना कोतवाली कटनी का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि 02 मार्च को शाम करीब 06 बजे दुकान से आने के बाद अपनी बुलट मो.सा. क्र. एम.पी. 49 जेडसी 2124 को घर के बाहर खड़ा किया था। रात में गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। जो 03 मार्च को सुबह करीब 07 बजे उठकर देखा तो मेरी मो.सा. बुलेट घर के बाहर नही थी। गाड़ी को आसपास ढूढा परंतु नही मिली। मेरी बुलेट गाड़ी को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है। फरियादी द्वारा थाना उपस्थित आकर की गई रिपोर्ट पर अप.क्र. 230/26 धारा 303(2) बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना माल मशरूका की पता तलाश हेतु रेडियो मैसेज के माध्यम से जिले के सभी थानों में तत्काल सूचना दी गई एवं घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे आदि चैक किए गए। इसी दौरान थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदेही व्यक्ति लाल रंग की बुलेट मो.सा. लेकर स्लीमनाबाद की तरफ जाते देखा गया है। जो प्राप्त सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा थाना प्रभारी स्लीमनाबाद से संपर्क कर संदेही के बारे में अवगत कराया, साथ ही चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड उनि. सिद्धार्थ राय व उनकी टीम को तत्काल स्लीमनाबाद तरफ रवाना किया गया। प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी स्लीमनाबाद द्वारा तत्काल अपने स्टाफ के साथ आने-जाने वाले रास्तों में वाहन चैकिंग लगाई गई। जो चैकिंग के दौरान ही संदेही उक्त चोरी की बुलट मो.सा. के साथ निकला जो पुलिस चैकिंग को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी करके पकड़ा गया। मौके पर थाना कोतवाली की टीम भी पहुंच गई। संदेही से उसका नाम व पता पूछने पर अपना नाम मोहम्मद दानिश खान पिता मोहम्मद हुसैन उम्र 20 वर्ष नि. जाकिर हुसैन वार्ड जमदीश किराना स्टोर के सामने थाना गोहलपुर जिला जबलपुर का होना बताया। साथ में लिए हुए वाहन बुलेट के बारे में पूछने पर कभी स्वयं की गाड़ी होना तो कभी अपने दोस्त से मांगकर लाना बताया। संदेही से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उक्त वाहन को बस स्टेण्ड कटनी के पास से चोरी करना बताया। आरोपी को मय चोरी के वाहन के विधिवत गिरफ्तार किया जाकर थाना कोतवाली कटनी लाया गया। पकड़े गए आरोपी से अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की गई है एवं आरोपी का पूर्व अपराधिक रिकार्ड भी चैक किया जा रहा है। पकड़े गए आरोपी का नाम व पता- मोहम्मद दानिश खान पिता मोहम्मद हुसैन उम्र 20 वर्ष नि. जाकिर हुसैन वार्ड जगदीश किराना स्टोर के सामने थाना गोहलपुर जिला जबलपुर बरामद मशरूका- रायल इनफील्ड मो.सा. क्र. एम.पी. 49 जेडसी 2124 कीमती 205000 रू थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के द्वारा बताया गया कि पकड़ा गया वाहन चोर एक शातिर अपराधी है जिसके विरूद्ध पूर्व से 01 प्रकरण थाना गोहलपुर जबलपुर में पंजीबद्ध होना पाया गया है। आरोपी नशा करने का भी आदि है जो अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# संतोष बहरे के काव्य-संग्रह अंतर्व्यथा से अंतर्कथा का विमोचन

कटनी (स्वतंत्रमत)



जालपा देवी वार्ड में माता के मन्दिर के सम्मुख लोकप्रिय स्कूल एमसीबी के संचालक व प्रतिष्ठित नागरिक एवं कवि संतोष बहरे के प्रथम काव्य-संग्रह अंतर्व्यथा से अंतर्कथा का विमोचन नगर के प्रतिष्ठित कवियों और नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, इस गरिमामय कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि मनोहर मनोज ने की जबकि मुख्य अतिथि की आसंदी पर पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाविद, समाजसेवी सुकीर्ति जैन विराजमान रहे और विशिष्ट अतिथि द्वय डॉ. एस के खंपरिया व सतीश आनन्द मंचासीन रहे, सर्वप्रथम अतिथियों को सम्मान सहित मंचासीन किया गया, तत्पश्चात अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना की गयी। पूजा के पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और वरिष्ठ कवि विष्णु बाजपेई ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सरस्वती वन्दना के पश्चात काव्य-संग्रह अंतर्व्यथा से अंतर्कथा तक का विमोचन किया गया, पुस्तक की प्रस्तावना और समीक्षा विद्वान कवि डॉ. एस के खंपरिया ने प्रस्तुत की प्रस्तावना के पश्चात कृतिकार ने अपनी कुछ कविताएं बानगी स्वरूप सबके सम्मुख प्रस्तुत कीं उपस्थित जनसमूह व कवियों ने करतल ध्वनि से कृतिकार को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान कीं। दूसरे चरण में अनिल मिश्रा, शरद जायसवाल, रामनरेश विद्यार्थी, पवन समीर, विष्णु बाजपेई, ध्रुव यादव, रवीन्द्र रवि, राजा अवस्थी, ईश्वर दास पुरवार, पुष्पा गुप्ता प्रांजलि, हीरामणी बरसैंया, सतीश आनन्द और डॉ. एस के खंपरिया ने काव्य पाठ किया। जिसे उपस्थित जन समूह ने सराहा, मुख्य अतिथि के उद्बोधन के बाद कार्यक्रम का सफल संचालन सतीश आनन्द ने किया आभार संतोष बहरे ने किया। भारती बहरे, सुभद्रा सोनी, सुनीता सोनी, कु. आभाषिका बहरे, कु प्रिया बहरे, कु पलक मिश्रा, नरेश बहरे, मंगल प्रसाद बहरे, देवेंद्र बहरे, अंशुल बहरे, श्रेयांश सुहाने, वंशखंपरिया, डॉ. चौरसिया, पत्रकार सिद्धेश मिश्रा तथा अंशुल बहरे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 9 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में नि:शुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी, निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी। ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहां सीटें खाली हैं, तो आर.टी.ई. पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# होली के दिन मारपीट कर हत्या करने वाले पति पत्नी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)




कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के कुशल मार्ग दर्शन में थाना स्लीमनाबाद प्रभारी एवं टीम द्वारा होली के दिन मारपीट कर हत्या करने वाले पति पत्नी को गिरफ्तार करने मे मिली सफलता। 04 मार्च को सूचनाकर्ता दुर्गेश बेन नि ग्राम कौड़ियां थाना स्लीमनाबाद ने लल्लू बेन व रैना बेन के द्वारा पुरानी बुराई को लेकर उसकी एवं उसके पिता की लाठी से मारपीट करने मारपीट से पिता किशोरीलाल की मृत्यु हो जाने की रिपोर्ट थाने पर की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 134/26 धारा 109(1), 115(2), 3(5) का कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी लल्लू उर्फ मुकेश बेन पिता भागचंद बेन उम्र 40 साल व रैना बाई पति मुकेश बेन उम्र 38 साल नि गण ग्राम धनवाही थाना स्लीमनाबाद को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो आरोपी द्वारा अपना जुर्म घटित करना स्वीकार किया जो आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना प्रभारी सुदेश समन, उनि अनिल यादव, सउनि मथुरा प्रसाद, सउनि मानकी धुर्वे, प्रआर 686 तेजप्रकाश सिंह, प्र आर 46 शेख यूसुफ, प्र आर 444 लखन पटेल, आर 340 मनीष पटेल, आर 359 रोहित पाटकर, आर 218 अभिषेक राजावत, आर 41 दीपक यादव, आर 705 सौरभ पटेल, मआर 660 नेहा भट्ट साइबर सेल से आर अजय साकेत, आर सत्येंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# कैमोर की बेटी डॉक्टर अंशिता सिंघई को आईसीडी मेरिट अवार्ड से सम्मानित

कटनी (स्वतंत्रमत)




कैमोर की बेटी डॉक्टर अंशिता सिंघई को राष्ट्रीय मंच पर आईसीडी ने मेरिट अवार्ड दिया बढ़ाया नगर का मान कैमोर इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट के तत्वाधान में वार्षिक दीक्षांत समारोह एवं अवार्ड समारोह गत दिवस गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी द्वारका दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर जूलीओ एच रॉड्रिग्यूज ग्लोबल प्रेसिडेंट तथा डॉ. वीएस कोहली प्रेसिडेंट आईसीडी एवं विशिष्ट अतिथि पद्म डॉ. दिगंबर बेहरा अध्यक्ष नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंस तथा पद्म भूषण डॉ. केके तलवार तथा डॉक्टर वाय के विरवानी तथा डॉ. महेश वर्मा कुलपति गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी डॉक्टर सर्वराज कोहली आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया गया अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई अतिथियों द्वारा आईसीडी न्यूज लेटर का विमोचन भी किया गया तथा आईसीडी के नए मेंबरों को शपथ दिलाई गई मंचासीन अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया इसके साथ ही आईसीडी द्वारा मेरिट अवार्ड दिए गए इसमें मध्य प्रदेश से हितकारिणी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर की डॉक्टर अंशिता सिंघई को प्रतिष्ठित मेरिट अवार्ड उपस्थित अतिथियों द्वारा दिया गया। जिसमें प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दिया गया डॉक्टर अंशिता सिंघई ने अपनी उपलब्धि से पूरे नगर को गौरवान्वित किया है यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है डॉक्टर अंशिता सिंघई को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और समर्पण के लिए यह मेरिट अवार्ड प्रदान किया गया है इस अवसर पर दिल्ली, आंध्र प्रदेश, पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश, चेन्नई आदि राज्यों से दंत चिकित्सा में मैरिट में आए ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टरो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में डॉक्टर आईसीडी के पदाधिकारी तथा सम्मानित डॉक्टर के परिवार जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर अंशिता सिंघई ने अपनी इस सफलता का श्रेय हितकारिणी डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर के डायरेक्टर डॉक्टर राजेश धीरावानी तथा डीन डॉक्टर रोहित मिश्रा तथा रजिस्ट्रार जय केसवानी तथा अपने पिता राजेश सिंघई व माता अनीता सिंघई के मार्गदर्शन को बताया गौरतलब है कि डॉक्टर अंशिता सिंघई ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा डीएवी एसीसी पब्लिक स्कूल कैमोर से की है निश्चित रूप से कैमोर एवं कटनी के लिए गौरव की बात है।

# नगरपालिका परिषद का शताब्दी वर्ष शुजालपुर के हर नागरिक के सम्मान का उत्सव : डॉ. यादव

## शुजालपुर नगरपालिका परिषद ने जन सेवा और लोक कल्याण के 100 वर्ष पूर्ण किए हैं

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नगरपालिका परिषद का शताब्दी वर्ष शुजालपुर के हर नागरिक के सम्मान का उत्सव है। यह हमारी विरासत, उपलब्धियों और सामूहिक संकल्प का पर्व है। जटाशंकर महादेव की असीम कृपा से शुजालपुर नगरपालिका ने जन सेवा और लोक कल्याण के 100 वर्ष पूर्ण किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुजालपुर नगरपालिका के नए भवन के लिए 3 करोड़ रुपए और नगरपालिका क्षेत्र में सड़कों सहित अन्य विकास कार्य के लिए दो करोड़ रुपए नगरपालिका परिषद शुजालपुर को उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को शुजालपुर नगरपालिका परिषद के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शुजालपुर में आयोजित शताब्दी वर्ष समारोह को मंत्रालय भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। शुजालपुर में हुए कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह सिंह परमार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती बबीता परमार उपस्थित रही।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शुजालपुर में स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों में निरंतर प्रगति हो रही है। नगर को राष्ट्रीय रैंकिंग में और बेहतर स्थान पर लाने के लिए आगामी वर्षों में अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि गत 2 वर्षों में शुजालपुर में ऑडिटोरियम और सीसी रोड के लिए 5 करोड़ रुपए, कायाकल्प योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण के लिए 6 करोड़ 60 लाख रुपए, अमृत 2 के अंतर्गत जलप्रदाय के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शुजालपुर वीरों की भूमि रही है। जब पेशवा बाजीराव प्रथम ने मालवा में विजय का परचम लहराया तब शुजालपुर उनकी रणनीतिक प्राथमिकता में था। इस पावन धरा पर पेशवाओं की सेना का नेतृत्व करते हुए राणो जी शिंदे ने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनकी स्मृति में बना भव्य शिव मंदिर और ऐतिहासिक छतरी आज भी हमें शौर्य की प्रेरणा देते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शौर्य और संकल्प की नींव पर आज से ठीक 100 वर्ष पहले 1926 में नगरपालिका परिषद का गठन शुजालपुर में हुआ था। एक उज्जवल भविष्य का संकल्प आज वट वृक्ष बन चुका है। वर्तमान में शुजालपुर विकास का मॉडल बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में जारी गतिविधियों के परिणाम स्वरूप शुजालपुर क्षेत्र में सड़कों, स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं, व्यापार-व्यवसाय गतिविधियों आदि में निरंतर प्रगति हो रही है। परिषद के माध्यम से राज्य सरकार हर घर तक सड़क-बिजली और पानी पहुंचाने के संकल्प को सिद्ध कर रही है। शहर की पेयजल समस्या का समाधान काफी हद तक करने का प्रयास किया गया है। नगर में 21 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत से जमघड़ नदी को साफ रखने की तैयारी है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार के समान होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुजालपुर को विकास के शिखर पर ले जाने के लिए जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने का आहवान किया।

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में गत 2 वर्षों में विकास और जनकल्याण की दृष्टि से क्षेत्र का कायाकल्प हुआ है। मंत्री श्री परमार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से नए और बड़े बस स्टैंड के लिए भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष बबीता परमार ने भी संबोधित किया। शुजालपुर के कार्यक्रम में पूर्व मंत्रीविजेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे।

# हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरता है होली का उत्सवः डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में सभी को दीं मंगलकामनाएं

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेशवासियों को उत्साह, उमंग और समरसता के पावन पर्व होली की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह उत्सव हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरे और समाज में सद्भाव-सकारात्मकता और एकता का रंग सदा चटक रहे यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीयता और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होली पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे नागरिकों के साथ होली की मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। वरिष्ठ और गणमान्य नागरिकों का अभिवादन किया तथा सभी आगंतुकों पर पुष्प वर्षा एवं गुलाल उड़ाकर मेजबान के रूप में सबका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को गुलाल लगाया और पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ उनके सुर में सुर भी मिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री निवास पधारे राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, वरिष्ठ सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मनु श्रीवास्तव, शिवशेखर शुक्ला , प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव , सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह, खाटू श्याम मंदिर भोपाल के प्रमुख प्रचारक पूज्य अनिल आनंद महाराज सहित कई जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार गण और वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगल कामनाएं दीं। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में उड़ते रंग गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच, ब्रज-बरसाने के होली गीतों, पारंपरिक संगीत और मयूर नृत्य के साथ उल्लास और उमंग से सराबोर वातावरण में सभी ने शालीनता के साथ पर्व का आनंद लिया।

मंच पर प्रस्तुति दे रहे कलाकारों ने रंग बरसे, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, होली खेलें रघुवीरा, आज ब्रज में होली रे रसिया जैसे होली गीतों का सस्वर गायन कर सभी के उल्लास को दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री निवास में होली पर्व पर आयोजित मिलन समारोह में सभी को गुजिया, बालूशाही, ठंडाई सहित कई परंपरागत व्यंजन परोसे गए।

# हटा उप जेल में भाईदोज पर्व पर बहिनों ने बंदियों को लगाया तिलक

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** होली उत्सव के बीच गुरुवार को हटा उप जेल में भाईदूज पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में बहनें जेल में निरुद्ध अपने भाइयों से मुलाकात करने पहुंचीं। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनकी कुशलता की कामना की। उप जेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह द्वारा सुबह से ही आयोजित विशेष मुलाकात व्यवस्था के तहत व्यापक इंतजाम किए गए। पारिवारिक और भावनात्मक माहौल में बहनों व परिजनों ने बंदियों से मुलाकात कर भाई दूज का पर्व मनाया। जेल परिसर में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। उन्होने बताया कि निरुद्ध बंदियों से मिलने आने वाली बहनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए गाइडलाइंस के अनुसार स्टाफ की सहायता से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। सभी आगंतुकों को समान समय और अवसर प्रदान किया गया जिससे पर्व की गरिमा और अनुशासन दोनों बनाए रखे जा सके।



# महर्षि स्कूल के प्यून की गोली मारकर हत्या

दमोह (स्वतंत्र मत)।

दमोह देहात थाना क्षेत्र के हथना गांव में महर्षि स्कूल के एक प्यून की बुधवार रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। हत्या का कारण अभी अज्ञात है। मृतक की पहचान चंदू रैकवार 28 साल के रूप में हुई है। चंदू के पिता मलखान रैकवार ने बताया कि उनका बेटा बुधवार दोपहर स्कूल से घर आया था। शाम को वह घर से निकला लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। जब उनके दूसरे बेटे ने चंदू के मोबाइल पर फोन किया तो बंद मिला। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने चंदू की तलाश शुरू की। कुछ ही दूरी पर गांव में चंदू का शव मृत अवस्था में मिला।



परिवार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी जिसके बाद जबलपुर नाका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पिता ने यह भी बताया कि उनके दूसरे बेटे का कुछ दिन पहले जमुनिया गांव में विवाद हुआ था। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि इस विवाद का चंदू की हत्या से कोई संबंध है या नहीं।

मौके पर पहुंचे एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि हथना गांव में चंदू रैकवार की गोली मारकर हत्या किए जाने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया एफएसएल की टीम को बुलाया गया है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। अज्ञात आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं और घटना के कारणों का पता लगाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। होली के दिन दो हत्याओं से दमोह जिले में सनसनी फैल गई है क्योंकि बुधवार सुबह तेजगढ़ थाना क्षेत्र के खारी गांव के जंगल में एक युवक की पत्थर पटक कर हत्या की गई थी। रात में हथना गांव में महर्षि स्कूल के चपरासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस दोनों ही मामलों में आरोपियों की तलाश कर रही है।

## राशि मिश्रा ने सफलता प्राप्त की



**हटा (स्वतंत्र मत)।** राशि मिश्रा ने मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा में गेस्ट फैकल्टी से 76 वी रैंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। इसके पूर्व मप्र माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा में गेस्ट फैकल्टी से मध्यप्रदेश में 1 रैंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की थी। राशि मिश्रा ग्राम हरद्वानी की निवासी है। ग्राम हरद्वानी से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की, उसके बाद हटा में माध्यमिक से हायर सेकेंडरी तक एवं डीएड की शिक्षा प्राप्त की। बाद में स्वस्थ कारणों से प्राइवेट परीक्षा देकर ग्रेजुएशन किया। राशि मिश्र अधिवक्ता संघ हटा के सचिव अनिल प्रकाश मिश्रा की बेटी है।

## राज्यमंत्री पटेल ने सुनी समस्याएं



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने गुरूवार को दमोह जटाशंकर स्थित कार्यालय पर पधारे विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुन समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## कलेक्टर बंगले के 100 वर्ष पूर्ण होने पर होली मिलन समारोह संपन्न



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज होली का त्यौहार है। उन्होंने दमोह जिले के जन-जन को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा आज कलेक्टर बंगले को 100 साल जनवरी में पूर्ण हो गए हैं, तो इस सिलसिले में लगातार अलग-अलग आयोजन कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में जिले के नागरिकों की यह धरोहर है, क्यों न इसे जनता के लिए आज के दिन के लिए समर्पित किया जाए तो आज सभी दमोह जिले के सभी वर्गों, गणमान्य नागरिकों, सबको आमंत्रित किया था और मुझे खुशी है लगातार लोग आये और यह सिलसिला लगातार चला। उन्होंने कहा आज लोगों ने इस 100 साल पुरानी विरासत को देखा है, यहां पर कुछ पल बिताए है और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी हैं।

# दमोह में अनुपयोगी शासकीय भूमि का होगा समुचित विकास : राज्यमंत्री पटेल

## आगामी समय में विस्तृत योजना तैयार की जाएगी : विधायक मलैया

### शहर के विभिन्न स्थानों का राज्यमंत्री और विधायक ने किया निरीक्षण

दमोह (स्वतंत्र मत)।

शहर की अनुपयोगी भूमि एवं स्थलों का सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी उपयोग सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण का उद्देश्य शहर की प्रमुख एवं प्राइम लोकेशनों का सुव्यवस्थित विकास कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस आशय की बात पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने शहर भ्रमण के दौरान अनुपयोगी पड़ी जमीनों का जायजा लेते हुए कही। इस अवसर पर दमोह विधायक जयंत मलैया एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मौजूद रहे।



राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा शहर के विभिन्न ऐसे शासकीय अनुपयोगी स्थलों का निरीक्षण किया गया जिनका वर्तमान में समुचित उपयोग नहीं हो रहा हैं। इन स्थानों पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पार्किंग व्यवस्था, छात्रावास, लाइब्रेरी एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के विकास की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा विधायक श्री मलैया, कलेक्टर श्री कोचर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत योजना तैयार की जाएगी तथा आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर विकास कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा वर्तमान में शहर के मध्य स्थित पशु चिकित्सालय लगभग एक एकड़ भूमि पर संचालित है। यह क्षेत्र शहर का अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त इलाका है, जहां पार्किंग की गंभीर समस्या है, प्रस्ताव है कि इस भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, व्यवस्थित पार्किंग एवं अन्य उपयोगी संरचनाएं विकसित की जाएं। इसके लिए हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से भी चर्चा की जा रही है ताकि सुनियोजित तरीके से विकास कार्य किया जा सके।

पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया ने कहा जिन सरकारी स्थलों की भूमि अव्यवस्थित एवं अनुपयोगी है, उनका बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इस दृष्टी से आगामी समय में राज्यमंत्री पटेल, कलेक्टर कोचर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत योजना तैयार की जाएगी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कुछ जर्जर भवन वर्तमान में उपयोग में नहीं हैं जबकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुरक्षित भवनों में संचालित हो रही है। ऐसे खाली पड़े जर्जर भवनों के स्थान पर नई उपयोगी संरचनाओं के निर्माण की योजना बनाई जाएगी। निरीक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया कि संबंधित भूमि स्कूल शिक्षा विभाग को शैक्षणिक संस्थान विकसित करने के उद्देश्य से लगभग छह एकड़ प्रदान की गई थी। प्रशासन अब इस दिशा में ठोस एवं दीर्घकालिक योजना तैयार करेगा ताकि भूमि का उद्देश्यपूर्ण उपयोग सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा निरीक्षण के पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी। एक समग्र एवं सुनियोजित रणनीति बनाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी जिससे शहर की प्रमुख लोकेशनों का सुव्यवस्थित विकास हो और भविष्य में अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो। राज्यमंत्री लखन पटेल, विधायक जयंत मलैया एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शहर की अनुपयोगी शासकीय भूमि का संयुक्त निरीक्षण किया।

# हटा में बढ़ रही अवैध कॉलोनियां

### कृषि भूमि पर धड़ल्ले से कट रहे आवासीय प्लॉट

### कार्रवाई के अभाव में फलफूल रहा कारोबार

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर में कृषि भूमि का बिना डायवर्सन करा, आवासीय प्लॉट काटकर बेचने का धंधा तेजी से फैल रहा है। रेरा से अनुमति प्राप्त कॉलोनियां नाम मात्र की हैं, जबकि नगर के चारों ओर अवैध कॉलोनियों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। जानकारी सार्वजनिक होने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है। नगर पालिका द्वारा पहले 33 अवैध कॉलोनियों की सूची तैयार की गई थी लेकिन तत्कालीन एसडीएम रीता डहेरिया के स्थानांतरण के बाद यह मामला फाइलों में ही दबकर रह गया। इसके बाद 10 भूमि स्वामियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अवैध रूप से कॉलोनी विकसित कर प्लॉट विक्रय किए जाने के मामले में कलेक्टर को पत्र भेजा गया लेकिन उस पर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। परिणामस्वरूप नगर के आसपास आधा दर्जन से अधिक नई कॉलोनियां बिना अनुमति विकसित हो रही हैं।

**एसडीएम जांच के बाद भी नहीं उठे ठोस कदम** – जानकारी के अनुसार करीब एक वर्ष पूर्व एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम से भूमि स्वामियों की जांच कराई गई थी। जांच में लगभग छह कॉलोनाइजरों के विरुद्ध कार्रवाई योग्य मामला पाए जाने पर कलेक्टर कार्यालय को प्रतिवेदन भेजा गया था लेकिन उन प्रकरणों में भी अब तक कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हो सकी।

**इन भूमि स्वामियों के खिलाफ भेजा गया प्रतिवेदन** – सीएमओ राजेंद्र खरे द्वारा जिन भूमि स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए प्रतिवेदन भेजा गया है उनमें प्रमुख रूप से गणेश पिता राजाराम यादव गंगा झिरिया, फरीद खान पिता यूनिस खान दमोह-पन्ना रोड, बलराम दुबे एवं बृजेश दुबे चंडीजी वार्ड, हरी प्रसाद दुबे लालटेक शास्त्री वार्ड, हर्षवर्धन पांडे मॉडल स्कूल के पीछे, राजाराम यादव सिविल कोर्ट के पीछे, राजेश अग्रवाल सिद्धार्थ पैलेस के पास, भरत योगेश राय नवोदय विद्यालय के सामने सहित अन्य नाम शामिल हैं। इनके विरुद्ध नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

**सूची से गायब बड़े नाम** – मामले का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि गंगा झिरिया क्षेत्र में 50 से अधिक प्लॉट विक्रय किए जाने के आरोपों के बावजूद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल का नाम सूची में शामिल नहीं है। आरोप है कि उनकी पत्नी मायारानी पटेल और पुत्र इंद्रपाल पटेल के नाम से सैकड़ों प्लॉट बेचे जा रहे हैं। इसी क्षेत्र में नगर पालिका के दो पूर्व उपाध्यक्षों द्वारा भी बिना अनुमति आवासीय प्लॉट बेचे जाने की चर्चाएं हैं।

**अनुमति वाली कॉलोनी के आसपास भी प्लॉटिंग** – इधर जीआरपी नगर के नाम से कॉलोनी विकास की अनुमति ली गई है, जिसे पूर्व मंत्री स्व. गंगाराम पटेल के पुत्र राधिका पटेल द्वारा विकसित किया जा रहा है। नगर पालिका इसे अनुमत कॉलोनी मानते हुए कार्रवाई से परहेज कर रही है जबकि इससे लगे खसरा नंबरों पर भी अवैध प्लॉटिंग की शिकायतें सामने आई हैं। यदि रेरा अनुमति वाले खसरों का मिलान किया जाए तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि जिस कॉलोनी को अवैध बताया जा रहा है, वहां तक नगर पालिका द्वारा सीसी रोड का निर्माण भी करा दिया गया है। इससे शासन को पंजीयन शुल्क में भी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

# महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर अधिकार, न्याय और कार्यवाही की थीम पर होंगे विशेष कार्यक्रम

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुँच को सुगम बनाने के लिये अधिकार, न्याय, कार्यवाही - महिलाओं और बालिकाओं के लिए थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में शुक्रवार 6 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी।




कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण मजबूत करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संवाद और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे।

कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने अनुभव और सफल पहल साझा की जाएंगी, ताकि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रभावी मॉडल सामने आ सकें। साथ ही घरेलू कामकाजी महिलाओं द्वारा पॉवर वॉक के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वाभिमान और महिला शक्ति का संदेश दिया जाएगा।

सचिव राज्य महिला आयोग के सुरेश तोमर, सामुदायिक पुलिसिंग के डीआईजी विनीत कपूर, महिला सुरक्षा शाखा के स्पेशल डीजी अनिल कुमार, सेवानिवृत्त एडीजी प्रशिक्षण श्रीमती अनुराधा शंकर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा करेंगी। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही सायबर वेलबीइंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग और अहान फाउंडेशन के बीच एमओयू भी होगा।

# देश भर के लिए रोल मॉडल साबित हो रही जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी टेबल टॉप मार्किंग

## दुर्घटनाओं में आई कमी, सड़क का निरीक्षण करने कई राज्यों से पहुंच रहे अधिकारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नौरादेही क्षेत्र में बनी लाल सड़क यानी टेबल टॉप मार्किंग देश भर के लिए रोल मॉडल बन रही है। दरअसल जंगली जानवर और एक्सीडेंट को कम करने के लिए लगभग 2 किलोमीटर तक बनी रेड सड़क जल्द ही देश के कई और राज्यों में भी नजर आएगी। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अन्य प्रदेशों के अधिकारी इस सड़क के लिए संपर्क कर रहे है। बताया जा रहा है कि तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पंजाब सहित कई अन्य राज्यों के अधिकारी जल्द ही नौरादेही में बनी सड़क का निरीक्षण करने आ रहे हैं। माना जा रहा है कि टेबल टाप मार्किंग सड़क बनने के बाद ना सिर्फ दुर्घटनाओं में पूरी तरह से कमी आई है, बल्कि जंगली जानवरों की मौत भी नहीं हुई है।



### अक्टूबर 2025 में तैयार हुई थी सड़क

आपको बतां दें कि नौरादेही में अक्टूबर 2025 को टेबल टॉप मार्किंग रेड सड़क को तैयार किया गया था। जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नौरादेही अभयारण्य के 12 किलोमीटर लंबे डेंजर जोन को सुरक्षित बनाने के लिए हाइवे में विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, जो देश में पहली बार इस तरह की सड़क बनाई गई है। दरअसल इस इलाके में सैकड़ों हिरन, नीलगाय और अन्य वन्य जीव विचरण करते हैं। जहां पहले टू लेन सड़क पर तेज रफ्तार वाहन अक्सर जानवरों से टकरा जाते थे। कई बार सड़क दुर्घटनाएं भी होती थीं। एनएचएआई ने 12 किलोमीटर लंबे जंगली इलाके में से दो किलोमीटर के संवेदनशील हिस्से में सड़क की सतह पर 5 एमएम मोटी रेड कलर मार्किंग की है, जिसे टेबल टॉप मार्किंग नाम दिया गया है। इस लेयर की वजह से वाहन गुजरते समय हल्के झटके महसूस होते हैं, जो चालक को गति नियंत्रित रखने के लिए सचेत करते हैं। बता दें कि लाल रंग पहले से ही खतरे का संकेत माना जाता है। ऐसे में ड्राइवर मनोवैज्ञानिक रूप से भी लाल रंग को देखते ही गाड़ी की रफ्तार अपने आप कम कर लेता है।

### 2 किलोमीटर के रास्ते में बिछा रेड कार्पेट

इस मार्ग में तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने को लेकर अक्सर नौरादेही के जंगल भरे रास्तों में वाहन से टकराकर जंगली जानवरों की मौत हो जाती थी, इतना ही नहीं एक्सीडेंट भी यहां पर बड़ी संख्या में होते थे, इसको लेकर एनएचएआई ने रोड को डिजाइन करते समय तय किया कि सबसे खतरनाक 2 किमी हिस्से में रेड मार्किंग और मोटी लेयर बिछाई जाएगी। वन्य जीवों की आवाजाही को देखते हुए सड़क के नीचे से 25 अंडरपास भी बनाए गए हैं। ताकि जानवर सड़क पर आए बिना सुरक्षित तरीके से इस पार से उस पार चले जाए।



# बरगी डेम में नहाते समय डूबा युवक, सर्चिंग में जुटी एसडीआरएफ

## बरगी थाना क्षेत्र का मामला, परिजनों ने की नारेबाजी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बरगी डेम के जीरो पॉइंट पर बुधवार को होली खेलने के बाद नहाने गया युवक डूब गया। युवक की पहचान 25 वर्षीय शैलेश नेमा के रूप में हुई। जो अपने दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद डेम पर पहुंचाथा। नहाते समय वह गहरे पानी की ओर बढ़ गया और संतुलन बिगड़ने से डूब गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी की अधिक गहराई और फिसलन भरे पत्थरों के कारण सफल नहीं हो सके। इस घटना की जानकारी मिलते ही जीरो पॉइंट पर सैकड़ों लोग जमा हो गए। बरगी नगर पुलिस चौकी प्रभारी सरिता पटेल मौके पर पहुंचीं और मुख्यालय से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। घटना के बाद परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया और घाट पर नारेबाजी की। बाद में वे पुलिस चौकी पहुंचकर धरने पर बैठ गए और अधिकारियों से जवाब मांगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी अंजुल मिश्रा और थाना प्रभारी नीलेश दोहरे मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को समझाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जीरो पॉइंट पर अक्सर युवाओं की भीड़ रहती है, लेकिन वहां चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग और गोताखोरों की स्थायी व्यवस्था नहीं है। उनका कहना है कि हर साल ऐसे हादसे होते हैं, फिर भी पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं।

# तालाब में नहाने गए नाबालिग की मौत



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** जिले के सिहोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पोंडा गांव में होली खेलने के बाद तालाब में नहाने गए एक नाबालिग की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 16 वर्षीय वेद राय के रूप में हुई है। वह अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहा रहा था, तभी गहरे पानी में जाने से डूब गया। जानकारी के मुताबिक यह घटना बुधवार शाम की है। होली खेलने के बाद वेद राय अपने साथियों के साथ गांव के तालाब में नहाने पहुंचा था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह पानी में लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर सिहोरा थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तलाश अभियान शुरू किया। देर शाम तक खोजबीन के बावजूद वेद का पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह दोबारा शुरू किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान तालाब से उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# एमपी ट्रांसको में सम्मानित होंगें प्रदेशभर के लाइनमैन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में लाइनमैन दिवस के अवसर पर 7 मार्च को प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस (टीएलएम) मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य कार्यक्रम जबलपुर मुख्यालय में आयोजित है,जहां प्रबंध संचालक सुनील तिवारी की उपस्थिति मे लाइनमैन का सम्मान एवं अभिनन्दन किया जायेगा। इसके साथ ही मुख्यालय जबलपुर से विशेष तौर पर नियुक्त किये गए मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं फील्ड के अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी संबंधित टीएलएम मुख्यालयों में पहुंचकर लाइनमैन साथियों का सम्मान एवं अभिनंदन करेंगे। इस अवसर पर प्रबंध संचालक के संदेश का वाचन किया जायेगा एवं सुरक्षा सबंधी शपथ भी ली जायेगी।

# शराब की जगह धोखे से पी लिया कीटनाशक, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में अमित कुशवाहा उम्र 23 वर्ष निवासी छेड़ी बरौदा ने सूचना देकर बताया कि वह खेती किसानी करता है। विगत दिन उसके पिता गुड्डा कुशवाहा होली धुरेड़ी होने के कारण शराब पी लिये थे और घर में शराब की बोतल जहां कीटनाशक की दवाई रखी थी उसी के पास शराब की बोतल रख दिये थे। इसी बीच रात में शराब के नशे में शराब न पीकर कीटनाशक दवाई पी ली।

# एएसआई को टक्कर मार फरार हुआ कार चालक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मदनमहल थाने में बीती रात में शास्त्री ब्रिज में सहायक उप निरीक्षक नंदू सिंह का एक्सीडेंट होने एवं उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को सहायक उप निरीक्षक नंदू सिंह ने बताया कि वह पुलिस लाइन में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। विगत रात लगभग 10 बजे होली डियूटी गोरखपुर थाना अन्तर्गत माण्डवा से वापस अपनी मोटरसाइकिल से पुलिस लाइन लौट रहा था। जैसे ही शास्त्री ब्रिज के ऊपर पहुंचा तभी सामने से आ रही कार का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे वह मोटर सायकल सहित गिर गया वह कार का नम्बर नहीं देख पाया। पुलिस ने मामले दर्ज करते हुए कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# फ्री स्मार्ट मीटर बताकर जनता को किया गुमराह

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 27 फरवरी को विधानसभा में ऊर्जा मंत्री पीएस तोमर ने विधायक सुरेश राजे को जवाब देकर बताया है कि परिसरों में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर का खर्च उपभोक्ताओं से वसूला नहीं जायेगा। ऊर्जा मंत्री द्वारा स्मार्ट मीटर फ्री है, यह बताकर प्रस्तुत जवाब विरोधाभासी है। क्योंकि बिजली कम्पनियों ने 10.19 प्रतिशत रेट बढ़ाने हेतु नियामक आयोग को प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता रिपोर्ट (एआरआर) में स्मार्ट मीटरों के खर्च हेतु 820.62 करोड़ उपभोक्ताओं से वसूला जाये, यह मांग की है। उक्त बतां कहते हुए डॉ. पीपी नाजपांडे ने बताया कि इस एआरआर के पृष्ठ 129 में स्मार्ट मीटरों के ऑपरेशनल खर्च पर 307 करोड़ तथा पृष्ठ 133 में लीज चार्ज खर्च हेतु 513.62 करोड-कुल 820.62 करोड़ के खर्च की वसूली की अनुमति मांगी है। चूंकि यह 820.62 करोड़ का खर्च एआरआर में जोड़ा गया है, अतः बिजली के रेट बढ़ाने में यह खर्च भी आधार बन जायेगा। अतः स्मार्ट मीटर फ्री नहीं है, यह प्रमाणित होता है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच में रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक आदि ने बताया कि ऊर्जा मंत्री का जवाब गुमराह करने वाला है।

# पहाड़ी से बाइक सहित नीचे गिरा युवक, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थाने में सूचना प्राप्त हुई कि खुलरी और डुडवारा रोड के बीच पहाड़ी के पास मोड पर झाडियो मे साइकिल के नीचे एक व्यक्ति झाडियो में दबा पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस को खुलरी और डुडवारा रोड के बीच पहाड़ी के पास मोड पर हाइटेंशन लाइन के पास व्यक्ति मोटर साइकिल के नीचे झाडियो मे दबा पड़ा मृत अवस्था मे मिला। जिसके भाई मंजू भूमिया उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बरखेड़ा थाना चरगंवा ने बताया वह एवं उसका बड़ा भाई संजय भूमिया मजदूरी करते है। भाई संजय मोटर साइकिल से बरखेड़ा से डुडवारा अपने चाचा के लड़के पास जा था। खुलरी के आगे पहाड़ी के पास मोड़ पर पहुंचा तभी उसकी मोटरसाइकिल बहक गई और संजय नीचे गिर गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# रेल परिसर में गंदगी फैलाने वालों से वसूला लाखों का जुर्माना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 की अवधि में जबलपुर मंडल में कुल 7,762 मामलों में कार्रवाई की गई, जिससे रेलवे को रुपए 15 लाख 53 हजार 745 से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। केवल फरवरी माह में ही 477 यात्रियों को ट्रेनों या स्टेशनों पर गंदगी फैलाने के लिए पकड़ा गया, जिन पर आर्थिक दंड लगाकर रेलवे को रुपए 95 हजार से अधिक का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।

# पुराने विवाद पर युवक की बेरहमी से हत्या, क्षेत्र में बनी तनाव की स्थिति

## मझौली थाने का मामला, क्षेत्र में पुलिस बल तैनात





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मझौली थाना क्षेत्र के गांव पडुआ पिपरिया में बुधवार दोपहर पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई है। मृतक की पहचान अजय ठाकुर उर्फ अज्जू ठाकुर, निवासी खबरा के रूप में हुई है। बताया गया कि वह गांव की गली से गुजर रहा था, तभी पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो गई और मामला हिंसक हो गया। जानकारी के मुताबिक विवाद के दौरान आरोपियों ने अजय ठाकुर के सिर पर तेज वार किया। गंभीर चोट लगने के कारण वह मौके पर ही गिर गया और उसकी मौत हो गई। इस मामले में 20 वर्षीय मयंक सेन मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही मझौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। इस वारदात के बाद तनाव की स्थिति बन गई। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और हालात पर नजर रखी जा रही है।

# बुजुर्ग का लहूलुहान शव मिलने से मचा हड़कंप

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर गांव के पास जंगल में बुधवार को एक बुजुर्ग का लहूलुहान शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 62 वर्षीय हल्लू कोल के रूप में हुई है, जो ककरहाई तालाब के पास खेत की रखवाली करते थे। हल्लू कोल का शव छतरपुर गांव से लगभग ढाई किलोमीटर दूर सुनसान जंगल में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि मृतक के सिर पर गहरे घाव के निशान थे और घटनास्थल पर खून भी बिखरा हुआ था।



इस मामले में थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। प्रारंभिक जांच में सिर पर गंभीर चोट के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने भी इस घटना को हत्या बताया है और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। थाना पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।















हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**